सुप्रभात
रांची, रविवार
25.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 309



12 कांस में आलिया ने किया धमाकेदार डेब्यू

## केंद्र-राज्य टीम इंडिया की तरह काम करे तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं : मोदी

# झारखंड के विकास में केंद्र की मदद जरूरी : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नयी दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में डेडिकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित राज्यों से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसमें गांवों को जोड़ना सबसे जरूरी है। विकसित भारत की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल, किसानों के विकास, पूर्ण शिक्षा, आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत विकास है। इसके लिए झारखंड सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से पीएम मोदी को अवगत कराया। साथ ही केंद्र पर बकाया राशि की भी चर्चा की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नीति आयोग के अध्यक्ष अमिताभ कांत और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारी मौजूद थे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत के लिए हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। टीम की तरह चलना होगा। अगर केंद्र और सभी राज्य टीम इंडिया की तरह एकजुट हो कर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। (शेष 11 पर)



### मंईयां योजना से महिलाएं बढ़ रहीं हैं आगे

झारखंड की मंईयां सम्मान योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार अपने बूते लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की राशि प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वैसे मजदूर, जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते हैं उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। राज्य में कोल बेस्ड मीथेन गैस की बहुतायत है। इसका तकनीकी रूप से इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है।

#### बैठक में सीएम हेमंत ने बकाया मुद्दा भी उठाया

**नीति आयोग की बैठक में हेमंत**
- विकसित राज्यों से ही बनेगा विकसित भारत
- माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर जोर
- विकास योजनाओं की गति बढ़ाने में मदद जरूरी
- विकसित भारत की कल्पना में गांवों को जोड़ने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले के साथ साथ अन्य खनिजों की बहुतायत है। इसके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है। खनन कंपनियों पर राज्य सरकार पर एक लाख 40 हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये बकाया है। इसे यथाशीघ्र मुहैया कराया जाये। इससे झारखंड जैसे गरीब राज्य में आर्थिक गति तेज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन के बाद कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाये। (पेज 2 भी देखें)

#### राज्य के अनुरूप बने केंद्रीय योजना

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि में वृद्धि होनी चाहिये। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट, उद्यम के लिए कारक बन रहे हैं। इसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है। बैठक में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल और योजना सचिव मुकेश कुमार शामिल थे।

## न्यूज डायरी

### इंग्लैंड दौरा पर शुभमन कप्तान, पंत उपकप्तान

**मुंबई।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआइ की चयन समिति ने शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा की। रोहित शर्मा के संन्यास ले लेने कारण गिल को नया कप्तान बनाया गया है। विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया है। इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेंगी। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये।

### फिर नीति आयोग की बैठक में नहीं गयीं ममता

**कोलकाता।** नयी दिल्ली में शनिवार को हुई नीति आयोग की बैठक में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं हुई। माइक्रोफोन विवाद के कारण वह पिछली बैठक में भी नहीं गयीं थी। उसके करीब एक साल बाद हुई बैठक में भी शामिल नहीं हुई। बैठक में पीएम मोदी ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को संबोधित किया और उनसे चर्चा की।

### जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने गहरा दुख जताया है।

### दुनियाभर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डाउन

**नयी दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) की सर्विस अचानक दुनियाभर में डाउन हो गयी है। हजारों यूजर्स ने शिकायत की है कि वे न तो कुछ पोस्ट कर पा रहे हैं और न ही कंटेंट सही तरीके से लोड हो रहा है। कई लोगों को फीड रिफ्रेश करने और दूसरे यूजर्स के प्रोफाइल खोलने में भी दिक्कत हो रही है। इस टेक्निकल गड़बड़ी को लेकर अब तक की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। ना ही यह बताया गया है कि सर्वर कब तक ठीक होगा या यह समस्या कितनी देर तक रह सकती है। यूजर्स इस बात से परेशान हैं कि उन्हें बिना किसी चेतावनी के ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब की सर्विस बाधित हुई है।

### तेल भरा टैंकर घाटी में पलटा, लूट ले गये लोग

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के समीप शनिवार की सुबह तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। उक्त टैंकर पश्चिम बंगाल से रिफाइन लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। इसी बीच कोडरमा घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें लोड रिफाइन तेल सड़कों पर बहने लगा। घटना के बाद आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए।

## कार्टून कोना




# अवैध घुसपैठ, माइनिंग, अपराध पर 27 को सीएम करेंगे बैठक

- समीक्षा बैठक में 16 एजेंडों को किया गया है शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन 27 मई को राज्य की विधि-व्यवस्था, अवैध घुसपैठ, माइनिंग, माब लिंचिंग समेत 16 प्रमुख एजेंडों पर उच्चस्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे। बड़ी आपराधिक घटनाओं सहित कुल गहन विचार-विमर्श होगा। प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इस अहम बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है। सीएम की बैठक से एक दिन पूर्व 26 को डीजीपी इन एजेंडों पर सभी एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस संबंध में 25 मई तक सभी एसपी को मुख्य एजेंडों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन सीआईडी और स्पेशल ब्रांच को तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है।

#### सीएम इन एजेंडों की करेंगे समीक्षा

राज्य में हुई बड़ी आपराधिक घटनाओं की स्थिति, उनके खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी की समीक्षा। साइबर अपराधों पर नियंत्रण, रोकथाम के उपाय और कार्रवाई की प्रगति। अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गये कदम। राज्य में अवैध घुसपैठ की समस्या और इसे रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनकी रोकथाम और पीड़ितों को न्याय दिलाने संबंधी प्रगति। नुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के प्रति होने वाले अत्याचारों पर नियंत्रण और उनसे जुड़े मामलों में कार्रवाई। बढ़ते भूमि विवादों और उनसे उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा। मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और ऐसी घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई। विधायकों, सांसदों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा। सांप्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के उपाय। राज्य में जारी अवैध खनन गतिविधियों और उन पर रोक लगाने पर हुई कार्रवाई। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर नियंत्रण के लिए उठाये गये कदम।

# जेजेएमपी सुप्रीमो समेत दो नक्सली ढेर

## लातेहार पुलिस ने मार गिराया, लंबे समय से बच निकलता था

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस ने शुक्रवार को एक जबरदस्त मुठभेड़ जेजेएमपी का सुप्रीमो एरिया कमांडर पप्पू लोहार उर्फ सूर्यदेव लोहार और एक सब जोनल कमांडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात गंझू को मार गिराया। पप्पू लोहरा पर दस और प्रभात गंझू पर 5 लाख का ईनाम था। लातेहार सदर थाना क्षेत्र के सलैया जंगल के पास शुक्रवार की देर रात यह मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में गोली लगने से एक जवान भी घायल हो गया है। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उसे रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पलामू रेंज के डीआईजी वाई एस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। लोहरा का आतंक झारखंड के सभी इलाकों में था। पिछले डेढ़ दशक में उसने दर्जनों नक्सल हमले को अंजाम दिया है और दर्जनों की हत्या की है। पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके से पप्पू लोहरा कारोबारियों को लेवी वसूलता था। एक दशक से झारखंड पुलिस एवं सुरक्षा बल टारगेट करके अभियान चला रहे थे। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कई बार पप्पू लोहरा बच गया था।



#### घायल जवान से अस्पताल में मिले संजय सेठ

लातेहार मुठभेड़ में झारखंड पुलिस के घायल जवान अवध सिंह को बेहतर इलाज के लिए लातेहार से रांची लाया गया। रांची के राज अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अस्पताल पहुंच कर घायल जवान का हाल चाल जाना। रक्षा राज्य मंत्री ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

#### एक घायल नक्सली धराया

ऑपरेशन की जानकारी देते हुए आइजी, डीआइजी के साथ एसपी कुमार गौरव ने बताया कि एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अफसरों ने इस आपरेशन को बड़ी उपलब्धि बतायी। साथ ही कहा कि यह अभियान नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी कार्रवाई का परिणाम है। लातेहार एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पप्पू लोहार अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। एसपी के निर्देश पर जिला पुलिस के सैट के पदाधिकारी एवं बल के साथ जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस देखते ही उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## यूएन में भारत ने पाक को लताड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया। भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता को आंशिक रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसका असर पाकिस्तान पर सीधे दिख रहा है, जहां पानी की भारी किल्लत शुरू हो गई है। जल संकट से जूझता पाकिस्तान अब संयुक्त राष्ट्र की चौखट पर पहुंच गया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में यह मुद्दा उठाया और भारत पर आरोप लगाया कि वह जल संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। मगर भारत ने इस मुद्दे पर एकदम साफ और सटीक जवाब दिया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने पाकिस्तान की शिकायतों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जल संधि की मूल भावना का बार-बार तिरस्कार किया है। जब कोई देश आतंकवाद को प्रायोजित करता है और उसी देश से बार-बार हमलों की साजिशें रची जाती हैं, तो ऐसे में कोई भी समझौता टिक नहीं सकता। पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तीन युद्ध लड़े और हजारों आतंकी हमलों को अंजाम दिया।

## पुलिसकर्मी ने चुरायी शराब, निलंबित

पटना। पाटलिपुत्र थाने के तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर जब्त शराब गायब करने का आरोप है। इसमें में महिला दारोगा आशा कुमारी और एएसआइ पंकज कुमार व राजेश कुमार शामिल हैं। सिटी एसपी ने आरोपितों को निलंबित करने के साथ विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है। इससे दूसरे थानों में हड़कंप है। निलंबित करने के साथ उन पर विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है।

## डोभा में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** कोवाली थाना अंतर्गत फूलझारी गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में संजीत सरदार की तीन वर्षीय बेटी रस्मिता सरदार और राजेश सरदार का डेढ़ वर्षीय पुत्र आशीष सरदार शामिल हैं। दोनों बच्चे घर के पास एक छोटे तालाब (डोभा) में बतख देखने के बहाने निकले थे। एक ग्रामीण ने डोभा में बच्चों को तैरता देख तुरंत गांव में सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और गंभीर स्थिति में उन्हें नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है।

## कोरोना के नये वेरिएंट को ले झारखंड अलर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश में कोविड-19 के दो नये वेरिएंट सामने एनबी-1.8.1 और एलएफ-7 पहले वेरिएंट के कई मामले सामने आये हैं। यह जानकारी भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम ने दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दोनों वेरिएंट पर नजर रखी जा रही है। इससे संबंधित जो भी आंकड़े आ रहे हैं, उनका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने यह भी साफ कर दिया है कि दोनों ही वेरिएंट चिंताजनक कैटेगरी में नहीं हैं। वहीं इन मामलों को देखते हुए झारखंड सरकार अलर्ट मोड में है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। हालांकि झारखंड में अभी कोई मामले सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि लोगों में कोविड-19 के प्रति इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। इस कारण यहां नये वेरिएंट का खतरा कम है। यह काफी वीक है। इससे बहुत घबराने की जरूरत नहीं है।

#### विदेशों में वृद्धि जारी

खबरों के अनुसार चीन और एशिया के कुछ अन्य हिस्सों में जो भी मामले आये हैं, वे इन्हीं वेरिएंट से जुड़े हुए हैं और लगातार उनकी वृद्धि भी हो रही है। जानकारी के अनुसार गुजरात में एलएफ-7 वेरिएंट के चार मामले सामने आये हैं। जबकि तमिलनाडु में एनबी.1.8.1 वेरिएंट का मरीज मिला है। तमिलनाडु में इसकी पुष्टि अप्रैल महीने में हुई थी। गुजरात का मामला इसी महीने का है। भारत में कई राज्य सरकारों ने एहतियाती कदम भी उठाये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ने बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ इस पर चर्चा की।

# केरल पहुंचा मॉनसून, 16 साल बाद इतनी जल्दी एंट्री

- आइएमडी ने दस राज्यों को आंधी-पानी की दी चेतावनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस बार मानसून ने अपने तय समय से पहले ही भारत में दस्तक दे दी है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के अनुसार, शनिवार सुबह दक्षिण भारत के द्वार केरल में मानसून ने आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। यह वर्ष 2009 के बाद पहली बार है जब मानसून इतनी जल्दी भारतीय उपमहाद्वीप में पहुंचा है। तब भी मानसून 23 मई को केरल में आया था। इसके साथ ही देश के कई हिस्सों में मौसम बिगड़ गया है। तेज हवाएं, बिजली की गड़गड़ाहट और काले बादल छा गये हैं। आइएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे कई राज्यों के लिए बहुत खतरनाक हो सकते हैं। केरल से दिल्ली तक विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। (शेष 11 पर)

#### 10 जून तक झारखंड आने की उम्मीद



शनिवार को केरल पहुंचने साथ ही मॉनसून के 10 जून से पहले झारखंड में दस्तक देने की संभावना है। अपने निर्धारित समय से यह लगभग एक सप्ताह पहले ही केरल में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस वर्ष झारखंड में मॉनसून की अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं 28 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन, बारिश और तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के जगरनाथपुर में 56.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी।

#### 10 राज्यों को चेतावनी, रेड अलर्ट

देश के कई हिस्सों में मौसम बिगड़ गया है। तेज हवाएं, बिजली की गड़गड़ाहट और काले बादल छा गये हैं। आइएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे कई राज्यों के लिए बहुत खतरनाक हो सकते हैं। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र, उत्तराखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जम्मू, रियासी, सांबा, कठुआ, उज्जैन, आगर मालवा और रत्नागिरी शामिल हैं। इन जगहों पर तेज हवाएं (60 किमी/घंटा से ज्यादा), भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। तेज आंधी-पानी से पेड़ उखड़ सकते हैं। फसलें बर्बाद हो सकती हैं। सड़कें और बिजली के खंभे गिरने का खतरा है। लोगों और किसानों को इस दौरान सतर्क रहने को कहा गया है। किसानों से कहा है कि वे कुछ दिनों तक खेतों में काम न करें और मौसम ठीक होने का इंतजार करें। कमजोर दीवारों और टिन शेड वाले घरों से दूर रहें। पक्के घरों में शरण लें। पेड़ों, बिजली के खंभों या खुले मैदानों में न खड़े हों।

**कैसे होती है मानसून की घोषणा:** मौसम विभाग के अनुसार, जब मई 10 के बाद 14 विशेष स्टेशनों में से कम से कम 60% स्टेशनों पर लगातार दो दिन तक 2.5 मिमी या उससे अधिक बारिश होती है, साथ ही हवा की दिशा दक्षिण-पश्चिमी होती है और बादलों की उपस्थिति कम रहती है, तब मानसून के आगमन की आधिकारिक घोषणा की जाती है। इस बार ये सारे मानक पूरे हुए। देशभर में सामान्य मानसून के लिए उत्तर-पश्चिम भारत में हीट लो का बनना जरूरी होता है। विशेषज्ञों का अनुमान सही निकला और मानसून तय समय से पहले पहुंच गया।

# 300 किमी अंदर जाकर पाक सिस्टम तबाह किया, सबूत हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने किस तरह से पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले किये थे, इसके बारे में छन-छनकर जानकारी सामने आ रही है। जिस पाकिस्तान ने यह दावा किया था कि मात्र 48 घंटे में वह भारत के सभी एयरबेस को तबाह कर देगा, कुछ ही घंटों में वह घुटनों पर आ गया। यह सबकुछ हुआ 10 मई की रात को और पाकिस्तान ने इसके बारे में सोचा भी नहीं था कि भारत की ओर से इतना प्रचंड हमला होगा। भारतीय एयरफोर्स के पास पाकिस्तान के एफ जेएफ-17 और दो एफ-16 विमानों के गिराये जाने का भी सबूत उपलब्ध है। भारतीय एयरफोर्स के तेज हमले पाकिस्तानी एयरफोर्स पूरी तरह से हतोत्साहित हो गया। उसके एयरबेस और एयर डिफेंस सिस्टम को बड़ी क्षति पहुंची। भारत ने पाकिस्तानी हमले के जवाब में स्कैल्प और ब्रह्मोस मिसाइल का साथ-साथ प्रयोग किया था, ताकि जो टारगेट है, वह हर हाल में हिट हो। एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर हमला करने के लिए राफेल के जरिए स्काल्प मिसाइल को दागा गया था। इसके साथ ही एसयू 30एमकेआई के जरिए ब्रह्मोस को भी छोड़ा गया था। भारत ने उसी रात जैकोबाबाद और भोलारी एयर बेस पर भी हमला किया था। भोलारी पर सबसे आखिर में हमला किया गया था।

नीति आयोग की बैठक में सीएम ने केंद्र-राज्य के बीच राजस्व बंटवारे पर भी रखी बात

# झारखंड को अपेक्षित सहयोग मिलने से विकसित भारत की परिकल्पना होगी साकार : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि 16 वें वित्त आयोग द्वारा संघीय व्यवस्था में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे के संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया बनायी गयी है। राजस्व के वर्टिकल डेवल्यूशन 41% से करते हुए 50% होने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभाज्य पूल का आकलन केंद्र सरकार द्वारा वसूला जाता है। सभी उपकर, अधिभार को घटाते हुए यह किया जाता है। इसका कोई अंश विभाज्य पूल में सम्मिलित नहीं होता है। वर्ष 2017 से जीएसटी अधिनियम लागू होने के उपरांत झारखंड जैसे विनिमार्ता राज्य के लिए पूर्व के वैट से राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रारंभिक 5 वर्षों के लिए राज्य को 14% प्रोटेक्टेड रेवेन्यू के अनुसार कंपनसेशन की राशि मिली है। जून 2022 के बाद से राशि न मिलने से राज्य को हजारों करोड़ के राजस्व की हानि हो रही है।

### विशेष केंद्रीय सहायता सभी 16 जिलों में लागू रहे



मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद की समस्या से निवारण के लिए केंद्रीय पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। इसे सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से खत्म करने की आवश्यता है। नक्सल समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य के 16 जिले इससे प्रभावित थे, जो कि अब 2 जिलों पश्चिमी सिंहभूम एवं लातेहार तक सिमट गया है। फिर भी विशेष केंद्रीय सहायता को सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत @2047 झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान होने से विकसित झारखंड और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। बैठक में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल और योजना सचिव मुकेश कुमार शामिल थे।

### मजदूरों के कल्याण व सुरक्षा को लेकर सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड में विषम बाहर रह रहे प्रदेश के मजदूरों को राज्य सरकार के स्तर पर सहायता दी गयी। कैमरून में फंसे मजदूरों को राज्य सरकार ने अपने व्यय से वापस बुलाया। वैसे मजदूर, जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते हैं उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी होनी चाहिये।

### राज्य में कोल बेस्ड मिथेन गैस की बहुतायत

राज्य में कोल बेस्ड मीथेन गैस की बहुतायत है। इसका तकनीकी इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है। नतीजा, आधारभूत संरचना के लिए क्लियरेंस में देरी अवरोध बनती है। इसका निवारण किया जाए और पूर्वोत्तर को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी प्रदान कराई जाये।

### केंद्रीय योजनाओं के मानदंड में बदलाव पर जोर

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग को बताया कि झारखंड सरकार सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाएं बनायी है। इसमें पेंशन योजना, मइयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य योजन प्रमुख हैं। उन्होंने केंद्रीय योजनाओं के मानदंड में कुछ बदलाव की आवश्यकता बतायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 25 लाख परिवारों को 5 किलो चावल प्रतिमाह, आयुष्मान योजना से वंचित 28 लाख परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए, ताकि प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर स्वास्थ सेवाएं मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिये। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट, उद्यम के लिए कारक बन रहे हैं। इसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है।

जेपीएससी मुख्य परीक्षा के रिजल्ट पर भाजपा ने उठाये सवाल, कहा

# आरक्षण का श्रेणीवार रिजल्ट नहीं निकला, जेपीएससी ने इस परीक्षा को भी बना दिया संदिग्ध : प्रतुल शाहदेव

■ निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ श्रेणीवार परीखा परिणाम प्रकाशित हो




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने जेपीएससी द्वारा मुख्य परीक्षा के निकाले गए परिणाम पर प्रश्न खड़ा किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आयोग का वेबसाइट लिखता है कि आयोग का उद्देश्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। भारत का संविधान का आर्टिकल 15 एवं 16 एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस एवं अन्य श्रेणियां में भी आरक्षण का प्रावधान है। परंतु जेपीएससी ने बिल्कुल सपाट तरीके से किसी लॉटरी के परिणाम की तरह परीक्षा का रिजल्ट निकाल दिया है। इससे यह पता नहीं चल पा रहा की एससी, एसटी, ओबीसी एवं अन्य आरक्षित वर्गों को निर्धारित कोटा मिला और ढाई गुना से ज्यादा विद्यार्थियों को इंटरव्यू में बुलाने की प्रक्रिया का पालन हुआ है कि नहीं। उन्होंने कहा अगर आरक्षण के श्रेणी वार कोटा को स्पष्ट करते हुए जेपीएससी परिणाम निकालता तो सिस्टम में पारदर्शिता दिखती। प्रतुल ने कहा की श्रेणी वार परिणाम निकालने से उम्मीदवारों को भी स्पष्ट होता कि उनकी मेरिट में क्या स्थिति है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कार्मिक विभाग ने 19 दिसंबर, 2023 को गजट नोटिफिकेशन के अंतर्गत झारखंड कंबाइंड सिविल सर्विस एग्जामिनेशन रूल्स 2023 को लागू किया था। इस अधिसूचना में ही यह स्पष्ट किया गया है की अलग-अलग वर्गों के लिए अलग-अलग कट ऑफ मार्क्स होगा। जिसमें एससी, एसटी, महिलाएं, अति पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर-1, पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर-2, आदिम जनजाति और ईडब्ल्यूएस शामिल है। इसी अधिसूचना में स्पष्ट लिखा गया है की मुख्य परीक्षा के लिखित परिणाम में हर कैटेगरी के ढाई गुना से ज्यादा अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर कट ऑफ मार्क्स को भी कम करने का प्रावधान दिया गया है लेकिन जेपीएससी द्वारा प्रकाशित रिजल्ट में किसी भी श्रेणी का उल्लेख नहीं है जो कि संदेह पैदा करता है। परीक्षा परिणाम से यह भी संदेह उत्पन्न होता है की क्या आरक्षित वर्गों को उनका हक मिल पाया या नहीं। या फिर इस बार भी झारखंड से बाहर के लोगों को ज्यादा सिलेक्शन हो गया? सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और जेपीएससी को भी चाहिए कि वह अविलंब श्रेणी वार परीक्षा परिणाम प्रकाशित करें। अन्यथा एक बार फिर से जेपीएससी का आचरण संदेह के घेरे में आ जाएगा। प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

# सरना धर्म कोड पर आदिवासियों को ठगने में लगी कांग्रेसः चंपई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने सरना धर्म कोड के मसले पर झारखंड के आदिवासियों को ठगने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर कहा कि सरना धर्म कोड के नाम पर राजनीति करने का ड्रामा कर रही कांग्रेस को कोई याद दिलाए कि अंग्रेजों के जमाने (1871) से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को 1961 में कांग्रेस की सरकार ने ही हटाया था। क्या ये लोग भूल चुके हैं कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की पिछली सरकार (2014) ने सरना धर्म कोड की माँग को अव्यावहारिक बताते हुए ठुकरा दिया था। चंपई ने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार आदिवासियों पर गोली चलवाने वाले इन लोगों ने अलग झारखंड राज्य और संथाली भाषा को मान्यता देने के नाम पर हमेशा आदिवासी समाज को ठगने का काम किया। अगर केन्द्र में अटलजी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार नहीं बनी होती, तो शायद अभी तक ना झारखंड राज्य बना होता, ना ही संथाली भाषा को मान्यता मिली होती। उन्होंने कहा कि हर बार आदिवासी समाज को धोखा देने वाली कांग्रेस को आदिवासियों के मुद्दों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उनके शीर्ष नेतृत्व को सबसे पहले अपनी इन करतूतों के लिए देश भर के आदिवासी समाज से माफी मांगनी चाहिये।

# प्रार्थी को प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित करे जेपीएससी : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन की प्रारंभिक परीक्षा में अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के एक अभ्यर्थी को असफल घोषित करने संबंधी मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। चीफ जस्टिस एसएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुनाते हुए प्रार्थी को असफल घोषित करने के जेपीएससी के मेल को रद्द कर दिया। साथ ही जेपीएससी को आदेश दिया है कि वह प्रार्थी को पीटी परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित करे। खंडपीठ ने अपने जजमेंट में कहा है कि जेपीएससी ने प्रार्थी को अनारक्षित श्रेणी में लाकर संविधान के आरक्षण के प्रावधानों को



दरकिनार किया है, प्रार्थी को उसके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। किसी के संवैधानिक हक के दावे को आप रोक नहीं सकते हैं।

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि समाज के वर्गों में जो असमानता है उसकी रक्षा के लिए जो संविधान में प्रावधान किये गये हैं, उसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। दरअसल, प्रार्थी दीपक कुमार ने सिविल जज जूनियर डिवीजन पीटी परीक्षा में एससी कैंडिडेट के रूप में अपना आवेदन फॉर्म भरा था। फार्म में उन्होंने अपनी कैटेगरी का उल्लेख तो जरूर किया था लेकिन होरिजेंटल या वर्टिकल आरक्षण के कॉलम में नहीं लिख दिया था। प्रार्थी ने पीटी परीक्षा में अपने एससी वर्ग में कट ऑफ मार्क्स 32 से 4 अंक अधिक यानी 36 अंक लाया था। लेकिन जेपीएससी ने होरिजेंटल या वर्टिकल आरक्षण कॉलम 'नहीं' भरने पर उन्हें सामान्य वर्ग में ट्रीट करते हुए 31 जुलाई 2024 को ईमेल भेजते हुए उन्हें सामान्य वर्ग मानते हुए असफल कर दिया था। प्रार्थी की ओर से उनके अधिवक्ता वंदना सिंह एवं राजेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थी अपने एससी वर्ग में कट ऑफ से अधिक अंक लाया है इसलिए उसे सफल घोषित किया जाए।

### डॉ नंदनी कुमारी इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन की राष्ट्रीय प्रवक्ता बनीं



**रांची।** इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन ने बीएयू के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ नंदनी कुमारी को एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। आइवीए देश के 60 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की शीर्ष संस्था है। आइवीए के अध्यक्ष डॉ उमेश चन्द्र शर्मा द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार राष्ट्रीय प्रवक्ता संस्था की आधिकारिक आवाज होते हैं जो जनता, मीडिया और प्रमुख हितधारकों के लिए आइवीए की स्थिति, नीतियों और प्रतिक्रियाओं की अभियक्ति और सम्प्रेषण करते हैं। जिसका उद्देश्य संगठन की छवि बनाए-बढ़ाए रखना और अनुकूल जन भावना का निर्माण करना है।

# 16वें वित्त आयोग की बैठक को सफल बनाने के लिए टीम गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 16वें वित्त आयोग की टीम चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को झारखंड आएगी। वित्त आयोग का राज्य दौरे का कार्यक्रम 28 से 31 मई तक प्रस्तावित है। आयोग के आगमन से लौटने तक के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम के सफल प्रबंधन तथा सुगम तरीके से कार्यों के संचालन के लिए चार आईएएस सहित कुल छह अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न दलों का गठन किया गया है। राज्य सरकार ने इस संदर्भ में कार्यकाल आदेश जारी कर दिया है। चार दिवसीय दौरे में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में राजधानी के प्रोजेक्ट भवन में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राज्य सरकार के प्रतिनिधि विशेष केंद्रीय सहायता के तहत संचालित योजनाओं को आगे भी जारी रखने की मांग करेंगे।

वहीं, आयोग की टीम वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करने के अलावा देखेगी कि सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में राज्य में क्या काम हुआ है। आयोग केंद्रीय अनुदान तथा सहायता के बारे में जानकारी लेगी कि उनका किस तरह से खर्च किया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार भी आयोग के समक्ष केंद्रीय सहायता के तहत मिलने वाली राशि की भी मांग करेगी। किन अधिकारियों के नेतृत्व में दलों का गठन जिन अधिकारियों के नेतृत्व में छह दलों का गठन किया गया है, उसमें विशेष सचिव अमित कुमार, राजेश्वरी बी., शशिभूषण मेहरा, अपर सचिव विजय कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह और ओएसडी अविनाश कुमार सिंह का नाम शामिल है।

### 30 मई तक आवेदन करने वालों को ही मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड ने स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लिए जाने के संबंध में जरूरी सूचना जारी की है। झारखंड आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने बताया कि राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजनांतर्गत कैटेगरी-ए अंतर्गत राज्य सरकार के नियमित कर्मचारी और कैटेगरी-बी अंतर्गत पेंशनर एवं आश्रित पेंशनर 30 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पोर्टल पर जमा करें। आवेदन करने से पूर्व इसे अपने डीडीओ से सत्यापन एवं प्रीमियर राशि का भुगतान (यदि लागू हो) करना सुनिश्चित करें। 31 मई के बाद आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जायेगा।

# आगामी 24,25, 26 अगस्त को होगा सीपीआई का झारखंड राज्य सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक वरिष्ठ नेता कॉम. सूरजपत सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में राजनीतिक एवं सांगठनिक रिपोर्ट राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पेश किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24, 25, 26 अगस्त को रांची में तीन दिवसीय राज्य का सम्मेलन होगा। 24 अगस्त को रांची में विशाल आम सभा की जाएगी। वहीं 19 जुलाई को श्रमिक संगठनों के आवाहन पर आहूत आम हड़ताल के समर्थन में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में दो घंटा




का चक्का जाम पूरे झारखंड में किया जाएगा। कार्यालय सचिव अजय सिंह ने बताया कि जून महीने में ब्रांच से लेकर अंचल एवं जिला का सम्मेलन के साथ-साथ राज्य में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी के निर्माण के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार विधानसभा परिसर में अभिलंब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करे।

बैठक में महेंद्र पाठक, रामस्वरूप पासवान, अनिरुद्ध कुमार, रुचिर तिवारी, महादेव राम, पशुपति कॉल, अर्जुन यादव, नीमन यादव, मेवा लाल प्रसाद, अंबुज ठाकुर, गणेश सिंह, सुरेश ठाकुर, महादेव राम, कृष्णा मेहता, नीमन यादव, गणेश महतो, बाबूलाल झा, अशोक यादव, धर्मवीर सिंह के साथ कई लोग मौजूद थे।

रक्षा राज्य मंत्री का आतंकवाद और नक्सलवाद पर दो टूक, कहा

# आतंकवाद और नक्सलवाद पर जारी रहेगा प्रहार

■ ट्रैफिक चालान मामले में रियायत बरते सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद पर मोदी सरकार का स्टैंड क्लियर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इन दोनों ही ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। श्री सेठ ने कहा कि आतंकवाद मुक्त और नक्सल फ्री भारत देश के बड़े अभियान हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में इन दोनों ही अभियानों पर बेहतर काम हो रहे हैं। ऑपरेशन



सिंदूर से हमने आतंक के आकाओं की कमर तोड़ी है। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो हमारी सेनाएं खुद समय और स्थान तय करके जवाब देंगी। परमाणु बम की गीदड़ भभकी से भारत डरेगा नहीं। आतंक के आकाओं और आतंक परस्त सरकार दोनों को अलग नहीं देखा जाएगा।

**पावर कट की समस्या का समाधान हो :** श्री सेठ ने कहा कि पावर कट से राजधानी रांची की जनता परेशान है। ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहे हैं। बिजली की तार और पोल की समस्या से लोग परेशान हैं। नियमित रूप से लोगों को बिजली बिल मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित हो। ससमय बिल नहीं मिलने से परिवारों पर बिल का अतिरिक्त बोझ होता है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए सरकार को सख्त होना चाहिए, परंतु सख्ती की आड़ में आम जनता के साथ बर्बरता नहीं होनी चाहिए। जिस तरह से चालान काटा जा रहा है, यह विशुद्ध रूप से जनता का दोहन और शोषण करने जैसा है। दो पहिया वाहनों पर 30-30 हजार रुपये के चालान मिल रहे हैं। सरकार ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करें और एक कैंप लगाकर इतने बड़े पैमाने पर जो चालान काटे गए हैं, उसमें रियायत, समाधान करें। यहां कई परिवार हैंड टू माउथ हैं। ऐसे परिवारों का ख्याल रखना चाहिए। एक तरफ मइंया योजना का प्रचार कर रहे, दूसरी तरफ ऐसे परिवारों के सिर पर चालान का बोझ दे रहे। मंत्री ने नशाखोरी के बढ़ते मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि रांची में ब्राउन शुगर का मामला बढ़ रहा है। जिस अनुपात में पुलिस कार्रवाई कर रही है, उससे कई गुना अधिक अनुपात में इसकी खरीद बिक्री हो रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए एक अलग से टीम का गठन हो, जो ऐसी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें।

# झारखंड महिला कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी संगठन में आबादी के हिसाब से मिलेगी भागीदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत और धारदार बनाने में लगी हुई है। एक तरफ जहां कांग्रेस राज्य भर में संगठन सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड कांग्रेस की महिला इकाई में भी बड़े बदलाव की तैयारी अंतिम चरण में है।

राज्य में महिला कांग्रेस में प्रदेश से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह खुद महिला कांग्रेस की प्रदेश से लेकर प्रखंड तक की पार्टी पदाधिकारियों के एक-एक एक्टिविटी, पार्टी के कार्यक्रमों, मीटिंग और लोकसभा, विधानसभा चुनाव में उनकी भागीदारी का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार कर रही हैं।



प्रदेश महिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी में रहकर पार्टी को ही टोपी पहनाने वाले महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और नेताओं के लिए जिला और प्रखंड महिला कांग्रेस में जगह नहीं है। ये सभी हमारी बहनें हैं, इसलिए उन्हें कांग्रेस मुख्यालय में कहीं न कहीं और किसी पद पर एडजस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक महिला होने के नाते वह समझ सकती हैं कि घर परिवार के साथ-साथ पार्टी के लिए भी समय निकालना आसान नहीं होता। लेकिन उन्हें पार्टी को भी मजबूत बनाना है, इसके लिए जरूरी है कि महिला कांग्रेस में जिला, प्रखंड और पंचायत कमेटी पूरी तरह से समर्पित और जुझारू हो।

### मई के अंत तक होगा बदलाव

झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि जल्द उनके द्वारा तैयार सूची प्रदेश प्रभारी और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को भेजा जायेगा। वहां से सहमति मिलते ही नए पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने साफ किया कि महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों की नई सूची में इस बात का पूरा ख्याल रखा जाएगा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसे उतनी भागीदारी संगठन में मिले।

# जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू नहीं कर आदिवासियों के अस्तित्व को खत्म करना चाहती है केंद्र सरकार : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने सरना धर्म कोड मामले में केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जनगणना में आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड का कॉलम हटाकर केंद्र सरकार आदिवासियों के अस्तित्व को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुओं की गणना करती है लेकिन आदिवासियों को धार्मिक आधार पर पहचान नहीं देना चाहती। सुखदेव भगत शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।




सुखदेव भगत ने कहा कि जनगणना लगातार होता रहा है, जनगणना फॉर्म के कॉलम में अन्य धर्म का कॉलम था। पूर्व में 90 लाख लोगों ने अन्य धर्म का कॉलम दर्ज किया था, इसमें से 50 लाख लोगों ने सरना धर्म लिखा था लेकिन सुनियोजित षड्यंत्र के तहत आदिवासियों के धार्मिक अस्तित्व को मिटाने के लिए इस बार अन्य का कॉलम हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं पूरे देश में आदिवासियों की जनसंख्या 15 करोड़ है। इसके अतिरिक्त 40 लाख जैन धर्मावलंबी, 80 लाख बौद्ध धर्मावलंबी और दो करोड़ की सिख समुदाय की आबादी है, जो अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं, जिनके लिए अलग धर्म का कॉलम है लेकिन विडंबना है कि सरकार ने प्रकृति पूजक आदिवासियों के धार्मिक पहचान आस्था और परंपरा को गौण कर दिया है।

सुखदेव भगत ने कहा कि कांग्रेस ने 2014 के घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड देने का वादा किया था। कांग्रेस के वादे के मुताबिक मैने सरना धर्मकोड के बारे में झारखंड विधानसभा में प्रश्न किया था। भाजपा सरकार खामोश रही। 22 जुलाई 2024 को संसद में सवाल किया सरकार चुप है। सबका साथ सबका विकास की बात करने वाली भाजपा सरकार आदिवासियों का विनाश चाहती है।

कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना की मांग करने पर भाजपा कहती थी जो जाति की बात करेगा उसे लात मिलेगी, लेकिन कांग्रेस के संघर्ष और राहुल जी के अडिग नेतृत्व ने भाजपा सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया है। केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने के लिए तैयार हो गयी है। उन्होंने कहा कि अगर देश में जातिगत जनगणना होगी तो उसके पूर्व आदिवासियों को अलग सरना धर्म कोड का कॉलम आवंटित करना होगा।

राजेश कच्छप ने कहा कि झारखंड सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर सरना धर्म कोड बिल पास कर केंद्र के पास भेजा है लेकिन जानबूझकर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। इसके बावजूद हम हम फ्रंट फुट पर लगातार इसके लिए लड़ाई जारी रखेंगे। अगर धर्मकोड लागू नहीं करेंगे तो कांग्रेस सड़क से सदन तक भाजपा नेताओं को बेनकाब करेगी।

पूर्व विधायक जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरना धर्मकोड की लड़ाई नई नही है, पिछले कई वर्षों से यह जारी है,सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरे हिंदुस्तान के आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरना कोड लागू करने के लिए किसी प्रकार के संविधान संशोधन की आवश्यकता नहीं है सिर्फ कैबिनेट के निर्णय की आवश्यकता है फिर भी केंद्र करना नहीं चाहती है।

स्पीड न्यूज

## दयानंद पब्लिक स्कूल में आग, कई दमकलों ने काबू पाया



**जमशेदपुर।** दयानंद पब्लिक स्कूल, नार्दन टाउन के भवन में देर शाम शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गयी। आग की लपटे देख कर स्थानीय लोगों ने टाटा स्टील दमकल विभाग को फोन किया। दमकल टीम पहुंची और काफी मेहनत करके आग पर काबू पाने में कामयाब हो पायी।

## प्रतिबंधित मांस मिलने से ग्रामीण भड़के, मारपीट



**गम्हरिया।** शुक्रवार की देर शाम गम्हरिया के दुग्धा गांव के झुरकुली रेलवे फाटक के समीप प्रतिबंधित मांस मिलने के क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इसमें ग्रामीण ही दो गुटों में बंट गये हैं जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं। एक पक्ष गांव के ही कुछ युवकों पर गौ हत्या करने वाले लोगों का साथ देते हुए हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि इसको लेकर प्रथम पक्ष के सैकड़ो अधिक लोगों ने बस्ती के ही सुकुरमनी माझी के घर पर धावा बोल उसके पुत्र सोनाराम मार्डी को जबरदस्ती घसीट कर बाहर निकाल कर जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बेटे को बचाने आई उसकी मां के साथ भी गाली गलौज व मारपीट की गई। मौके पर पहुंची गम्हरिया पुलिस द्वारा ग्रामीणों के चंगुल से उन्हें बचाया गया। इधर, इस मामले को लेकर दोनों पक्षो द्वारा शनिवार को गम्हरिया थाना में जमकर प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। एक पक्ष के ग्रामीणों के समर्थन में जुटे हिंदूवादी संगठन विहिप, बजरंग दल व भाजपा के कार्यकताओं ने थाना पर प्रदर्शन कर गौ हत्या पर रोक लगाने और इस हत्या में शामिल राजू मार्डी को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान थाना प्रभारी से लिखित शिकायत भी की गई है। वहीं दूसरे पक्ष का समर्थन झामुमो ने किया है। उनके समर्थन में ग्रामीणों के साथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष भोमरा माझी के नेतृत्व में गम्हरिया पहुंचे सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने थाना में जमकर हंगामा करते हुए 50 से अधिक लोगों को आरोपित करते हुए एफआरआई दर्ज कराकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

## साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म के आरोपी बरी

**जमशेदपुर।** नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में जमशेदपुर कोर्ट ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। एडीजे-7 ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मणदीप उर्फ लक्ष्मण और उसके साथको साक्ष्य के अभाव में बरी किया। इस मामले में कुल तीन लोगों की गवाही हुई थी। घटना 23 फरवरी 2014 की है जबकि पीड़ित ने 5 मार्च 2014 कोएमजीएम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि आरोपी ने नौकरी का झांसा दिया और एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## बकरी चोरी के आरोप में दो युवक पिटाये, गंभीर

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत हरहरगुटटू पेट्रोल पंप के पास बकरी चोरी के आरोप में भीड़ ने दो युवकों की बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार देर शाम की है। घायल युवकों की पहचान कीताडीह निवासी सन्नी यादव और हरहरगुटटु निवासी चंदन मिश्रा के रुप में हुई है। बागबेड़ा पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और भीड़ फंसे युवकों को सुरक्षित निकाल कर सदर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया जहां सन्नी यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चंदन मिश्रा के मुताबिक वह अपने दोस्त सन्नी यादव के साथ टेम्पो में पैसेंजर लेकर महुलडीह गया था। वापसी में दोनों ने एक दुकान के पास सिगरेट पी जहां टेम्पो खड़ी करने को लेकर स्थानीय युवकों से कहा-सुनी हो गई। दोनों किसी तरह वहां से निकल गए किन्तु कुछ देर बाद 8 से 10 बाइक सवार युवकों ने उनका पीछा किया और भागने के क्रम में टेम्पो हरहर गुटटु पेट्रोल पंप के पास पलट गया।

# सिंहभूम चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह की तैयारी पूरी

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन
- स्वागत के लिये फेसी ऑडिटोरियम तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह का उद्घाटन रविवार, 25 मई को लोयला स्कूल के फेसी ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुण्डा एवं जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युतबरण महतो उपस्थित रहेंगे।

झारखंड सरकार के जनसंपर्क विभाग के मुताबिक लोकसभा के माननीय सभापति (स्पीकर) श्री ओम बिरला रविवार , दिनांक 25 मई , 2025 का सुबह 9:10 बजे ( दिल्ली से ) रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका आगमन होगा। तत्पश्चात वे सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद दिन के 12:15 से , दोपहर 2:00 बजे तक , जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंघभूम चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे वापस दोपहर 3:15 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डांगरटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, डीडीसी, एसडीओ व अन्य पदाधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला (इनसेट)।

### कार्यक्रम में आने के इच्छुक लोगों के लिए आवश्यक सूचना

- आगंतुक 11.30 बजे तक ऑडिटोरियम में अपना स्थान ग्रहण कर लें
- गाड़ियों की पार्किंग हेतु बेल्डीह क्लब और बीओसी गोल्फ ग्राउण्ड में व्यवस्था रहेगी तथा
- बुजुर्गो के लिये परेशानी से बचने के लिये लोयला स्कूल गेट से ऑडिटोरियम तक जाने के लिये बैटरी कार की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी
- कार्यक्रम में बच्चों की इन्ट्री तथा ऑडिटोरियम के अंदर किसी भी तरह के खाने-पीने की चीजें की सख्त मनाही होगी तथा वहां मोबाईल यूज करने की किसी को ईजाजत नहीं होगी या मोबाईल फोन साईलेंट अवस्था में रखना होगा।
- चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, भरत मकानी, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए. अनिल रिंगसिया ने सभी सदस्यों एवं आमंत्रित व्यापारी उद्यमियों से आग्रह किया है वे इस अवसर पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनायें।

इधर, चैम्बर के मानद महासचिव मानव केडिया ने जानकारी देते हुये कहा कि उद्घाटन समारोह की पूरी तैयारियां कर ली गई है तथा कायक्रम स्थल लोयला स्कूल फेसी ऑडिटोरियम को भी मुख्य अतिथि श्री ओम बिरला एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत कि लिये पूरी तरह सजा लिया गया है। इसके लिये चैम्बर पदाधिकारियों, कार्यकारिणी समिति तथा सदस्यों ने लगभग एक महीने पूर्व प्लेटिनम जुबिली समारोह तथा इसके उद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी थी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की पूरी टीम ने भी कार्यक्रम स्थल और कार्यक्रम के एक दिन पूर्व शनिवार, 24 मई को चैम्बर भवन का भी निरीक्षण किया।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चैंबर के प्लेटिनम जुबिली समारोह महीने भर चलने वाला है जिसका आगाज कल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा होगा। यह एक ऐसा पल है जब चैम्बर के हर सदस्य गर्व की अनूभूति महसूस कर रहा है।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव चर्चा की नहीं भारत की जरूरत है : रघुवर दास

- सांसद विद्युत महतो की अगुवाई में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर बिष्टुपुर तुलसी भवन में संगोष्ठी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा, महत्व, चुनौतियों और संभावनाओं पर व्यापक चर्चा करने के उद्देश्य से शनिवार को जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में आयोजित इस सेमिनार में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

सेमिनार में में प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, मुरलीधर केडिया, विकास सिंह, संतोख सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता एवं अरुण सिंह समेत शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), अधिवक्ता संघ, विभिन्न व्यवसायी संघ और प्रबुद्धजनों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकगण एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को भारत के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। इससे पहले, भारत माता के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया गया।




सेमिनार को संबोधित करते झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अब तक देश को विरासत में मिली अनेक समस्याओं का एक-एक कर समाधान किया है उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति हो, राम मंदिर निर्माण जो पांच शताब्दियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का प्रतीक है या व्यापारियों को टैक्स जाल से मुक्त करने के लिए वन नेशन, वन टैक्स के तहत जीएसटी लागू करना हो, मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। तीन तलाक पर कानून बनाना, गरीबों को एक देश, एक राशन कार्ड जैसी सुविधा देना और अब वन नेशन, वन इलेक्शन की पहल। यह सब दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल सुधार की बात नहीं करते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर दिखाते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि यह विचार नया नहीं है। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं के नेतृत्व काल से ही भाजपा इसका समर्थन करती रही है। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी प्रक्रिया के चलते देश में कहीं न कहीं आचार संहिता लगती रहती है, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो बात कही है, वह केवल चर्चा का विषय नहीं है बल्कि यह आज के भारत की जरूरत है। एक राष्ट्र एक चुनाव से हजारों करोड़ रुपये की बचत देश को होगी।

## एक नजर में

### कैंसर से हुए अवसाद ने खत्म कर दिया पूरे परिवार को, अंत्येष्टि संपन्न



**आदित्यपुर।** शुक्रवार की रात थाना अंतर्गत गम्हरिया चित्रगुप्त नगर में टाटा स्टील के अधिकारी कैंसर पीड़ित कृष्ण कुमार के सपरिवार आत्महत्या मामले में नया खुलासा हुआ है जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मालूम हो कि कृष्ण कुमार कैंसर पीड़ित थे, और उन्हें डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। दो दिन पूर्व मुंबई से ईलाज कराकर लौटे थे। गुरुवार को ही उन्होंने 28 वर्षीय पत्नी डोली देवी, 13 वर्षीय पुत्री कृतिका कुमारी एवं चार वर्षीय पुत्री मइया के साथ अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को जब उनका दरवाजा नहीं खुला तब परिजनों को शक हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां देर रात मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने गम्हरिया अंचल अधिकारी की मौजूदगी में कृष्ण कुमार के कमरे का दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया जहां अंदर प्रवेश करते ही सभी के होश उड़ गए. कृष्ण कुमार अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों के साथ फंदे पर झूलते नजर आए। इसी क्रम में पुलिस के हाथ एक सुसाइडल नोट भी लगा है जिसमें कृष्ण कुमार ने आत्महत्या के पीछे कैंसर रोग को बताया है। साथ ही उन्होंने इलाज में अपने परिवार, ससुराल वालों एवं कंपनी के कुछ साथियों के नाम का जिक्र किया है जिन्होंने उन्हें ईलाज में मदद नहीं की जिससे तंग आकर उन्होंने सपरिवार आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया है। इधर शनिवार को चारों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार सभी शवो का बिष्टुपुर पार्वती घाट में अंत्येष्टि कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी ने पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि सुसाइडल नोट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उधर कृष्ण कुमार के घर पर ताला लगा होने के कारण परिवार वालों का पक्ष नहीं लिया जा सका। हालांकि मृतक के पिता ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों को बताया था कि अपने बेटे के इलाज में उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। दो दिन पूर्व ही फ्लाइट से उन्हें मुंबई लेकर गया था वहां चिकित्सकों ने कीमो थेरेपी कराने की बात कही थी। इसपर पुत्र ने जमशेदपुर में ही इलाज कराने की बात कही और फ्लाइट से ही वापस शहर लौटे थे। इसी बीच गुरुवार को ही उसने यह कदम उठा लिया। इस घटना के बाद परिजनों में मातम छाया हुआ है।

### मुसाबनी : ग्रामीण एसपी ने डायन अंधविश्वास के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारुलिया में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के द्वारा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अंधविश्वास, डायन प्रथा रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने ग्रामीणों से कहा कि डायन के नाम पर किसी भी इंसान को प्रताड़ित करना, जघन्य अपराध है। इसमें शामिल लोगों को सख्त से सख्त सजा देने का प्रावधान है। यह अंधविश्वास प्रगतिशील समाज के माथे पर एक कलंक है।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो ने कहा कि इस तरह के खेलकूद से एक ओर जहां विद्यार्थियों को अच्छा स्वास्थ्य मिलता है वही उनमें दलीय भावना का भी विकास होता है जिससे उनमे एकजुटता भी बढती है। मौके पर अतिथि के रूप में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश, एच आर प्रबंधक रविकांत, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष शशिकांत सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ शैलेश सारंगी इत्यादि उपस्थित रहे। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ भाव्या भूषण तथा सहायक प्राध्यापक समारोह में उपस्थित थे। इसमें खेल (स्पोट्र्स) शिक्षक श्री सूर्यजीत सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा।

### सीएम साहेब, गांवों में शराब की दुकानें खोल कर आदिवासी समाज को बर्बाद न करें : राम सिंह मुंडा

**जमशेदपुर।** आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा ने झारखंड के सीएम को पत्र लिख कर ग्रामीण इलाकों में शराब की दुकाने खोलने के निर्णय का विरोध किया है। मुंडा ने कहा है कि सरकार झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोल कर,ग्रामीणों को मौत के मुंह में धकेलने का काम ना करें। झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले, आदिवासी, मूलवासी किसान मजदुर छात्र, युवा वर्ग, का मासिक/वार्षिक आय का स्रोत,इतना नहीं है कि आपके द्वारा खोले जाने वाले सरकारी शराब का सेवन कर सके, आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्रोत मुख्य रूप से खेती बाड़ी, मजदूरी, छोटा व्यापार, वन उपज पत्ता दातून बेचना, सुखी लकड़ी बेचना, महुआ चुनना, मुर्गा, मुर्गी, बकरी पालना ही मुख्य पेशा है। झारखंड के गांवों से अनेकों युवक बेरोजगारी के कारण, अन्य अन्य राज्यों में पलायन कर मजदूरी कर रहे हैं, ऐसे में राजस्व प्राप्ति के लिए, शहर से लेकर गांवों तक शराब दुकान खोलना कहीं से भी उचित नहीं है। मुंडा ने पत्र में लिखा है, मुख्यमंत्री जी झारखण्ड के आपराधिक मामलों की जानकारी ले लें हत्या, डकैती, चोरी, छिनताई, बलात्कार, छेड़खानी, मारपीट, गाली गलौज जैसे अपराधिक घटनाओं को अंजाम शराब के नशे में ही दिया जाता है, और एक बार कोई भी व्यक्ति नशा का आदि हो जाने पर, एक बसा बसाया घर बर्बाद होने में देर नहीं लगती है। अनेकों नशेड़ी अपना पत्नी और बच्चों को भी छोड़ देते हैं, बच्चों के शिक्षा पर असर पड़ता है, मुख्यमंत्री जी झारखंड के ग्रामीणों को अंग्रेजी शराब का लत लगा कर मीठी धीमी जहर देने का काम ना करें।

## चाईबासा : सड़कों पर लगेगी स्ट्रीट लाइट, सूखे पेड़ हटायेगा वन विभाग

- पश्चिम सिंहभूम समहरणालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/चाईबासा।** शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं एसपी आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें जिला के तीनों एसडीओ, डीटीओ, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सदर चाईबासा व चक्रधरपुर एसडीपीओ, नगरपालिका कार्यपालक पदाधिकारी, सड़क सुरक्षा हितधारक विभाग- शिक्षा/ स्वास्थ्य/ सड़क निर्माण के संबंधित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में डीटीओ राजेश एक्का ने पीपीटी से सड़क दुर्घटना से संबंधित आंकड़ा, विगत वर्षों के दुर्घटना के आंकड़े तथा उससे होने वाली मृत्यु दर, साथ ही विगत तथा वर्तमान वर्ष के तुलनात्मक दुर्घटना के आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया।





## पोटका: फुलझड़ी गांव में दो भाई बहनों की डोभा में डूबने से मौत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** कवाली थाना क्षेत्र के हरिणा पंचायत अंतर्गत फूलझरी गांव के छोटा तालाब (डोभा) में डूबकर दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना शनिवार दिन के 1 बजे की है। जानकारी अनुसार संजीत सरदार की बेटी रस्मिता सरदार (3 वर्ष) तथा भाई राजेश सरदार का पुत्र आशीष सरदार (डेढ़ वर्ष) है।

दोनों भाई-बहन खेलने के दौरान बतख देखने घर से थोड़ी दूर डोभा (गढ़िया) की ओर गये।





इस वक्त बच्चों की मां घर में खाना बना रही थी। इधर थोड़ी देर बाद डोभा से गुजरते वक्त ग्रामीण ने देखा कि दोनों बच्चे पानी में उफल रहे हैं।

उसने इसकी सूचना गांव में दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चों की पहचान रस्मिता और आशीष के रूप में हुई। बच्चों के माता-पिता भी घटनास्थल पहुंचे एवं बच्चों को पानी से उठाकर घर लाये। घर में बच्चों की स्थिति गंभीर देखते हुए तुरंत हाता स्थित तारा सेवा सदन नर्सिंग लाया गया। यहां चिकित्सिय जांच में दोनों मासूम बच्चों की मौत की पुष्टि हुई।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

- संविधान कैसे खतरे में बतायेंगे प्रदेश प्रभारी के राजू
- साकची पोस्ट ऑफिस के सामने वाले मैदान में रैली की तैयारी पूरी : राकेश तिवारी- आनंद बिहारी दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर प्रेस वार्त्ता होटल गंगा रिजेंसी में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं प्रदेश सचिव सह पर्यवेक्षक साकची प्रखंड राकेश तिवारी ने की। कहा कि जमशेदपुर के साकची में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली 25 मई को अपराह्न 3 बजे से होगा।



जानकारी देते जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे व प्रदेश सचिव राकेश तिवारी।

जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, सांसद गुरमीत सिंह सप्पल, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सांसद राज्यसभा प्रदीप बलमुचू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेतागण रैली को संबोधित करेंगे। नेताद्वय ने जमशेदपुर के आम नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से रैली में आकर देश के सामने उत्पन्न हो रहे खतरे पर कांग्रेस के विचारों को जानने की अपील की है।

## भारतीय जन नाट्य संघ बालीजुड़ी में डायन प्रथा समेत महिलाओं के शोषण के खिलाफ आज करेगी नाट्य प्रस्तुति

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** जमशेदपुर की भारतीय जन नाट्य संघ जादूगोड़ा से सटे बालीजुड़ी में नाटक के जरिए डायन प्रथा समेत महिलाओं के शोषण के खिलाफ समाज को आईना दिखाएगी ताकि महिलाओं के शोषण को लेकर समाज के नजरिये को बदला जा सके। जिसको लेकर शोषितों का रंगमंच नामक शीर्षक के मार्फत भारतीय जन नाट्य संघ नाटक , गीत प्रस्तुत कर समाज में घटित घटनाओं में बच्चों व स्त्रियों की बात को रंग कर्मी व कलाकार लोगो के बीच चेतना जगायेंगे। जिसकी लेकर घाटशिला, जमशेदपुर से आए कलाकार छह दिवसीय कार्यशाला के जरिए अभ्यास ने जुटे है। कल रविवार को जादूगोड़ा से सटे बालीजुडी पंचायत भवन मैदान में अपनी प्रस्तुति करेंगे। उक्त जानकारी स्वैच्छिक संस्था जन नाट्य संघ की प्रमुख अर्पिता ने दी।



# 2018 की शराब नीति अपनाकर सरकार ने स्वीकार की भाजपा सरकार की नीति की श्रेष्ठता : रघुवर दास

- कहा- सख्ती से हो पालन तभी आयेंगे सकारात्मक परिणाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने शनिवार को जमशेदपुर के एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हेमंत सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनायी गयी नीतियां ही राज्यहित और जनहित में सर्वश्रेष्ठ थीं। इसका सबसे ताजा प्रमाण हाल ही में राज्य सरकार द्वारा पारित झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 है। श्री दास ने कहा कि इस नई नियमावली में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है कि उनकी सरकार द्वारा वर्ष 2018 में बनायी गई शराब नीति सबसे बेहतर और व्यावहारिक थी। यही वजह है कि वर्तमान सरकार ने 2025 की नीति को बनाते समय 2018 की नीति को ही मुख्य आधार बनाया है। यह स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि भाजपा शासनकाल की नीतियां राजस्व वृद्धि में सहायक थी और राज्य की छवि को सशक्त और जिम्मेदार भी बनाती थीं। उन्होंने बताया कि 2018 में जब यह नीति लागू की गई, तब राज्य का शराब से राजस्व 1082 करोड़ रुपये था, जो मात्र एक वर्ष में दोगुना होकर 2019-20 में 2009 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह अपने-आप में हमारी नीति की सफलता और दूरदर्शिता का प्रमाण है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने के बाद दो बार शराब नीति में बदलाव किया, लेकिन दोनों बार ही असफल रही। अंततः अब फिर से हमारी ही नीति की ओर लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना ही होगा कि भाजपा शासनकाल में बनाई गई नीतियां ही झारखंड के लिए व्यावहारिक और लाभकारी थीं।

## स्पीड न्यूज

### जिला व्यवसायी संघ ने नवनियुक्त आयुक्त का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवसायी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल व्यवसायी गणेश गोस्वामी के नेतृत्व में नवनियुक्त प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा से भेंट कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। व्यवसायियों ने शिष्टाचार मुलाकात में शहर में पेयजल एवं खास महाल की समस्या समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। जिस पर आयुक्त ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करनेवालों में अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, महासचिव अनुपम तुलस्यान, सचिव मनोज पहाड़िया शामिल थे।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर विनित का लाइसेंस किया निलंबित

**पाटन पलामू।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने ग्राम नौडीहा के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता विनित सिंह का लाईसेंस निलंबन करने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान को जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर बीडीओ ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को विनित सिंह का लाइसेंस निलंबित करने के लिए पत्र प्रेषित किया। उस पत्र के आधार पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने विनित सिंह के अनुज्ञप्ति संख्या जेएच- 32777 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके कार्डधारियों का निर्बाध खाद्य सामग्री का समयानुसार देने के लिए नजदीक के डीलर ललन सिंह के साथ संबंद्ध कर दिया। ज्ञात हो कि विक्रेता विनित सिंह पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे हैं जिस कारण इसके कार्डधारियों का खाद्यान्न व अन्य सामग्री का वितरण समय पर नहीं किया जा रहा है। इसलिए इसके लाईसेंस को निलंबित करते हुए नजदीक के विक्रेता ललन सिंह के साथ सभी कार्डधारियों को जोड़ दिया गया।

### अब पलामू के सभी अधिवक्ता को शीतल जल की नहीं होगी कोई कमी



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान एवं सत्र जिला न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के द्वारा पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों को शीतल पेयजल की सुविधा मुहैया हो, इसके लिए एक प्यूरीफायर मशीन संघ के महासचिव अजय पांडेय को दिया। अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय पांडेय ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पलामू के अधिवक्ताओं के शीतल जल यंत्र उपलब्ध करने के लिए पलामू जिला अधिवक्ता संघ की ओर से आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों को गर्मी के दिनों में शीतल जल का सेवन कर सकेंगे। अधिवक्ताओं को गर्मी में पेयजल की कमी नहीं होने दी जायेगी। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय के संजीव कुमार दास, निबंध व्यवहार न्यायालय के कमल प्रकाश, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी समेत कई अधिवक्ता शामिल थे।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान चौक पर शनिवार को चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन टेंपो सवारी गाड़ियों की जांच की। जांच में दोपहिया वाहन के कुछ चालक, बगैर हेलमेट, तथा बगैर लाइसेंस के और पांच ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक जबरदस्ती बीच रोड में खड़ा करके सवारी बैठा रहे थे उसके कुछ के पास लाइसेंस भी नहीं था उसे भी जब्त किया गया है। इसके अलावे 13 दो पहिया वाहन गाड़ियों को भी जब्त किया गया है जिसे शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी गाड़ियों का चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। शनिवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 07 दोपहिया मोटरसाइकिल गाड़ियों का चलान फाइन राशि 7,000 रुपया आया है। 01 दो पहिया मोटरसाइकिल गाड़ी का पहले का चालक जो शराब पी के गाड़ी चला रहा था उसका भी चलान फाइन राशि 11,187 रुपया आया तथा 01 पिकअप मालवाहा गाड़ी का चलान फाइन राशि 6150 रुपया आया है। टोटल फाइन राशि 24,337 रुपया आया है।

### पत्रकार को पत्नीशोक, निधन पर संत मरियम के चेयरमैन ने जताया शोक



**मेदिनीनगर।** दैनिक समाचार पत्र के संपादक सह प्रसार भारती के जिला प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह उर्फ गुड्डू की धर्मपत्नी नीतू सिंह उर्फ गुड़िया का शनिवार की अहले सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थीं। इस दुःखद समाचार के मिलने के बाद संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह युवा झामुमो नेता अविनाश देव समेत कई गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पलामू के पत्रकारिता परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जसप्रीत सिंह उर्फ गुड्डू जैसे कर्मठ और ईमानदार पत्रकार के जीवन में यह दुःखद क्षण अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। हर कोई इस खबर से मर्माहत हुआ और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करने उनके निवास स्थान पर पहुंचा।

# विष्णु मंदिर तोलरा के दूसरे वार्षिकोत्सव के पूर्व निकाली गयी भव्य कलशयात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



कलश यात्रा में शामिल लोग।

**बिश्रामपुर पलामू।** जिला के चर्चित मंदिरों में एक बिश्रामपुर के तोलरा में विष्णु मंदिर के दूसरा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय श्रीराम जय शोखा बाबा जय श्री विष्णु के उद्घघोष के साथ हाथ में कलश नारियल लिए भक्त कोयल व तहले नदी के संगम से जल भरकर वैदिक मंत्रोच्चारण से जल संकल्प कर विष्णु मंदिर के गर्भगृह में रखा। मुख्य यजमान सेवानिवृत पुलिसकर्मी गोखुल तिवारी अपनी पत्नी पूर्व मुखिया प्रत्याशी शशिकला देवी ने विधि विधान से पूजा कर बड़ा कलश में जल भरकर लाया। विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, सचिव गोखुल तिवारी, संरक्षक बीरेंद्र तिवारी ने बताया कि दूसरा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बहुत शानदार है। आज रात्रि लोकल कलाकार भक्ति जागरण, महिलाओं के सम्मान समारोह के साथ 25 मई को संध्या महाभंडारा बाहर से आये अतिथियों का सम्मान समारोह तथा गढ़वा मानस मंडली भव्य सुंदरकांड का पाठ करायेगा। मौके पर पूर्व मुखिया श्यामा देवी, सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, अरुण त्रिवेदी, दीपक तिवारी, कुश तिवारी, धर्मराज तिवारी, दिपु तिवारी, श्रीराम तिवारी, बिकू तिवारी उपस्थित थे।

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया मेदिनीनगर केंद्रीय कारा का निरीक्षण

■ जेल प्रशासन को दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव सौरभ कुमार गौतम के साथ केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारा बंदियों से मुलाकात की और उनके परेशानियों को जाना। इस मौके पर पीडीजे श्री पांडेय ने कहा कि कोई भी बंदी अधिवक्ता के बिना नहीं रहे। डालसा के द्वारा इसके लिए जागरूकता कैम्प का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि सजायफ्ता बन्दी अपील अवश्य दाखिल करे। उन्होंने कहा कि जो लोग अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं हैं वे लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता के माध्यम से काम करा सकते हैं। उन्होंने एल ए डी सी के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि जिन बन्दियों का अपील उच्च न्यायालय में दाखिल नहीं है उनका डेटा एकत्र कर जल्द से जल्द अपील फाइल का कार्य करें। विदित हो कि केंद्रीय कारा में उन्होंने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। और वार्ड में रह रहे महिला बन्दियों से भी जानकारी प्राप्त की। लोगों ने बताया कि सभी लोगों के द्वारा जमानत आवेदन दाखिल है। साथ ही अपील फाइल किया गया है।

## कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत किशोर ने किया कई गांवों का दौरा

# प्रखंड में वित्त मंत्री आज करेंगे विभिन्न सड़कों का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



लोगों से मिलते कांग्रेस नेता प्रशांत किशोर।

**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता प्रशांत किशोर ने पाटन के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्या को जाना। वहीं क्षेत्र में विकास को लेकर विभिन्न सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम का रुप रेखा तैयार किया। मालूम हो कि वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा 25 मई को पाटन के विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया जायेगा। इसे लेकर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इसे लेकर युवा नेता प्रशांत किशोर ने क्षेत्र भ्रमण कर सड़क शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पाटन पदमा मुख्य पथ मेराल मोड़ से कांकि ग्राम तक, पथ सिरमा से सहदेवा पथ इन सभी सड़कों का शिलान्यास वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी सड़कों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी थी। चुनाव के समय लोगों ने इन सभी सड़कों का निर्माण कराने की मांग की थी। वित मंत्री के द्वारा पथों का शिलान्यास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी सड़कों का निर्माण हो जाने से कई गांव के लोगों को आने जाने में सुविधा हो जायेगी। कहा कि पांच वर्ष के कार्यकाल में पाटन छतरपुर विधायक सह मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा विकास की गंगा बहेगी। कोई भी जनहित का काम बाकी नहीं रहेगा।

# रेहला के तोलरा गांव में सेवानिवृत एसआई के घर चोरी, एक लाख की संपति चुरा ले गये चोर

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच करती पुलिस।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में शुक्रवार की रात सेवानिवृत एसआई चंद्रदेव तिवारी के घर में चोरी हुई है। इस घटना में चोर नकद, जेवरात सहित एक लाख रुपए की संपति चुरा ले गये। घटना की रात चंद्रदेव तिवारी घर के अपने कमरे में सोये हुए थे। वहीं घर के अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे। देर रात सेंधमारी कर चोर घर में घुस गये। चोर घर के कमरों से ट्रॉलीबैग व बक्सा लेकर चुपके से निकल गये। अहले सुबह जब घर के लोग जगे तब घटना की जानकारी हुयी। घर से कुछ दूर ट्रॉलीबैग व बक्सा फेंका हुआ मिला जिसका ताला टूटा हुआ था और सभी कीमती सामान उसमें से गायब था। चंद्रदेव तिवारी ने बताया कि पांच हजार नकद, जेवरात सहित एक लाख रुपए की संपति चोरी हुयी है। सूचना मिलने पर रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। कहा कि घटना का जल्द ही उद्भेदन कर चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

**एक माह के भीतर पांच घरों में हो चुकी है चोरी :** तोलरा गांव में सिर्फ एक माह के भीतर पांच घरों में चोरी हो चुकी है जिसमें से एक भी घटना का न तो उद्भेदन हुआ है और न ही कोई आरोपी पकड़ा गया है। पिछले चार मई को एक ही रात में चार घरों में चोरी हुई थी। चार मई को सेवानिवृत डीएसपी रघुवीर तिवारी, रेलवे के यातायात निरीक्षक अनिल तिवारी, ओमकार तिवारी व अमरेश तिवारी के घर भीषण चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिये खोजी कुत्तों का भी सहारा लिया था लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ सुराग नहीं लगा है।

# जिले के विकास लक्ष्य को लेकर डीसी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

■ एसडीजी के संकेतकों पर हुई जोरदार चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जिले के सतत विकास लक्ष्य को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीजी के संकेतकों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से जुड़े संकेतकों पर चर्चा करते हुए शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रवेश कक्षाओं में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने को लेकर प्रधानाध्यापकों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। वहीं समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नामांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि का डेटा संग्रह का निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के इंडिकेटरों पर चर्चा की। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से संग्रह डाटा का सही से मिलान करने एवं वास्तविक डेटा की प्रविष्टि करते हुए प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# स्कूटी और बाइक की टक्कर में तीन लोग जख्मी, सभी हुए रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला ग्राम स्थित स्वामी इंडियन आयल पेट्रोल पंप के समीप एनएच 139 पर शनिवार के सुबह करीब 10 बजे स्कूटी और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गयी। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घायलों में बिहार के औरंगाबाद निवासी लक्ष्मण साव के 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार तथा झारखंड के छतरपुर निवासी चंदू कुमार तथा उनकी 30 वर्षीय पत्नी अनिता देवी शामिल है। सुरेंद्र कुमार को सर में चोट लगने के साथ ही नाक, कान से खून निकल रहा था। जबकि अनिता कुमारी के आगे का दो दांत टूट गया है। साथ ही बायां हाथ में भी गंभीर चोट आयी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि सुरेंद्र कुमार अपनी बाइक से छतरपुर की ओर जा रहे थे।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर



**पांकी पलामू।** पांकी–मेदिनीनगर पथ में पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा कॉलेज गेट के समीप शुक्रवार की देर रात बाइक व ट्रक की टक्कर में बाइक सवार विकास कुमार की मौत हो गयी। दूसरा सवार नागेंद्र कुमार घायल है। दोनों को लोगों की मदद से पांकी सीएचसी में भर्ती ले जाया गया। मृतक व घायल दोनों तरहसी थाना क्षेत्र के घूमा निवासी हैं। घटना के पूर्व दोनों पांकी थाना क्षेत्र के करार स्थित रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। इसी बीच पांकी मेदिनीनगर पथ में बसडीहा कालेज गेट के समीप एक ट्रक (सीजी 04 एलवाय 1280) से टक्कर हो गयी। मौके पर ही विकास कुमार की मौत हो गयी। पांकी थाना पुलिस ने ट्रक व बाइक को जब्त कर थाना ले गयी है।


### पत्नीहंता पति ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण



**पाटन पलामू।** पत्नी की हत्या के आरोपी पाटन प्रखंड के नवडीहा ग्राम निवासी विनित सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा कई जगहों पर छापामारी किया जा रहा था। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण हत्या के आरोपी विनित सिंह ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। मालूम हो कि नवडीहा ग्राम निवासी विनित सिंह ने 19 मई की रात्रि में अपनी पत्नी सिमरन सिंह को गोली मारकर हत्या कर दिया था। जिसके बाद मृतका के पिता बबलु सिंह उर्फ ब्रजेंदर सिंह ने पाटन थाना में पांच लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया था। जिसके बाद सभी आरोपी फरार हो गये थे। वहीं पाटन पुलिस ने लगातार गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही थी इस दौरान आरोपी पति ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

# लुक कल्चर मीडिया संगठन ने स्कूली बच्चों के बीच की कई सामग्री वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** जिला के मनातू प्रखंड अंतर्गत पदमा विदेश नगर में पाराडाइज पब्लिक स्कूल पदमा में लुक कल्चर मीडिया संगठन का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार के पाराडाइज पब्लिक स्कूल पदमा के प्रांगण में गरीब मजदूर किसान के बच्चों को प्रोत्साहित मोटिवेट के लिए लुक कल्चर मीडिया संगठन के द्वारा बैग पेंसिल बुक कटर इस्ट्रूमेंट बॉक्स जैसे सामग्री का वितरित किया गया। मौके पर बेहतर भविष्य के लिए देश के प्रगति के लिए आने वाला कल भी प्रोत्साहित करने का भरोसा दिया। बच्चों को बताया गया कि लुक कल्चर मीडिया संगठन का कार्य इतना ही नहीं बल्कि संगठन के कर्मी का कहना है कि संगठन में जो बेरोजगार बैठे हुए हैं और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। उन्हें कुछ पैसे इन्वेस्ट कर रोजगार करने का मौका देती है।

### पत्रकार जसप्रीत सिंह की पत्नी का निधन, शोक

**मेदिनीनगर।** आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के जिला प्रतिनिधि सह पत्रकार जसप्रीत सिंह उर्फ गुड्डू की पत्नी नीतू सिंह गुड़िया का शनिवार की सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पूरे पत्रकारिता जगत में शोक है। शोक संतप्त परिवार के प्रति विभिन्न सामाजिक, पत्रकारिता एवं राजनीतिक संगठनों ने संवेदना प्रकट की है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य दें।

# नवविवाहिता हत्या मामले में पिता ने सात लोगों पर कराया मामला दर्ज, सभी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धंगरडीहा निवासी अलख निरंजन प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार सिन्हा के साथ आलमगंज पटना निवासी महेंद्र प्रसाद की पुत्री ऋषिका सिन्हा का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 17 मई को हुई थी। लेकिन विवाह के महज पांच दिन बाद ही 22 मई को ऋषिका का शव ससुराल में ही फांसी के फंदे से लटका मिला। इस मामले में मृतका के पिता महेंद्र प्रसाद ने पति अनुज कुमार सिन्हा समेत सात लोगों के विरूद्ध हत्या करने एवं दहेज को लेकर नावा जयपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर सभी आरोपी फरार हैं जिसे पुलिस गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही है। मृतका के पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही पुत्री को दहेज को लेकर उत्पीड़न किया जाने लगा। उन्होंने अनुज कुमार सिन्हा, अलख निरंजन प्रसाद, सरस्वती देवी, अविनाश सिन्हा, अनुप सिन्हा, आनंद कुमार सिन्हा, अनुराग कुमार सिन्हा के खिलाफ नावा जयपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### एथलेटिक्स टीम बोकारो चंदनक्यारी हुई रवाना



**मेदिनीनगर।** बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कंपलेक्स चंदनक्यारी जिला बोकारो में दिनांक 25 से 26 मई तक सीनियर वर्ग के महिला/पुरुष की होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू के टीम मैनेजर प्रवीण कुमार मेहता और कैप्टन आर्यन कुमार के नेतृत्व में 18 सदस्यीय बालक/बालिका टीम को जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय -उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, कोच मोनू कुमार ने शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया।

# मां भगवती धाम में प्रत्येक शुक्रवार को होती है भव्य महाआरती और महापूजन

## उमड़ती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

नरेंद्र प्रसाद गुप्ता



मातारानी की पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित लोग।

**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर शहर स्थित प्रसिद्ध मां भगवती धाम में हर शुक्रवार को भव्य महाआरती और महापूजन का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस शुक्रवार को भी श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर यजमान सामाजिक कार्यकर्ता राजा कुमार चौधरी सपत्निक उपस्थित थे। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया था। महाआरती की अगुवाई शहर के प्रकांड विद्वान पंडित सतेन्द्र कुमार दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ की। उनके द्वारा कराए गए पूजा-पाठ से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि मां भगवती की कृपा अपार है। जो भी भक्त सच्चे मन से यहां पूजा-अर्चना करने आते हैं, मां उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि कई भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने के बाद पुनः अर्जी लेकर मां के दरबार में हाजिरी देते हैं।

**कार्यक्रम की खास बातें :**

पुजारी ने आगे बताया कि हर साल यहां दो बार विशाल मेला भी लगता है, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। मेले के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में मंदिर समिति का विशेष सहयोग रहता है। हर शुक्रवार को होने वाले महापूजन और महाआरती कार्यक्रम के सफल संचालन में पंडित अमित बाबा का विशेष योगदान रहता है। कार्यक्रम में राम प्रवेश मेहता, रिंकू सिंह, अरविंद दास, अशोक गुप्ता, विलेश मालाकार, संतन चौधरी, मीना देवी समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# चैनपुर बाजार की जनता ने भाजपा नेत्री स्मिता के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



अपनी समस्याओं को गिनाते लोग।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चैनपुर महावीर मंदिर के निकट स्ट्रीट लाइट विगत कई दिनों से बंद पड़ा था जिसे चैनपुर बाजार के जनता ने निगम से बराबर आग्रह करते थे पर निगम ने कोई संज्ञान नहीं लिया। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय से भाजपा के वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद को अवगत कराया। भाजपा नेत्री ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं के प्रति संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्चे से कई दिनों से बंद पड़े चैनपुर बाजार का स्ट्रीट लाइट को लगवाया। नया लाइट लग जाने से बाजार के व्यवसायियों और राहगीरों को अंधेरा से मुक्ति मिलेगी तथा अंधेरे के कारण जो विभिन्न प्रकार की आशंका बनी रहती वह दूर होगी। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि भाजपा नेत्री का कार्य काफी सराहनीय है। पलामू लोकसभा क्षेत्र के जनता जनार्दन के समस्याओं के प्रति निरंतर सक्रिय रहकर उनके दुख सुख में साथ रहते हुए कार्य कर रही है। मौके पर मनोज दास ने कहा कि भाजपा नेत्री बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। हम सभी चैनपुर बाजार की जनता उनका इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास, विजय शर्मा, बुलबुल तिवारी, अनुज कुमार, पंकज तिवारी, विनोद कमलापुरी, संजीत कुमार, संतोष प्रसाद, रवि कुमार लाल, मुन्नी पासी, उत्तम कुमार, रवि कुमार, पप्पू कुमार, अंकित कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# दिशा की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, सांसद ने दिये कड़े निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में विकास कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद विष्णु दयाल राम ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में सड़क निर्माण, पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और विद्युतीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद ने इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद आवश्यक निर्देश दिए और संबंधित विभागों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



दिशा की बैठक में उपस्थित सांसद, विधायक व अन्य पदाधिकारी।

सड़क निर्माण पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि जिले में कई सड़कें जर्जर हालत में हैं और इनका निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग को सड़क निर्माण में तेजी लाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश दिया। पेयजल और स्वच्छता पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा जिले में पेयजल की उपलब्धता और स्वच्छता की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने पाइप जलापूर्ति योजना और चापाकलों की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि जिले में शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिए कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों और अन्य विद्यालयों में पठन-पाठन, पेयजल, शौचालय और भोजन की व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विद्युतीकरण पर चर्चा करते हुए सांसद श्री राम ने कहा कि जिले में विद्युतीकरण की स्थिति में सुधार के लिए जर्जर पोल और तारों को बदलने और कृषि कार्य के लिए अलग फीडर की व्यवस्था करने जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सांसद ने सभी को सकारात्मक सोच के साथ काम करने और जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, गढ़वा विधानसभा सत्येंद्र नाथ तिवारी, विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक नरेश सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, पशुपतिनाथ मिश्रा, राज महेश्वरम आदि उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के उंचरी गांव स्थित आरके पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप सम्पन्न हुआ। विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। इनडोर गेम्स (चेस, कैरम, टेबल टेनिस) और आउटडोर गेम्स (कबड्डी, खो-खो) के बीच हाउसवार प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसके साथ ही पेंटिंग, संगीत, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। मौके पर निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। यह रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सामाजिकता, स्वास्थ्य और समय प्रबंधन जैसे मूल्यों को मजबूत करता है।

**SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR**
(CBSE Affiliated 10+2 Co-Ed. School)
Dhurwa, Ranchi-4, Ph.- 9430115884 / 7004552685
Email-ssvmdhurwa14@gmail.com, Website: ssvmdhurwaranchi.in
**ADMISSION OPEN for Class-XI (2025-26)**
**SCIENCE/ COMMERCE/ HUMANITIES**
Admission forms and prospectus are available at the School Office during all working days 07:30 am to 12:30 pm.
Form Can be downloaded from the School Website (ssvmdhurwaranchi.in)
Buses (equipped with GPS, CCTV & Speed Governor) are available to every nook & corner of the city
Hostel facility available for Boys [From Class VI Onwards]
Sd/-Principal

स्पीड न्यूज

### रंका : संदिग्ध स्थिति में मिला युवक का शव

**रंका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ापराश-बान्दु-चुतरु-काशीसोत मुख्य मार्ग पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कामेश्वर सिंह के 16 वर्षीय पुत्र बुद्ध नारायण सिंह के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार बुद्ध नारायण सिंह अपने दो दोस्तों के साथ बरदरी बरवाही में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था, तभी यह घटना घटी।

### मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर चला जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में जिले के रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। उमस भरी गर्मी और अनियमित बारिश के बीच बढ़ती मौसमी बीमारियों को देखते हुए यह अभियान ग्रामीणों को सतर्क करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने किया।

### बीडीओ की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा

**गढ़वा।** बीडीओ नरेंद्र नारायण की अध्यक्षता में शनिवार को गढ़वा प्रखंड कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आवास योजना, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने पंचायतों में चल रही योजनाओं का नियमित निरीक्षण कर कार्यों में गति लायें।

### शिशु मंदिर में मनाया गया मातृ सम्मेलन

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर नगरी में महान समाज सुधारिका अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर एक गरिमामय मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन मातृशक्ति को सम्मान देने और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार सोनी एवं प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने दीप प्रज्वलन कर की।

# विराट रेस्टोरेंट फायरिंग कांड का खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित विराट रेस्टोरेंट पर हुई फायरिंग की घटना का गढ़वा पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों में चैनपुर थाना के हरिनामाड़ निवासी सुशील कुमार तिवारी उर्फ छोटू तिवारी, गढ़वा थाना के दीपूआ मोहल्ला निवासी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी, गढ़देवी मोहल्ला निवासी रितेश रंजन उर्फ बंपी पटवा और रवि चंद्रवंशी शामिल हैं। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।


प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

जानकारी देते हुए एसपी श्री पांडेय ने बताया कि घटना 15 मई की रात करीब 12 बजे की है। जब शराब के भुगतान को लेकर हुए विवाद में रेस्टोरेंट संचालक सोनू केशरी पर फायरिंग की गई। छोटू तिवारी अपने साथियों के साथ शराब लेने पहुंचा था। जब सोनू ने 600 रुपए मांगे और रवि ने केवल 560 रुपये दिए, तो बहस हो गई और छोटू ने गुस्से में गोली चला दी। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक लोडेड कट्टा, एक जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। राजन तिवारी के घर से भी एक और देशी कट्टा बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक छोटू तिवारी पर छह, राजन तिवारी पर तीन, बंपी पटवा और रवि पर एक-एक मामला पहले से दर्ज है। ये सभी पुराने आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इनकी गतिविधियों पर पुलिस पहले से नजर रखे हुए थी। एसपी ने कहा कि व्यवसायियों को ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत देनी चाहिए।

# तेज रफ्तार पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त, आठ घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग स्थित विद्युत सबस्टेशन के समीप एक बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में पिकअप पर सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रदीप कुमार (10 वर्ष), सत्यनारायण गोड़ (14 वर्ष), सुबेश कुमार (10 वर्ष) पिता पिंटू भुइंया, मुकेश कुमार (11 वर्ष) पिता जगमोहन गोड़, विकास कुमार (11 वर्ष) पिता विनय कुमार, रामकुमार (13 वर्ष) पिता भोला गोड़, पप्पू (11 वर्ष) पिता जगमोहन गोड़, जयप्रकाश गोड़ (12 वर्ष) पिता उपप्रधान गोड़ का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन यूपी के विंढमगंज थाना क्षेत्र के बरीखड़ गांव से बारात लेकर खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव जा रही थी। तभी छह माइलवा के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सीधे पेड़ से जा टकराई।



## झामुमो नेता रामनाथ के निधन पर शोक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया रामनाथ तुरी के निधन पर शनिवार को पार्टी कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में जिलाध्यक्ष शंभु राम कहा कि रामनाथ तुरी न सिर्फ झारखंड आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे, बल्कि वे गरीबों, आदिवासियों और वंचितों के सशक्त प्रतिनिधि भी थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा और संघर्ष को समर्पित रहा। सभा में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वे ईमानदारी, संघर्ष और सादगी के प्रतीक थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद झामुमो जिला कमेटी के सदस्य चिनियां स्थित उनके पैतृक गांव पहुंचे और पार्टी झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी।

# जीएन कॉन्वेंट में सीनियर समर कैंप का समापन, छात्रों ने सीखा जीवन का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस कैंप में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, करियर काउंसलिंग, पब्लिक स्पीकिंग, टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप स्किल, टीमवर्क, आत्म-नियंत्रण, और भावनात्मक बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किये गये। साथ ही फायरलेस कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, म्यूजिक, डांस, ड्रामा, बास्केट गेम, फ्रूट डेकोरेशन जैसी गतिविधियां भी करायी गयी।


स्कूली बच्चों के साथ निदेशक व अन्य।

## पुलिस निरीक्षक ने किया बरडीहा थाना का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**मझिआंव।** पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने शनिवार को बरडीहा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना में विधि व्यवस्था की समीक्षा के साथ विभिन्न कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नये नियुक्त चौकीदार को उनके कर्तव्यों की जानकारी देते हुए जिम्मेदारी से कार्य करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक ने थाना कार्यालय के सभी पंजी का निरीक्षण किया और उन्हें अद्यतन रखने का निर्देश थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह को दिया।

# आरके पब्लिक में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन, छात्रों ने दिखायी बहुआयामी प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा का तीन दिवसीय समर कैंप का समापन भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम आरकेवीएस सभागार में आयोजित किया गया, जिसकी शुरूआत स्कूल निदेशक व शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर वैभवी मिश्रा और उनके समूह द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने माहौल को भावनात्मक बना दिया। कैंप के दौरान छात्रों के बीच इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें चेस, कैरम, टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो, पेंटिंग, रैंप वॉक, फूड स्टॉल, संगीत, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


बच्चों के साथ निदेशक।

मौके पर निदेशक श्री पांडेय ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। इससे उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समन्वय और अनुशासन में वृद्धि होती है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि आज के बच्चे स्मार्टफोन और ऑनलाइन गेम्स की लत के शिकार होते जा रहे हैं, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे कैंप बच्चों को व्यस्त रखते हैं और उन्हें खेल, कला व शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान दें और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ घरेलू कार्यों में भी शामिल करें। कार्यक्रम के अंत में कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी ने फूड स्टॉल में लगे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। मौके पर बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, प्रवीण दूबे, रितेश जायसवाल, राजेंद्र चौबे, आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी, रोशन दूबे, रोहित कुमार, अनुप कुमार पांडेय, गीता पांडेय, इम्तियाज खान, श्वेता पांडेय, संजय कुमार, संदीप ठाकुर सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

**कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला**
**शास्त्री नगर, गुमला, झारखण्ड-835207**
Email- ahdgmla@gmail.com

" आम सूचना "

गुमला जिलान्तर्गत "वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधित कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उनपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।"

जिला पशुपालन पदाधिकारी-सह-सदस्य सचिव,
जिला पशु कुरता निवारण समिति,गुमला

PR 353423 Animal Husbandry(25-26).D

**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय :- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा**

-: कार्यालय आदेश :-

जिला आयुष समिति, कोडरमा के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आयुर्वेदिक होमियोपैथिक युनानी एवं संयुक्त औशधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक रखा जाना है इच्छुक अभियार्थियों से निम्नलिखित शर्त के अधिन विज्ञापन की तिथि से दिनांक 31.05.2025 संध्या 06 बजे तक जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क. | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला ) | पुरुष 34<br>महिला 21 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योग सर्टिफिकेशन बोर्ड/ प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड प्रशिक्षक | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/- देय होगा। |

1. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी सूचना भरते हुए संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वाहस्ताक्षरी छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वांछित विहित आवेदन पत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/राजकीय आर्वेदिक, होमियोपैथिक, युनानी एवं संयुक्त औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र कार्यस्थल चयन हेतु वरीय के आधार पर तीन स्थल चयन अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (विापन के साथ सूची संलग्न) में योग/अन्य Wellness Activities का पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 एवं महिला योग प्रशिक्षक का कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
4. प्रत्येक आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र (विज्ञापन के साथ सूची संलग्न) में पुरुष योग प्रशिक्षक को कम से कम अधिकतम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जाएगा।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्गदर्शिका के अनुरूप होगी।
6. स्थलीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोडरमा जिला के स्थानीय अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. यदि एक से अधिक अभ्यार्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
8. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र के 5-10 किलोमीटर परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कूल, पंचायत भवन, आँगनवाडी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
10. भर्ती के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी पात्रता/मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
11. उमिदवार को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा, अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
12. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/राजकीय आयुष औषधालय/आयुष उत्क्रमित स्वास्थ्य उप केन्द्र की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचनापट एवं NIC Koderma Portal https://koderma.nic.in पर उपलब्ध है।
13. प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा (स्कूटनी) के पश्चात् साक्षात्कार की तिथि प्रकाशित की जायेगी।
14. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संसोधन/आवश्यकतानुसार रद्द करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353445 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

संख्या-304/भू0अ0 दिनांक-13/05/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम-**बारीदिग्धु**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**273**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **महतो अहरा से रामपुर बसरिया (चौपारण) पथ चौड़ीकरण निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-**बारीदिग्धु**, थाना-**चन्दवारा**, थाना सं0-**273**, अंचल-**चन्दवारा**, जिला-**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोबेश-**0.7510** ए0 यानि **0.3039** हेक्टेयर मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.....

ग्राम-बारीदिग्धु, थाना-चन्दवारा, थाना सं0-273, अंचल-चन्दवारा, जिला-कोडरमा

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 5 | रैयती | टांड तीन | 0.0790 | इन्दो सिंह वो जैराम सिंह पेशरान दुली सिंह कौम-राजपूत सा0-गुमो बहिस्सा बराबर। | सिमाना डोईयाडीह | प्लॉट 18 | सिमाना लालमनदिग्धु | प्लॉट 5 अंश |
| 2 | 4 | 15 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0070 | चुल्हन सिंह वल्द हुली सिंह वो भवानी सिंह वल्द चमन सिंह कौम राजपूत सा0-गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 15 अंश | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 |
| 3 | 5 | 23 | रैयती | टांड तीन | 0.0470 | जयराम सिंह वल्द हुली सिंह कौम राजपूत सा0- गुमो। | प्लॉट 18 | प्लॉट 24 | सिमाना लालमनदिग्धु | प्लॉट 23 अंश |
| 4 | 1 | 24 | रैयती | टांड तीन | 0.1270 | इन्दो सिंह वल्द हुली सिंह कौम राजपुत सा0-गुमो। | प्लॉट 23 | प्लॉट 24 अंश एवं 25 | प्लॉट 24 अंश एवं सिमाना लालमनदिग्धु | प्लॉट 24 अंश |
| 5 | 2 | 25 | रैयती | टांड तीन | 0.4370 | इन्दो सिंह वो जैराम सिंह पेशरान दुली सिंह कौम-राजपूत सा0-गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 24 एवं प्लाट 25 अंश | प्लॉट 25 अंश | प्लॉट 25 अंश | प्लॉट 18 |
| 6 | 4 | 26 | रैयती | टांड तीन | 0.0540 | चुल्हन सिंह वल्द हुली सिंह वो भवानी सिंह वल्द चमन सिंह कौम राजपुत सा0-गुमो बहिस्सा बराबर। | प्लॉट 18 | प्लॉट 26 अंश | प्लॉट 18 | प्लॉट 18 |
| कुल:- | | | | | 0.7510 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम-2013 (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/-
समुचित सरकार-सह-
उपायुक्त, कोडरमा

PR 353412 Land Reforms(25-26).D

## समय संवाद

कमोबेश यह स्थिति पर्वतीय व मैदानी इलाकों में समान रूप से देखी जाती है। सारे देश को सींचने वाली नदियां देने वाले पहाड़ों के लोग यदि प्यासे रहें तो इससे बड़ी विडंबना कोई और नहीं है। नीति-नियंताओं की विफलता के चलते ही कहा जाता है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। पानी नदियों में बह जाता है और जवानी रोजगार की तलाश में मैदानों में उतर जाती है। बहरहाल, ऐसी ही समस्या से विकासशील हरियाणा के कई जनपद भी जूझ रहे हैं। तीन तरफ से देश की राजधानी से लगे हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी वाले क्षेत्र में विकास की गगनचुंबी इमारतें तरक्की की नई इबारत लिख रही हैं।

# पानी की कमी और हमारी अधूरी तैयारी



**फलक फातिमा**



**सवाल** यह है कि जब पता है कि हर साल गर्मियों में पानी का संकट पैदा होने वाला है तो पहले से तैयारी क्यों नहीं की जाती? आखिर हमारे प्रशासक आग लगने पर कुंआ खोदने की आदत से कब मुक्त होंगे? ह्यहर घर नल से जलह्न का नारा तब खोखला नजर आता है जब महिलाओं को गर्मी व सूरज की तपिश में पानी के लिये जाते देखते हैं। आखिर क्यों बहू-बेटियों की ऊर्जा आज 21वीं सदी में भी पानी ढोने में खर्च होती है? फिर वे कितना पानी इन मटकों-बाल्टियों में ला पायेंगी? पलवल समेत हरियाणा के कई जिलों में खारा पानी होने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। कुदरत की कहानी अपनी जगह है मगर हम क्यों मीठा पानी इन इलाकों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जबकि हरियाणा जैसे समृद्ध राज्य में पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकताओं में होनी चाहिए।

सरकारें कैसे कार्य करती हैं उसकी कहानी पलवल जिले के हथीन में चार सौ पच्चीस करोड़ की लागत से बनने वाली ह्यराजीव गांधी जल संवर्धन योजना के रूप में सामने आती है। वर्ष 2004 में इस योजना की आधारशिला एक राजनीतिक दल की सरकार ने रखी। चार साल बाद दूसरे राजनीतिक दल के शीर्ष नेतृत्व ने अगले चरण का शुभारंभ किया। दरअसल, इस योजना का मकसद पलवल और मेवात इलाके के गांवों के लोगों का पेयजल संकट दूर करना था। विडंबना देखिये कि डेढ़ दशक से अधिक समय गुजरने के बावजूद महत्वाकांक्षी योजना सिरे नहीं चढ़ सकी है। इस योजना से लाभान्वित होने वाले पलवल, नूंह व हथीन के सैकड़ों लक्षित गांव आज भी प्यासे हैं। तमाम प्रचार के बावजूद परिणाम वही ढाक के तीन पात, जो बताता है कि हमारा शासन-प्रशासन पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर कितना संवेदनहीन है। हर चुनाव में नये मुद्दे, नये सपने, नये वायदे, और परिणाम जस के तस।

जो हमारे लोकतंत्र में लोकलुभावनी घोषणाओं और उनके क्रियान्वयन के बड़े अंतर को दशार्ता है। निस्संदेह, इन तमाम मुद्दों पर जनता को जागरूक होकर लोकलुभावनी घोषणाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगने की स्वस्थ परंपरा की शुरूआत करनी होगी।लेकिन यहां बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे नीति-नियंता विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इलाकों में घर-घर पानी पहुंचाने में कामयाब रहे हैं? आखिर क्यों आजादी के अमृत महोत्सव काल में लोग अमृत तो दूर, पानी को भी तरस रहे हैं। सवाल ये है कि इसके कई इलाके आजादी के सात दशक बाद भी पानी के संकट से क्यों जूझ रहे हैं? क्यों बहू-बेटियों को सुबह -शाम पानी के मटकों को लाने-ले जाने में अपना जीवन खपाना पड़ता है?

जिस समय का उपयोग उन्हें अपने व परिवार को संवारने में करना था, उसे वे पानी ढोने में गुजारती हैं। कैसी विडंबना है कि मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता पानी भी सत्ताधीश अपनी जनता को उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। चुनाव में आसमान से चांद-तारे तोड़ लाने के वायदे करने वाले राजनेता पानी जैसी प्रारंभिक जरूरत पूरी करने में नाकाम रहते हैं। यह स्वाभाविक है कि गर्मियों में यह संकट गहरा हो जाता है। तमाम जल स्त्रोतों का संकुचन होता है। विद्युत आपूर्ति बाधित होती है जिसके चलते पेयजल संकट और गहरा जाता है।

**(यूनिसेफ झारखंड)**

# धर्म संघर्ष नहीं सीखता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**विश्वामित्र** को विशिष्ठ जी ने ही अयोध्या भेजा। राम को बक्सर लाने के लिए विशिष्ठ ने ही विश्ववामित्र को कहा कि आप अयोध्या जाये और राक्षसों, दानवों को पृथ्वी से समाप्त करें। यही कारण है कि जब विश्ववामित्र ने राजा दशरथ से राम को वन ले जाने की बात कही तब गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया कि राम को जाने दें। रावण का साम्राज्य बक्सर तक आ चुका था और ताड़िका वहीं के जंगलों में रहती थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर ही राम का वन गमन हुआ। इस क्रम में रावण वध सहित सभी घटनाएं घटित हुई। विश्ववामित्र गुरु वशिष्ठ की बातों का अनुकरण करते रहे। राम ने रावण के वध के बाद कहा कि जो हुआ वह गुरु कृपा से ही हुआ है जबकि सभी देवता राम पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। राम को मालूम था कि गुरु वशिष्ठ के आज्ञा को मानना ही उनके अवतार लेने का अर्थ मात्र है। गुरु में श्रद्धा का अर्थ है कि उनके सबसे निकटतम को पकड़ना उसका संग करना, उसके अनुसार काम करना। वशिष्ठ को मालूम था कि रामवातार होगा और उनके माध्यम से धर्म की स्थापना होगी। सबरी और अहिल्या का भी उद्धार होगा।

कोई भी धर्म के लिए संघर्ष नहीं करता है। कोई राम, कृष्ण, यीसू, अल्लाह के लिए नहीं लड़ रहा है। लोग नासमझी में लड़ते हैं दंगा करते हैं। इस प्रकार के हिंसा का इतिहास आजादी की लड़ाई के क्रम में उपजा है। किसी भी धर्म में घृणा का कोई स्थान नहीं है। आज कर्मकांड विज्ञान के विकास के साथ ही कम होता जा रहा है। आने वाले दिनों में भक्ति का प्रचार और तेज होगा। साधन का उपयोग होगा। भक्ति सीखना हो या भक्ति समझना हो तो सीता और राधा से समझी जा सकती है। अगर भक्ति पैदा करना हो तो हनुमान जी से अच्छा उदाहरण नहीं है। आज बड़ी संख्या में संत और महात्मा भक्ति का प्रचार-प्रसार अपने विचार,पंथ के अनुसार कर रहे हैं। भक्ति सभी बढ़ा रहे हैं। स्वार्थ के लिए की गयी भक्ति और प्रीत से भी कल्याण होता है। हमारे सदगुरु स्वामी शिवधर्मानंद जी परमहंस बक्सर के राजपुर आये। जब गढ़वा घाट से उन्हें छोटका राजपुर आने का आदेश हुआ तो उन्होंने गांव के गांव लोगों को भक्ति से जोड़ा। वे सभी से जुड़े और भक्ति का प्रसार किया। ^^स्वारथ लागि करहीं सब प्रीति**। तुलसी दास ने भी लिखा है कि अपने सुख के लिए मैं रामचरित मानस की रचना कर रहा हूं।

मानव का शरीर एक पात्र जैसा ही है। इसे गढ़ने वाली माताओं के प्रति आदर का भाव और अधिकार दोनों को समझने की आवश्यकता है। गिलास कोई भी है उसका महत्व है। उसके बगैर जल या दूध कोई भी न तो आकार ले सकता है और न ही आप उसका उपयोग कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में भक्ति परम्परा में महिलाओं के त्याग और समर्पण को सबसे उपर रखा गया है। सीता और राधा उसके उदाहरण मात्र है। आज भी महिला अपना सब कुछ त्याग कर पति के घर आ जाती है और पूरा जीवन समर्पित कर देती है। सभी को एक संतोष का भाव होना चाहिए जो उसे मालिक बनाता है। संसाधनों की कमी पर बात करना नौकर का लक्षण है। संसाधन कभी पूरा हो ही नहीं सकता इसलिए जो है उसमें संतोष करना चाहिए। एक स्त्री के जीवन से यह सीखा जा सकता है। आज के दौर में लोग सिर्फ इसलिए दुखी हैं क्योंकि उन्हें अधिक से अधिक भौतिक सामग्री की चिंता है। आपने जो भी संसाधन जमा किया या प्राप्त किया वह अन्ततः नाशवान है या नहीं। इस दिशा में सोच होना चाहिए। संसाधन जुटायें लेकिन उसके लिए बैचेन रहना जीने का सही ढंग नहीं है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ रांची)

# हनुमान चालीसा की रचना

**जीवीएस शास्त्री**

बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# अदरख में अनोखे गुण

**अन्नू अंबालिका**



आमतौर पर हम अदरक का प्रयोग खाना बनाने या चाय आदि में करते हैं। बहुत ही स्ट्रॉन्ग स्मेल वाला यह अदरक दरअसल एक खास पौधे का जड़ होता है। इसका इस्तेमाल शरीर में सूजन को कम करने, पाचन तंत्र को ठीक रखने और भूख बढ़ाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में इसका प्रयोग खांसी और सर्दी ठीक करने के लिए भी किया जाता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और पाचन ठीक रहता है। कई लोग इसे वजन कम करने के लिए भी प्रयोग में लाते हैं. हेल्थलाइन के मुताबिक, वजन कम करने का वैसे तो इसमें कोई स्पेशल गुण नहीं होता लेकिन आप अगर इसे कुछ खास चीजों के साथ प्रयोग में लाएं तो यह वजन तेजी से कम कर सकता है। ऐसे में अगर आप भी वजन कम करने की सोच रहे हैं तो जानिए इसका इस्तेमाल आपको कैसे करना चाहिए।

शोध के मुताबिक, जो लोग रोज अदरक का सेवन करते हैं उनका पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे उन्हें भूख कम लगती है। इसमें मौजूद तत्व ब्लड शुगर लेवल को भी स्थिर बनाए रखता है। एक अन्य शोध में पाया गया कि अदरक वजन घटाने और पेट की चर्बी को कम करने में सहायक है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट मोटापा की बड़ी वजह स्ट्रेस को कम करने में काफी फायदेमंद साबित होता है। यह फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को भी हील करता है जिससे मोटापे में कमी आ सकती है।

वजन कम करना हो तो आप नींबू के साथ अदरक का सेवन करें. एक ग्लास पानी में अदरक को उबालें और इसमें नींबू की कुछ बूंदे डालकर पिएं. वजन तेजी से कम होगा। जिंजर टी या जिंजर ड्रिंक के रूप में भी आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल एप्पल साइडर विनेगर में वेट लूज करने के कई गुण हैं। ऐसे में जब आप अदरक के साथ इसका उपयोग करेंगे तो आपका वजन तेजी से घटेगा।

ग्रीन टी के साथ अदरक का प्रयोग करें। ग्रीन टी में वजन कम करने के तत्व पाए जाते हैं। इन दोनों के साथ प्रयोग से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर तरीके से काम करेगा और आप ओवर इटिंग से बचेंगे।

# साइबर धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत करें



**निरंजन कुमार**

**साइबर** धोखाधड़ी के कारण आर्थिक नुकसान रोकने और डिजिटल भुगतान के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस तरह की धोखाधड़ी का पता लगाने और जांच करने के लिए एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-155260 शुरू किया है।

इस पहल के तहत ऐसे अपराध रोकने या उन्हें हल करने के लिए राज्य पुलिस और बैंक पहली बार समन्वय के साथ काम करेंगे। यह हेल्पलाइन और इसका रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी प्रमुख बैंकों, भुगतान बैंकों, वॉलेट और ऑनलाइन व्यापारियों के समर्थन से भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) द्वारा शुरू किया गया है। इसमें शामिल होने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण बैंक हैं-भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, येस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक। पेटीएम, फोनपे, मोबिक्विक, फ्लिपकार्ट और एमेजॉन जैसे सभी प्रमुख वॉलेट और मर्चेंट भी इससे जुड़े हुए हैं। नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली कहा जाने वाला यह प्लेटफॉर्म फिलहाल सात राज्यों (छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में सक्रिय है। देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी इसके दायरे में आती है। अंततः इसे अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी शुरू किया जाएगा।

इस साल अप्रैल में अपनी सीमित शुरूआत के बाद से हेल्पलाइन 155260 धोखेबाजी करने वालों के हाथों में 1.85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जाने से रोकने में सफल रही है। दिल्ली और राजस्थान ने क्रमशः 58 लाख और 53 लाख रुपये वापस पाए हैं। साइबर सुरक्षा मामलों के वकील प्रशांत माली कहते हैं, 'इस प्रयास के परिणाम सामने आ सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वित्तीय धोखाधड़ी के मसले हल करने के लिए पहली दफा कोई केंद्रीकृत दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतर्क रहना होगा और वे शिकायतों में ज्यादा देरी नहीं कर सकते हैं।



इस व्यवस्था की कारगरता के लिए उपयोगकताओं को भी सतर्क रहने की आवश्यकता होगी और किसी संदिग्ध लेनदेन की जानकारी के साथ उन्हें तुरंत हेल्पलाइन पर कॉल करना होगा, ताकि पैसे पर तत्काल नजर रखी जा सके। अगर पैसा दूसरे बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है, तो उस बैंक को सावधान किया जा सकता है और पास वापस स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि अगर पैसा सही मालिक को वापस स्थानांतरित किए जाने से पहले धोखेबाजी करने वाला व्यक्ति पैसा निकालने में सफल हो जाता है, तो यह मामला पुलिस के पास ले जाना होगा। एमएचए के बयान में इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है 'ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में धोखाधड़ी सेपैसे के नुकसान को उसकी निगरानी करते हुए और धोखेबाज द्वारा पैसे को डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर निकाले जाने से पहले इसके आगे प्रवाह को बंद करते हुए रोका जा सकता है।' कोई हेल्पलाइन मदद के लिए होती है। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त नहीं करती है। एक प्रायोगिक परियोजना में सरकार ने लोगों को सक्रिय रूप से आगे आने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक पोर्टल निर्मित किया था। लेकिन हमने पाया कि लोग केवल पैसे वापस दिलाए जाने में ही दिलचस्पी रखते हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने में नहीं। ऐसा किए जाने के लिए लोगों को अपराध की सूचना भी देनी होगी। जुलाई 2017 की आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार अगर बैंक के किसी खाताधारक का पैसा धोखे से निकाला जाता है और वह व्यक्ति अपराध के 72 घंटे के भीतर इस घटना की सूचना देता है, तो बैंक को वह पूरी राशि उस खाताधारक को 10 कार्य दिवस के भीतर देनी होगी। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बैंक नेटवर्क से पैसा निकलवाया जाता है, तो यह हेल्पलाइन इस प्रक्रिया में तेजी लाएगी। खाताधारक बैंक को धोखाधड़ी की सूचना देने के बावजूद पैसा वापस पाने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। यह हेल्पलाइन इस क्षेत्र में उपयोगी होगी। **(सीनियर एडवोकेट रांची सिविल कोर्ट रांची)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मां ईश्वर है, सबसे बड़ा रिश्ता है मां और संतान का



**प्रशांत झा**

**मां** और बच्चे का रिश्ता दुनिया में सबसे अहम और अनमोल होता है। मां से रिश्ता होने के बाद ही एक बच्चा बड़ा होने तक अपने जीवन में कई और रिश्तों को अपना सकता है। मां की ममता और प्यार हर इंसान के लिए बहुत जरूरी होती है। मां बच्चे की इस जरूरत को बिना किसी स्वार्थ के पूरा करती है। वैसे तो मां अपने बच्चे पर अपना पूरा जीवन कुर्बान कर देतीं हैं। बच्चे की खुशी में खुश और तकलीफों में दर्द बांटती है। ऐसे में बच्चे अपनी मां के लिए कुछ खास करना चाहते हैं।

यह बताने की कोशिश करते हैं कि उनके जीवन में मां की क्या भूमिका है और वह भी मां से प्यार करते हैं। मदर्स डे भारत में ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि मदर्स डे मई माह के दूसरे रविवार को ही क्यों मनाया जाता है? मदर्स डे मनाने की शुरूआत कब से और क्यों हुई? चलिए जानते हैं मदर्स डे का इतिहास, महत्व और इस खास दिन से जुड़ी कहानी।

### मदर्स डे कब मनाया जाता है?

मदर्स डे दुनिया भर में मई महीने के दूसरे रविवार के दिन मनाया जाता है। साल 2022 में मदर्स डे 8 मई को मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने की शुरूआत औपचारिक तौर पर 1914 में हुई थी।

### सबसे पहले मदर्स डे किसने मनाया?

दरअसल, मदर्स डे मनाने की शुरूआत एना जार्विस नाम की एक अमेरिकी महिला ने की थी। एना अपनी मां को आदर्श मानती थीं और उनसे बहुत प्यार करती थीं। जब एना की मां की निधन हुआ तो उन्होंने कभी शादी न करने का फैसला करते हुए अपनी मां के नाम अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने मां को सम्मान देने के लिए मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। उन दिनों यूरोप में इस खास दिन को मदरिंग संडे कहा जाता था।



### मई में रविवार को ही क्यों मनाते हैं मदर्स डे?

एना के इस कदम के बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने औपचारिक तौर पर 9 मई 1914 में मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। इस खास दिन के लिए अमेरिकी संसद में कानून पास किया गया। जिसके बाद मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने का फैसला लिया गया। बाद में मदर्स डे को मई के दूसरे रविवार के दिन मनाने की स्वीकृति अमेरिका समेत यूरोप, भारत और कई अन्य देशों ने भी दी।

### मदर्स डे मनाने की वजह?

अपनी मां को खास महसूस कराने, उनके मातृत्व और प्यार को सम्मानित करने के उद्देश्य से बच्चे मदर्स डे मनाते हैं। पिछले कुछ दशकों में मां को समर्पित इस दिन को बहुत खास तरीके से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां के साथ समय बिताते हैं। उनके लिए गिफ्ट या कुछ सरप्राइज प्लान करते हैं।

# पक्षियों के गुस्से-प्यार के इजहार

**मनोज शर्मा**

**इंसान** के साथ रहने वाले पालतू पशुओं की तरह कई पक्षी भी इंसानों से अपनी भावनाएं बांटना सीख जाते हैं, विशेषकर तोतों में यह खूबी देखी गई है। अगर आपने अपने पालतू तोते को कई घंटे तक कुछ खाने को नहीं दिया, तो वह गुस्से में आवाजें निकाल सकता है। पिंजरे में लगातार चोंच मार सकता है या कुछ भी ऐसी हरकत करेगा, जिससे जाहिर हो सके कि वह आपसे गुस्सा है। हालांकि जैसे इंसान हमेशा गुस्से में नहीं रह सकता, वैसे ही ऐसे पक्षी जो गुस्सा होना जानते हैं, वो भी हमेशा गुस्से में नहीं रहते। इंसानों की तरह ही इनमें कभी गुस्सा, कभी चिड़चिड़ापन, कभी अनमनापन जैसे हावभाव भी देखने को मिलते हैं। हालांकि पक्षियों के अनमनेपन को पकड़ना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन उनकी खुशी और उनके गुस्से को पहचानना आसान होता है। जब पक्षी खूब खुश होते हैं, उन्हें अच्छा लग रहा होता है, तब वे आपके इर्दगिर्द बहुत तेजी से उड़ते हैं। खूब आवाजें करते हैं।

जब उन्हें बहुत गुस्सा आ रहा होता है तो भी कुछ पक्षी खासकर तोता आदि तेज-तेज आवाजें निकालते हैं, देर तक चोंचें खुले रखते हैं और लगता है आपको कुछ समझाने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं इंसानों की तरह रूठे हुए पक्षी यह भी उम्मीद करते हैं कि आप उन्हें मनाएंगे। पक्षियों में इस तरह के स्वाभाविक हावभाव हों भी क्यों न, जब वो अपने रहने के लिए घोसला बनाते हैं, अपने बच्चों की सही से परवरिश करते हैं और इंसानों की ही तरह कुछ भी करके अपने बच्चों के लिए भोजन ढूंढ़कर लाते हैं। खुशी में गाते हैं या कहिए चहचहाते हैं। समूह में मिलकर उड़ान भरते हैं, आवाजें निकालते हैं और दूसरे पक्षियों के साथ इंट्रैक्ट करते हैं। जब पक्षियों में इस कदर की समझदारी और भावनाएं हमें दिखाई पड़ती हैं, तो भला उनका रूठना या गुस्सा होना आश्चर्यजनक कैसे हो सकता है?

जैसे छोटे बच्चे गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं, ठीक वैसे ही पक्षी भी गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं। हालांकि पक्षियों में इंसानों की तरह सार्वभौमिक व्यवहार मजबूत नहीं होता। पक्षी अपनी पसंदीदा जगह, पसंदीदा घोसला, पसंदीदा वातावरण और पसंदीदा व्यक्ति के साथ अलग किस्म का बर्ताव करते हैं और बाकी भिन्न जगहों और लोगों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। अगर आप किसी पालतू पक्षी को काफी देर तक पिंजरे में बंद रखते हैं, उसकी खोज खबर नहीं लेते, तो भी वह नाराज हो जाता है। जब पक्षी गुस्से में होते हैं तो वह अपना अधिकांश समय अकेला बिताते हैं। इस दौरान तनावग्रस्त रहने के चलते आमतौर पर वे निष्क्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसे पक्षी गुस्से में शांत बैठ जाते हैं और कई कई दिनों तक भी शांत बैठे रह सकते हैं। इसलिए जब पक्षी गुस्सा होते हैं तो एकांत में दुबकना पसंद करते हैं। (रांची विवि रांची)

### पुतिन की हालत...




साभार कॉर्टूनमूवमेंट

स्पीड न्यूज

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में कैंपस सलेक्शन, कई प्रशिक्षु चयनित



हजारीबाग। हजारीबाग के मुकुंदगंज स्थित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को कैंपस सलेक्शन हुआ। प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में जिले के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं का साक्षात्कार लेकर कई प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्राचार्या डॉ. बसुंधरा कुमारी ने बताया कि 2008 से अब तक इस कॉलेज से सैकड़ों प्रशिक्षु शिक्षक पदों पर चयनित हो चुके हैं। महाविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाना भी है। प्लेसमेंट सेल ऑफिसर कुमारी अंजलि ने कहा कि प्रशिक्षुओं को शिक्षा के हर क्षेत्र में दक्ष बनाया जाता है, जिससे वे साक्षात्कार में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कैंपस सलेक्शन में एकलव्य द जीनियस माइंड स्कूल चरही, लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल अमृतनगर, कैंब्रिज हाई स्कूल इचाक, माइल स्टोन स्कूल बड़कागांव सहित कई स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अनुरंजन कुमार, एस.एस. मैती, डॉ. मीरा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## सावित्री व्रत सोमवार को : पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंडित राम कुमार पाठक ने कहा कि सावित्री व्रत अखंड सौभाग्य, पारिवारिक सुख-शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इस वर्ष व्रत 26 मई को होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत का पालन करने से महिलाओं को पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार इस व्रत का संबंध सतयुग के महान राजा अश्वपति और उनकी पत्नी रानी मालती से जुड़ा है। वे संतानहीन थे और वसिष्ठ ऋषि के कहने पर उन्होंने सावित्री देवी का अनुष्ठान किया। इस अनुष्ठान से माता प्रसन्न हुईं और स्वयं रानी की कोख से पुत्री रूप में प्रकट हुईं, जिनका नाम सावित्री रखा गया। सावित्री जब विवाह योग्य हुईं, तब भृगु ऋषि के निर्देश पर उन्होंने वट सावित्री व्रत करना प्रारंभ किया। इसके प्रभाव से वे अत्यंत तेजस्वी और बुद्धिमान हो गईं। योग्य वर की तलाश में उन्होंने सालवदेश के अंधे राजा धूमतसेन के पुत्र सत्यवान को चुना। नारद मुनि ने चेतावनी दी कि सत्यवान की आयु केवल एक वर्ष शेष है, लेकिन सावित्री ने अडिग निश्चय के साथ सत्यवान से ही विवाह किया। विवाह के एक वर्ष बाद जब सत्यवान वन में लकड़ी काटने गए, सावित्री उनके साथ गईं। वहीं यमराज सत्यवान के प्राण हरने आए। सावित्री ने अपने व्रत की शक्ति और तप के प्रभाव से यमराज को प्रसन्न कर लिया और उन्होंने न केवल सत्यवान को पुनः जीवनदान दिया, बल्कि सौ पुत्रों का वरदान भी दिया।

## कपरफुटवा में पीसीसी रोड का शिलान्यास

**कुजू।** छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम कपरफुटवा में शनिवार को पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास । मुखिया रामसेवक महतो ने विधिवत पूजार्चना, नारियल फोड़कर और फीता काटकर ढलाई निर्माण कार्य शुरू कराया। पीसीसी पथ निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग के तहत दो सौ फीट का करीब दो लाख रुपए की लागत से भोला साहू के आवास से हनुमान मंदिर तक किया जाना है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनोज सोरेन, अशोक साहू, नागेश्वर कुमार, महेंद्र महतो, लक्ष्मण साहू, गुनीलाल महतो, बंशी महतो, पंकज महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## फूसरी गांव पहुंची जांच टीम



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर केरेडारी प्रखंड के मनातू पंचायत अंतर्गत फूसरी गांव में मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों की स्थिति की जांच की गई। शनिवार को बीडीओ विवेक कुमार और सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल ने संयुक्त रूप से गांव का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक मद योजना, नल जल योजना और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जैसी विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। स्थल निरीक्षण में यह भी देखा गया कि किन योजनाओं की और आवश्यकता है। इसके तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य पालन, सुकर पालन और कुक्कुट पालन जैसी योजनाएं शुरू करने की अनुशंसा की गई। साथ ही पुल-पुलिया और संपर्क पथ के निर्माण की जरूरत को भी चिह्नित कर रिपोर्ट के साथ सुझाव उपायुक्त को भेजे गए। जांच दल में पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें आवागमन की सुविधा, पेयजल संकट और आवास योजना में पारदर्शिता जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव के समग्र विकास के लिए आवश्यक तथ्यों को संकलित कर उपायुक्त को रिपोर्ट सौंपना था, जिससे आगे की कार्य योजना तय की जा सके।

# मुखिया बेबस, अधिकारी बेलगाम

## झूठे वादों की छत, सच्चाई की जमीन दरकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी हैं। जिनके सिर पर छत होनी चाहिए, वो खुले आसमान के नीचे हैं, और जिनके पास पहले से महल हैं, उन्हें सरकार ने और छतें दी। हजारीबाग के कई प्रखंडों से लगातार शिकायतें आ रही हैं कि लाभुक चयन में भारी गड़बड़ी की जा रही है। जिन लोगों के पास पहले से मकान हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई जगह एक ही घर में तीन-तीन लोगों को आवास अलॉट कर दिया गया। वहीं असल हकदार गरीब आज भी टाट-पट्टी में जी रहे हैं। ग्राम मुखिया, जो पंचायत के मुख्य प्रतिनिधि माने जाते हैं, आज खुद को बेबस महसूस कर



रहे हैं। इचाक मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता का कहना है कि ना लोकसभा , ना विधानसभा। सबसे बड़ी ग्राम सभा है, और उसी की अवहेलना हो रही है।

**▸▸ प्रखंड में बैठकर पीएम व अबुआ आवास का प्रायोरिटी तैयार करते हैं अधिकारी : सकेंद्र मेहता**

**▸▸ सरकार मुखिया को निकम्मा बनाकर रखी है: मुखिया संघ**

प्रखंड में पदाधिकारी बैठकर प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास का प्रायोरिटी तैयार करते हैं और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, ग्रामसभा की बैठक को नजरअंदाज कर फंड का मनचाहा वितरण किया गया है और सरकार चुप है।

बीडीओ संतोष कुमार से जब पूछा गया कि प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास फंड क्यों नहीं जारी हो रहा, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब दिया, भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं, इसलिए फंड रोका गया है। सवाल ये उठता है कि जब पहले युद्ध जैसे हालत नहीं थे, तब क्यों फंड लटकाए गए? और चहेतो को फंड दिए गए। सच्चाई यह है कि झारखंड सरकार मुखियाओं को सिर्फ. नाम का अधिकार दे रही है।14 विभाग में 29 विषयों पर मुखिया को अधिकार दिया गया है ,लेकिन पूर्ण रूप से दो ,तीन अधिकार ही मिला है । पंचायत चुनाव पर करोड़ों बहाए जाते हैं, लेकिन जमीनी ताकत अधिकारी हड़प लेते हैं। अब जनता पूछ रही है कि क्या लोकतंत्र का सबसे बुनियादी स्तंभ भी भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा होगा? जब इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क ना हो सका।

# हजारीबाग में शराब माफियाओं पर शिकंजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिले में शराब की खुदरा दुकानों पर तय कीमत से ज्यादा वसूली अब उत्पाद विभाग की निगरानी में आ गई है। जिला प्रशासन ने इस गड़बड़ी पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है और ग्राहकों से सीधी शिकायत दर्ज करने की अपील की है। फिलहाल हजारीबाग में कुल 67 खुदरा शराब दुकानें संचालित हो रही हैं—इनमें 11 विदेशी, 6 देशी और 50 कम्पोजिट दुकानों की संख्या है। इन दुकानों पर शराब की बिक्री केवल निर्धारित सरकारी दर पर ही होनी चाहिए, लेकिन शिकायतें मिल रही थीं कि कई दुकानदार मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद शिव कुमार साहू ने खुद आगे आकर जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों पर

**तय कीमत से ज्यादा वसूला तो होगी कार्रवाई : सहायक आयुक्त उत्पाद**



तय रेट से अधिक वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की शिकायत सीधे विभाग के अधिकारियों को दी जा सकती है।

इस पहल के तहत चार अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर ग्राहक गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। साहू ने यह भी कहा कि सिर्फ दुकानों में ही नहीं, बल्कि आस-पास कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की जानकारी मिलने पर लोग तुरंत सूचना दें। यह न सिर्फ सरकार के राजस्व हित में है, बल्कि समाज के हित में भी। अब देखना है कि आम जनता इस अभियान में कितनी सक्रियता दिखाती है और क्या प्रशासन वाकई में इन गड़बड़ियों पर लगाम कस पाता है या नहीं।

### इस नंबर करें शिकायत

- **शिव कुमार साहू, सहायक आयुक्त उत्पाद: 8292321719**
- **भुवनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद: 7903995107**
- **सुमितेश कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद: 8210837784**
- **कृष्णा कुमार प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद: 9608208777**

## वेंकटेश आयरन में हुयी जन सुनवाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वेंकटेश आयरन एंड एलॉयज (इंडिया) लिमिटेड ने भदानीनगर के राजकीय मध्य विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को झारखंड में प्रस्तावित परियोजना हेतु झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई की। सुनवाई में एसी गीतांजलि तिर्की, आरओजेएसपीसीबी - एचएस जितेंद्र प्रसाद सिंह, एचओजेएसपीसीबी सुमित झा, जीएम डब्लूआईसी एसएस बैठा, पतरातू सीओ मनोज चौरसिया, वैंकटेश फैक्ट्री के निदेशक कमल केडिया, अंकित केडिया, हर्ष केडिया, लपंगा मुखिया आनंद दुबे, भाजपा नेता रणवीर सिंह सहित अजय सिंह, रत्नेश गिरी, पंकज पांडेय, राजकिशोर सिंह, अनुप ठाकुर, कमलेश प्रसाद, निशांत पांडेय, राशीद, मो. कलाम, विजय सिंह व अन्य मौजूद थे।

# भुरकुंडा में 40 महिलाएं सम्मानित

**सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने आदर्श अस्पताल भुरकुंडा में किया सम्मान समारोह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा शनिवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में ह्यमहिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल टोप्पो, सीसीएल महामंत्री शशी भूषण सिंह, डॉ आफताब आलम, डॉ. मेजर संतोष कुमार, डॉ चंदन कुमार, सुषमा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में अतिथियों व संघ के लोगों ने 40 महिलाओं को अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने महिलाओं को सम्मानित कर यह संदेश दिया कि समाज में महिलाओं को उच्च सम्मान और बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। मौके पर मुख्य अतिथि भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सीमा हो या विज्ञान, खेल हो या प्रशासन हर मोर्चे पर महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है। विशेष रूप से जब महिलाएं राष्ट्र की सुरक्षा में अपना योगदान दे रही हों, तो उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमारे पुराणों में भी सर्वोच्च स्थान दिया है इसलिए हम सीताराम व राधेश्याम का संबोधन करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि संघ भविष्य में भी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के लिए ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष सरोज राणा और संचालन सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर सरोज राणा, शंभू प्रसाद सिंह, हरिनाथ महतो, ललन प्रसाद, सत्यनारायण गुप्ता, फारुख रजा, श्रीकांत गुप्ता, अनिल पासवान, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, कुमार देवेंद्र शरण, संतोष पांडेय, मो. नौशाद आदि मौजूद थें। सम्मानित होने वालो में बेबी देवी, रीता देवी, मीना देवी, वीणा देवी, शांति देवी, रुखसाना, राखी, आरती, द्रौपतिया, पूनम, झिरगी देवी, पनवा देवी, रेखा, पूजा, सीता, मुनको, नेहा, रौशनी, एस कुजूर, सबिता पिंकी, विभा देवी सहित 40 महिलाएं शामिल है।

## कस्तूरबा में नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग राजीव जायसवाल सहित व अन्य बैठक में उपस्थित थे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने उपायुक्त एवं विधायकों को बताया कि वर्ष 2025-26 में रामगढ़ जिला अंतर्गत 4 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं 2 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रखंड स्तरीय समिति से विद्यार्थियों की सूची प्राप्त है। मौके पर उनके द्वारा प्राप्त सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रखंड स्तरीय समिति से प्राप्त बच्चों की सूची पर चर्चा के उपरांत बच्चों के नामांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया।

प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और



कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट

**350 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण**

प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, लायन अजय सिंह आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

एक नजर में

## कोल इंडिया के चेयरमैन से मिले सांसद



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कामगारों, कोल परियोजनाओं और स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सांसद जायसवाल ने दुर्घटनाओं में अपंग हुए कामगारों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा और रोजगार दिलाने के लिए पूर्व से प्रस्तावित समिति के गठन की मांग की, ताकि लंबित मामलों का त्वरित निपटारा हो सके। उन्होंने कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को सुधारने की भी आवश्यकता जताई। सांसद ने हजारीबाग क्षेत्र की कई नई और बंद पड़ी कोल परियोजनाओं—जैसे अरगड्डा काजू बगान, आरा कुजू, पुंडी कुजू, केदला, के.के. कोलियरी, सौंदा डी और रजरप्पा-दामोदर—की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके शीघ्र संचालन के लिए विशेष आग्रह किया। उन्होंने सीसीएल क्षेत्र के गांवों में सीएसआर मद से हाई मास्ट लाइट्स लगाए जाने की मांग भी रखी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने सांसद द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता जताई। बैठक को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

२४ है पी ७: कोल इंडिया चेयरमैन से मिले सांसद मनीष जायसवाल

## हजारीबाग में संविधान बचाओ सभा



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को कार्मेल चौक स्थित पैराडाइज रिसॉर्ट में भव्य जिला स्तरीय संविधान बचाव सभा का आयोजन किया गया। यह सभा लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना की रक्षा को लेकर जनजागरण अभियान के तहत आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। सभा के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि संविधान को समझना और उसे जनमानस से जोड़ना आज की प्राथमिक आवश्यकता है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी रक्षा हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने चेताया कि जब संविधान विरोधी ताकतें सक्रिय हों, तब जनसाधारण को जागरूक होकर प्रतिरोध करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभा में सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, समानता और मौलिक अधिकारों पर भी गहन चर्चा हुई। सभा में जय प्रकाश भाई पटेल, अंबा प्रसाद, पासवान, भीम कुमार, विनोद कुशवाहा, सुरजीत नागवाला, कोमल राज, साजिद अली खान, बेबी देवी, प्रकाश यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और संविधान के प्रति संकल्प के साथ हुआ।

## बड़कागांव ब्लॉक मोड़ में आम का सुखा पेड़ दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



बड़कागांव। प्रखंड मुख्यालय मोड़ के पास विशाल आम का पेड़ दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। यहां हर दिन सैकड़ो लोग अंचल एवं प्रखंड कार्यालय आते जाते रहते हैं। लगभग हजारों से अधिक विद्यार्थी प्लस टू हाई स्कूल, झारखंड कॉलेज एवं कन्या मध्य विद्यालय में पढ़ने आते हैं।साथ-साथ एसडीपीओ, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन विभाग के पदाधिकारीयो का आना-जाना लगा रहता है क्योंकि इन सभी पदाधिकारी का आवास और ऑफिस इसी सड़क से होकर गुजरता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों में से नरसिंह प्रसाद एवं सुमित कुमार ने बताया कि इस विशाल सूखे आम के पेड़ को कटवा कर हटवाने के लिए बड़कागांव अंचल अधिकारी के पास आवेदन दिया गया है परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।वहीं उपस्थित स्थानीय लोगों ने कहा की हम लोगों को हमेशा डर सताते रहता है की क्या पता कब पेड़ की मोती टहनी गिर जाए और कोई अप्रिय घटना घट जाए चुकी हल्की सी हवा में है सूखे पेड़ की टहनियों गिरने लगती है।इसके अलावा अंचल कार्यालय,डीएसपी कार्यालय के पास,अस्पताल,वन विश्रामगर परिसर ,प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय, अस्पताल परिसर,गेस्ट हाउस,बादम रोड में चिरैया नदी के पास, तलसवार रोड सहित इर्द गिर्द अनेकों पेड़ सुखा हैं जो कभी भी गिरकर लोगों को हानि पहुंचा सकता है।पिछले दिनों आए आंधी बारिश के कारण कन्या मध्य विद्यालय के पास सूखा पेड़ गिर गया।जिससे कई लोग बाल बाल बच गए। इस संबंध में अंचलाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है कार्रवाई जारी है।

स्पीड न्यूज

## गिद्धौर के नये थाना प्रभारी बने कुमार गौतम

**गिद्धौर।** थाना के 15 वें थाना प्रभारी के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक कुमार गौतम कुमार ने शनिवार को योगदान दिया। वे इसके पूर्व टंडवा थाना में पदस्थापित थे।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी।थाना क्षेत्र में विधिव्यवस्था व शांति कायम किया जाएगा।थाना पहुंचने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाएगा। वहीं थाना क्षेत्र के आम लोगों से सहयोग की अपील किया है।मौके पर निवर्तमान प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार पांडेय,पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलको समेत अन्य मौजूद थे।

## कोडरमा घाटी में टैंकर दुर्घटनाग्रस्त, चालक केबिन में फंसा

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौंवा माइल घाटी में अनियंत्रित टैंकर पलटा जिसमे टैंकर के केबिन चालक फंस गया। मिली जानकारी के अनुसार टैंकर कोडरमा की ओर से नवादा की ओर जा रही थी, इसी दौरान पहले से दुर्घटनाग्रस्त टैंकर के तेल से सड़क में फिसलन के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक टैंकर के केबिन में फंस गया। वहीं घटना की सूचना पाकर कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर केबिन में फंसे चालक को निकाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां चालक का इलाज किया जा रहा है।

## नामांकन को लेकर सूची को किया गया अनुमोदन

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नामांकन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विधालयों में कक्षा षष्ठ से लेकर नवम वर्ग में रिक्तसीटों पर नामांकन को लेकर प्रखण्ड स्तर से प्राप्त नामांकन हेतु प्राप्त छात्राओं की सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। मौके पर डीसी के अलावे डीईओ अविनाश राम, डीपीओ, एडीपीओ, बीईईओ, कस्तूरबा और झारखंड बालिका आवासीय विधालयों की वार्डन, सांसद, विधायक प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## चाल धंसने से एक महिला की मौत

**कोडरमा।** मुख्यालय स्थित सिविल कोर्ट के पीछे जंगल में चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय कंचन देवी पति पप्पू पासवान शिव मुहल्ला निवासी अपनी गांव के महिलाओं के साथ सिविल कोर्ट के पीछे जमा ढिबरा डस्ट के ढेर में चाल बनाकर ढिबरा चुनने गई थी, इसी दौरान अचानक चाल धंस गई, जिसमें उक्त महिला दब गई। वहीं घटना के बाद महिलाओं के द्वारा शोर किया गया। वहीं महिलाओं की शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर महिला को चाल से बाहर निकालकर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## घाटी में गिरा टैंकर, वाहन में फंसा चालक

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के नौवां माइल घाटी में अनियंत्रित टैंकर गहरी घाटी में गिर गया। यह हादसा शनिवार शाम की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार टैंकर नौवां माइल घाटी पहुंचते ही अनियंत्रित होकर पलट गया और गहरे घाटी में गिर गया, टैंकर चालक के वाहन में फंसे होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि टैंकर पलटी खाकर 200 फिट नीचे घाटी में गिर गया है, वाहन चालक के फंसे होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चालक को निकालने के लिए गैस कटर का सहयोग लिया गया, परन्तु सफलता नही मिली, अब क्रेन के सहयोग से टैंकर को ऊपर खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने शनिवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडल कारा के सभी वार्डो का निरीक्षण किया एवं सभी वार्डो में बंदियों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा तथा जेल प्रशासन के द्वारा बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओ के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

वहीं उन्होंने मंडल कारा में रह रहे बंदियों की वास्तविक स्थिति एवं जेल प्रशासन द्वारा उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जेल परिसर में साफ सफाई, आवश्यक रख रखाव, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओ सहित रसोई घर शौचालय एवं अन्य सभी चीजो का निरीक्षण कर उन्हें ठीक ठाक स्थिति में रखने का निर्देश दिये।

वहीं उन्होंने बंदियों को जेल मैनुवल के अनुसार समुचित भोजन, स्वच्छ पेयजल सहित अन्य सुविधाए मुहैया कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। जेल निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, जेल अधीक्षक राज मोहन राजन, सहायक जेलर अभिषेक कुमार, डॉ अभिषेक कुमार, राजीव कुमार, मो. मोईनुद्दीन, अजय प्रकाश, रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार मौजूद थे।

### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

# शतप्रतिशत ग्रामों को 15 दिनों के अंदर ओडीएफ प्लस घोषित करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान प्रखण्डवार सभी ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करने, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन, स्टार रेटिंग, जल जीवन मिशन अंतगर्त पेयजल आपूर्ति से सम्बंधित कार्यों आदि की समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रखण्ड के सभी ग्रामों को किसी भी श्रेणी में 15 दिन में ओडीएफ प्लस घोषित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे एसबीएम (जी) के तहत आवंटित सभी राशि का समायोजन 15 दिन में सभी जेई एमबी बनाकर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी प्रखण्डों के समन्वयकों को प्रतिदिन अपने अपने प्रखण्ड का भ्रमण करने और निर्माणाधीन योजनाओं को गति देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने विश्व पर्यावरण दिवस अभियान को लेकर विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाने, 28 मई से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम को प्रारम्भ करवाने, कार्यक्रम के दौरान सभी आवासीय विधालयों, सदर अस्पताल और समाहरणालय परिसर में एमएचएम लैब का निर्माण करवाने आदि का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त के अलावे कार्यपालक अभियंता, प्रखण्डों के बीडीओ, जिला समन्वयक, जेई, एई, प्रखण्ड समन्वयक आदि मौजूद थे।

# चेन स्नैचिंग से शहर में दहशत का माहौल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिले में इन दिनों अपराध की घटनाएं अचानक बढ़ गई है। खासकर चेन स्नेचरों के द्वारा लगातार एक के बाद एक चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं शनिवार की सुबह दिनदहाड़े अपराधियों ने एक महिला से जहां सोने की चेन छिन ली, वहीं दूसरी महिला से चेन छिनने का प्रयास किया। छिनतई की घटनाओं से शहर में भय का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना स्मार्ट बाजार के सामने स्थित गली में हुई। यहां चेन स्नेचर एक महिला के गले से चेन छीन कर फरार हो गए, घटना की जानकारी देते हुए 65 वर्षीय सावित्री देवी ने बताया कि हर दिन की तरह शनिवार की सुबह भी वह अपने घर के बाहर पूजा पाठ के लिए फूल तोड़ने के लिए निकली थीं, इसी बीच दो अनजान युवक एक बाइक से आए और मेरे गले से सोने का चेन छीन फरार हो गए। उन्होंने बताया कि बाइक सवार एक युवक हेलमेट पहने हुए था, जबकि दूसरे ने अपना मुंह ढका हुआ था। जिस जगह पर यह घटना घटी वह शहर का सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है, यहां जिले के दूर दराज के लोग भी बाजार करने आते हैं। ऐसे में सुबह में इस जगह हुई घटना चर्चा का विषय बन गई। वहीं दूसरी ओर तिलैया थाना के पीछे भादोडीह में भी एक महिला से चेन छीनने का प्रयास हुआ। चेन स्नैचिंग से शहर में दहशत का माहौल है।

एक नजर में

## एसडीओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण, दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा (सिमरिया)।** एसडीओ सन्नी राज ने रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विधि व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में लगे गंदगी को देखकर भड़के। उन्होंने साफ सफाई में लापरवाही बरतने वाले स्वीपर व वार्ड को शॉ कोज किया। वही एसडीओ ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने अपने यूनिफार्म में अस्पताल में रहने को निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि अस्पताल में भीड़ कम हो इसके रजिस्ट्रेशन काउंटर और मेडिसिन डिस्ट्रीब्यूशन काउंटर की अलग से व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की मरम्मत 15 से 17 लाख रुपए से किया गया है। उन्होंने अस्पताल परिसर में दीदी कैफे खोलने का काम किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण, मेडिकल व हर्बल प्लांटेशन किया जाएगा। एसडीओ ने कहा कि परिसर में लगे पानी के सोर्सस पेयजल के द्वारा दुरुस्त किया जाएगा।एसडीओ ने कहा कि जितने भी रस्टेड आईटम्स है सभी पेंट किया जाएगा। एसडीओ ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को रात में भी मेडिसिंस अस्पताल से मिले, इसके लिए लिस्ट ऑफ एसेंशियल ड्रग्स की सूची बनाकर ड्यूटी में रहने वाले डॉक्टर को देने का निर्देश दिया। एसडीओ ने कहा कि अस्पताल के कायाकल्प के लिए छह सदस्यीय डॉक्टरों की टीम बनाई गयी है।

## अवैध कोयला वाहनों को किया जायेगा ब्लैकलिस्ट : सन्नी राज

खबर मन्त्र संवादाता




**चतरा।** जिले के सिमरिया अनुमंडल समीप सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज की अध्यक्षता में कुल परियोजना क्षेत्र में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक 15 मई 2025 को की गई थी। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने परियोजनाओं के पदाधिकारियों को साफ शब्द में निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चालकों के लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की सूचना मिलते रहती है। इसपर नियंत्रण लगाने हेतु अभियान मोड में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करें और इसके अलावे परियोजना क्षेत्र में निरंतर ड्रिंक एंड ड्राइव जांच, ओवर स्पीड जांच करें और दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप लगाना सुनिश्चित करें। अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के कोल परियोजना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने हेतु परियोजना के अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों द्वारा वाहनों का स्पीड जांच, ड्रिंक एंड ड्राइव जांच और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप समेत अन्य कार्य किए जा रहे है।

## अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम के लिए निरंतर छापेमारी का निर्देश



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने खनिजों के अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम 29 अप्रैल 2025 में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक कई दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक, आम्रपाली द्वारा बताया गया कि विगत बैठक में दिये गए निर्देश के अनुपालन में सीसीएल आम्रपाली प्रबंधन द्वारा फॉग कैनन -2 का उद्धाधन कर परिचालन प्रारंभ कर दिया गया है। आम्रपाली में रोड स्वीपिंग मशीन अभी आना बाकी है, जिसका परचेज ऑर्डर सीसीएल मुख्यालय से निर्गत किया जा चुका है। यथाशीघ्र उपलब्ध करने हेतु मुख्यालय से आग्रह किया गया है। इस पर उप विकास आयुक्त, चतरा द्वारा निर्देशित किया गया प्रबंधन द्वारा संचालित फॉग कैनन में जीपीएस मशीन का अधिष्ठापन करायेंगे तथा रोड स्वीपिंग मशीनों को शीघ्र ऑपरेशनल करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में कोयला लदे वाहनों से टण्डवा सिमरिया रोड में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए। सीसीएल प्रबंधन को निदेशित किया गया कि कोयला परिवहन कर रहे ट्रांसपाटर्स को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी, जिला चतरा को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत खनिज लदे वाहनों की जाँच में ई-परिवहन चालान की वैधता, ई-चालान पुनरावृत्ति, ओवर लोडिंगआदि बिन्दुओं की सघनता से जांच करेंगे। अनिबंधित वाहनों अथवा 18 वर्ष के कम आयु के चालकों के द्वारा खनिज लदे वाहनों के परिचालन करते पाये जाने पर वाहन को जप्त कर स्थानीय थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा को सूचित करेंगे। आंचलवार समीक्षा में अवैध खनन, परिवहन के विरूद्ध धीमी कार्रवाई पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों को विशेषकर सभी अँचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने क्षेत्रान्तर्गत अभियान में तेजी लाते हुए अवैध बालू,पत्थर , कोयला खनिज के मामले में अवैधकर्त्ता के विरूद्ध प्राथमिकी/नियमानुसार दण्ड राशि की वसूली की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध माह- अप्रैल तक का तुलनात्मक कार्रवाई प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2024- 25 में अप्रैल माह में खनिज लोड पकड़े गए 18 वाहनों को जप्त करते हुए 11 प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अवैध परिवहन में 30 वाहनों को जप्त करते हुए जुमार्ना राशि की वसूली 651830 रुपया की गई थी।

## सिविल डिफेंस वॉरियर्स पंजीकरण कैम्प का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को मेरा युवा भारत केन्द्र व महाविद्यालय के आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में सिविल डिफेंस वॉरियर्स पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कैम्प में उपस्थित बीएड प्रशिक्षुओं को नेहरु युवा केन्द्र के एपीए नय्यर परवेज द्वारा सिविल वॉलंटियर के रूप में पंजीकृत होने के लिए प्रोजेक्टर पर पीपीटी के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया को बताया गया। साथ ही सभी को ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। विदित हो कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत के सरकार द्वारा माई भारत पोर्टल के माध्यम से युवाओं को सिविल डिफेन्स भोलंटियर के रूप में संगठित किए जाने की महत्वाकांक्षी पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य आपातकालिन परिस्थियों जैसे प्राकृतिक आपदाओं, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा एवं पुनर्वास कार्यों में स्थानीय प्रशासन को सहयोग प्रदान करने हेतु एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी एवं अनुशासित युवा स्वयंसेवकों का गठन करना है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व एवं अनुशासन की भावना विकसित करेगी, अपितु उन्हें जीवन रक्षक व्यवहारिक प्रशिक्षण से भी सम्पन्न बनाएगी। जिससे वे संकट की घड़ी में देश एंव समाज की सेवा कर सकें। मौके पर सोनू कुमार, डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, कमलेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डॉ. हरचरण सिंह, शिक्षकेत्तर कर्मचारी समें कई लोग मौजूद थे।

# राष्ट्र गौरव का पुन: उत्थान का ले संकल्प : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** भारत विकास परिषद झुमरीतिलैया के तत्वाधान में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम से विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल चेचाई में मनाया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत गाकर की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विमल पच्चीसिया ने किया और स्वागत भाषण दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन छोटेलाल पांडेय ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र गौरव के पुनः उत्थान का संकल्प लेकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का नारी एवं राष्ट्र के उत्थान में अहम भूमिका रही है। अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर विद्यार्थियों ने विचार रखें। जिसमें सलोनी कुमारी, श्रेया कुमारी एवं अलेक्स गुप्ता को चुनकर उन्हें पुरस्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दो शिक्षकों में उत्तम कुमार एवं रानी देवी ने भी भाग लिया। उन्हें भी परिषद के द्वारा सम्मानित किया गया। अहिल्याबाई की जीवनी पर जयंती सेठ, लेभांशु कुमार सिटी मैनेजर झुमरी तेलिया नगर पालिका एवं झारखंड प्रदेश उत्तर प्रांत के उपाध्यक्ष कैलाश राणा ने भी समारोह को संबोधित करते हुए विचार रखें। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर की जीवनी एवं उनके महान कार्यों न्यायवादिता एवं नारियों के उत्थान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा वह एक राजमाता होकर हमेशा लोगों के लिए लोकमाता ही बनी रही। यह कार्यक्रम शाखा की महिला एवं बाल विकास संयोजक खुशबू गुप्ता की देखरेख में हुआ और इस कार्यक्रम के निर्देशक अनिल गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर दिलीप कुमार सिंह, ओमप्रकाश राय सहीत दर्जनों बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में अवॉर्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बीआर. इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में शुक्रवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा के शिक्षाविद् एवं सेवा निर्वित शिक्षक नवल किशोर सिंह, विशिष्ट अतिथियों में अभय कुमार, लायंस क्लब के अध्यक्ष गजेंद्र राम, अशोक सिंह एवं प्राचार्या डॉ.राखी शर्मा, निदेशक ओमप्रकाश राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। वहीं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्रा संजवी द्वारा गणेश वंदना पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत की जो उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

वहीं मुख्य अतिथि नवल किशोर सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुई कहा कि आज हम उन छात्रों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 50 प्रतिशत से कम राशि खर्च करने वाले मुखिया को

# स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा (सिमरिया)।** प्रखण्ड सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बीडीओ ने बताया कि बैठक में प्रखंड स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन एवं विधि व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए पदाधिकारीयों के साथ चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बीएन प्रसाद के दारा उपस्थित पदाधिकारियो ,मुखिया एवं कर्मियों का स्वागत के पश्चात बैठक कि कार्यवाही प्रारंभ किया गई। स्वास्थय विभाग के अंतर्गत मलेरिया एवं फाइलेरिया उन्मुलन अभियान पर चर्चा कि गई। राष्ट्रीय स्वास्थय नीति अंतर्गत फाइलेरिया उन्मुलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दो साल के उपर के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया कि दवा दि जाएगी। फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम चलाने हेतू ग्राम- डाड़ी का चयन किया गया। दिनांक 25 मई से 27 मई तक रक्त ब्लड संग्रह का कार्य किया जाएगा। डाड़ी पंचायत के मुखिया के द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार ग्राम पंचायत डाड़ी को टीबी मुक्त बनाया गया है उसी प्रकार फाइलेरिया मुक्त भी किया जाएगा। बैठक मे नही पहुंचने वाले मुखिया को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति तथा गुणवत्तायुक्त मध्यान भोजन एवं पढ़ाई की समीक्षा करने का निर्देश मुखिया को दिया गया। बैठक में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन का भौतिक सत्यापन का समीक्षा किया गया । सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को यथाशीघ्र पेंशन के लाभुको का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया । ढश्ळठ्ठ पिभीटीजी कल्याण अंतर्गत सभी आदिम जनजाति ग्रामो में चार दिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। पशुपालन विभाग अंतर्गत प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पशुओं को वैक्सीन लगाए जाने के लिए अभियान से संबंधित जानकारी दी गई । सभी मुखिया को पशुपालकों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। प्रखण्ड आपूर्ति अंतर्गत उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की जून माह में तीन माह का अनाज दिया जाएगा उसके लिए सभी मुखिया को कार्डधारियों को इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया गया ।इस बार माह - जून ,जुलाई एवं अगस्त का अनाज का वितरण किया जाएगा ।इसके लिए पंचायत स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक करने को कहा। 15वें वित अंतर्गत पंचायत वार समीक्षा की गई ।पंचायत को राशि प्राप्त होने के पश्चात भी राशि खर्च नहीं करने से पंचायत का विकास प्रभावित हो रहा है। ग्राम पंचायत बानासाड़ी, एदला, डाड़ी, सबानो एवं सेरनदाग के मुखिया को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया ।मनरेगा अंतर्गत रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, एनएम एस आधारित हाजिरी , एबीपीएस आधारित हाजिरी, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, एरिया आफिसर ऐप्प, जियोटेग कि समीझा कि गई। जांगी पंचायत में सबसे अधिक जियोटेग पेंडिग रहने के कारण रोजगार सेवक को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कम जियो टैग करने वाले पंचायत सचिवों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। सभी लंबीत आवास योजना क प्रखंड समन्वयक निरीक्षण करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे । बैठक में सभी विभागो के प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, एवं मुखिया उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को वन विभाग से समन्वय कर करें पूर्ण: उपायुक्त

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न, 36 नये योजनाओं के निर्माण की दी गई स्वीकृति

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला बैठक में जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं और स्वीकृत योजनाओं पर घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगामी योजनाओं और प्रस्तावों के अनुमोदन पर बैठक में उपायुक्त द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान लगभग 36 नए योजनाओं जैसे स्थानीय विकास, पीसीसी पथ, कृषि, पेयजल आपूर्ति, कलवर्ट, सामुदायिक भवन आदि से



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी

जुड़े योजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को अपने अपने स्तरों से क्षेत्र भ्रमण कर अधूरे निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कुछ नए योजनाओं के लिए प्रस्ताव की भी मांग की गई। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 और आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त द्वारा योजनाओं को समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं के सम्बन्ध में उन्होंने वन विभाग से समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी सरकारी भवनों में क्यूआर कोड अवश्य स्थापित करने की बात कही गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो और निर्धारित समय सीमा में सभी योजनाएं पूरी की जाएं। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और अपनी-अपनी योजनाओं की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक के दौरान ग्राम संपति पोर्टल पर आए शिकायतों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। संबंधित पदाधिकारी को उक्त शिकायतों की जांच कर कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला योजना पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### सालिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल मकरा में आयोजित समर कैंप संपन्न

**घाघरा।** सालिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल मकरा घाघरा में चल रहे छह दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को हुआ। समर कैंप में बच्चों ने योग, वृक्षारोपण, साफ सफाई, सेल्फ डिफेंस के टिप्स, पेंटिंग, थ्रीडी एनीमेशन तथा कोडिंग के सब्जेक्ट्स पर जानकारी दी गई। वहीं बच्चों ने कुकिंग कार्यक्रम में भी भाग लिया। जिसमें बच्चों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न व्यंजन बनाए गए। साथ ही कई चीजें सिखाई गई। निदेशक चंद्रकांत पाठक ने कहा विद्यालय में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने भाग लेकर आत्म संयम, सकारात्मक सोच, तकनीकी ज्ञान सहित जीवन मूल्यों को भी आत्मसात करने का प्रयास किया।

### भंडारे के साथ हनुमान बीज मंत्र व अन्य मंत्रो का हवन जाप कार्यक्रम हुआ संपन्न

**गुमला।** पालकोट के पंपापुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित हनुमान बीज मंत्र एवं अन्य मंत्रो का हवन जाप शनिवार को संपन्न हुआ। यक कार्यक्रम लगातार108 दिनों तक चला और समापन पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र से काफी संख्या में लोग में शामिल हुए। पंचमुखी हनुमान मंदिर के संस्थापक पुजारी शिवजी महाराज ने कहा कि विश्व में शांति की स्थापना के लिए 108 दिनों तक लगातार हनुमान के विभिन्न मंत्रों का हवन जाप किया गया और विश्व में शांति के लिए भगवान से आराधना की गई। पहले यह कार्यक्रम 91 दिनों के लिए शुरू की गई थी लेकिन इसे बढ़ाकर 108 दिनों तक किया गया।

### एंप्लॉई ऑफ द मंथ अवार्ड हेतु तीन साधन सेवियों के नाम हुआ घोषित

**गुमला।** उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में संचालित शिक्षा कर भेंट गतिविधि के अंतर्गत प्रोजेक्ट अजीत- प्रेरणा से परिवर्तन की ओर मॉडल के तहत एंप्लॉई ऑफ द मंथ अवार्ड की घोषणा की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा विद्यालय तथा शिक्षकों के समन्वय में नीचले स्तर पर अच्छा कार्य कर रहे संकुल साधन सेवियों एवं अन्य कर्मियों के सम्मान के उद्देश्य से एंप्लॉई ऑफ द मंथ अवार्ड अंतर्गत मई 2025 के लिए तीन संकुल साधन सेवियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मान हेतु चयनित किया गया है। जिसमें निशा कुमारी संकुल साधनसेवी राजकीय मध्य विद्यालय पतराटोली रायडीह, नमित कुमार संकुल साधनसेवी आर सी मध्य विद्यालय, करौंदाबेड़ा पालकोट व संतोष कुमार संकुल साधनसेवी राजकीय मध्य विद्यालय बेंदोरा चैनपुर का नाम शामिल है।

### आवास निर्माण कार्य को लेकर पंचायत सचिवों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**घाघरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत सचिवों की बैठक उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आवास योजना जैसे अबू आवास, जनमन आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा की गई। इस दौरान बीडीओ दिनेश कुमार ने पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा है कि आवास निर्माण योजना में तेजी लाएं। जिन लाभुकों का प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद भी कार्य प्रगति पर नहीं है तो वैसे लाभुकों से संपर्क करें और निमार्णाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

---

## इंटक यूनियन के मजदूरों ने अपने हक-हुकूक के लिए गुरदारी हिंडालको कार्यालय का किया घेराव

# पूंजीपति पैसा बहाएंगे, हम मजदूर पसीना बहाएंगे: आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक)की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरदारी माइंस के पंचायत भवन में यूनियन के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ में सबसे पहले वहां पर उपस्थित मजदूरों के द्वारा इंटक यूनियन के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू को माला पहनाकर स्वागत किया गया ।बैठक में मजदूरों ने बताया कि यहां दर्जनों जमीन मालिक है जिसकी जमीन से बॉक्साइट का उत्खनन करने के बाद उसका जमीन का समतलीकरण नहीं किया गया । यहां कई जमीन मालिकों का ट्रक है उसे नंबर नहीं दिया गया है। जमीन मालिकों से कंपनी एग्रीमेंट करती है लेकिन कागज उसे नहीं दिया जाता है। जहां से बॉक्साइट का उत्खनन होता है वहां से बस नहीं चलता है। स्थानीय लोगों को

**बैठक में 101 मजदूरों ने इंटक यूनियन की ली सदस्यता**



हिंडाल्को कार्यालय का घेराव करने जाते मजदूर

रोजगार कंपनी नहीं देता है। कंपनी द्वारा अच्छा अस्पताल नहीं बनाया गया है।

अच्छा स्कूल नहीं खोला गया है जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग श्री साहू से किया । बैठक को संबोधित करते हुए इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि पूंजीपति पैसा बहायेंगे और हम मजदूर पसीना बहायेंगे। अब गुरदारी माइंस में मजदूरों एवं जमीन मालिकों के साथ शोषण नहीं होगा तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा क्योंकि यहां इंटक यूनियन का गठन हो गया है। पूरे देश में इंटक ही एकमात्र मजदूर संगठन है जो मजदूरों का सच्चा हितैषी है और उसके हक -हकूक के लिए लड़ाई लड़ती है। जिस क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपया का बॉक्साइट का खनन होता है वह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। मजदूर एवं ग्रामीणों की स्थिति काफी दयनीय है। कंपनी इस क्षेत्र के विकास के लिए कुछ भी ध्यान नहीं देती। लोगों को जागरुक एवं संगठित होना तभी हिंडालको कंपनी मजदूरों का उसका हक उसे देगा। श्री साहू ने कहा कि मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय राजेंद्र बाबू हम सब के प्रेरणा स्त्रोत है उन्हीं के प्रेरणा से हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। अभी वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के नेतृत्व में हम लोगों को काम करने का मौका मिला है। स्थानीय सांसद सुखदेव भगत पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। सांसद के प्रयास से टूटवा कुजाम रोड से रमझरिया तक एवं कुजाम से छोटूंग पाठ तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई है जिसका निर्माण कार्य के लिए जल्द ही निविदा निकलेगा। बैठक में 101 मजदूरों ने इंटक यूनियन की सदस्यता ग्रहण किया जिसका इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने स्वागत किया। सभा के बाद पंचायत भवन से सैकड़ो मजदूर आलोक कुमार साहू एवं दीपदयाल सारस के नेतृत्व में जुलूस निकाला किया जो हिंडालको कार्यालय पहुंचा जहां मजदूरों द्वारा कार्यालय के घेराव किया गया एवं वहां मजदूरों द्वारा जमकर नारेबाजी की गई और कंपनी को चेतावनी दिया गया कि मजदूरों के पेट में लात मारोगे तो इंटक यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम में दीपदयाल सारस,अनिल असुर, पीटर बेंग, मुखिया पुष्पा चौराठ, महात्मा उरांव, कुणाल अभिषेक, डॉक्टर रीगन साहू, रोहित बैंक मदन मुंडा वसंत सीटू प्रताप बेंग, निर्मन केरकेट्टा, कुलदीप सारस, विजय टोप्पो, दीपक असुर, विनोद मुंडा, प्रकाश एक्का सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

### जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

**गुमला।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डुमरी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें अबुआ आवास योजना से संबंधित 1 मामला, जन्म प्रमाणपत्र से जुड़े 2 मामले, राशन कार्ड में नाम संशोधन के 2 मामले, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन संबंधी 1 मामला तथा पेंशन से संबंधित 5 मामले शामिल थे। बीडीओ ने बैंक प्रबंधक से संपर्क कर लाभुक के खाते की लिमिट बढ़ाने का निर्देश दिया।

# विहिप एवं बजरंग दल का अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग शिविर 27 मई से 6 जून तक : रितेश कुमार

## पूरे झाराखण्ड राज्य के 24 जिलों से 400 युवा होंगे प्रशिक्षण शिविर में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** विहिप एवं बजरंग दल का अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग शिविर 27 मई से 6 जून तक शीला देवी विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए विहिप के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि सनातन युवाओं की 11 दिवसीय प्रशिक्षण व्यवस्था निःशुल्क होगा, इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान परिषर से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। इस प्रशिक्षण में पूरे झाराखण्ड राज्य के 24 जिलों से 400 युवा प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में फौजियों की तरह अनुशासन, शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के



बैठक में मौजूद लोग

प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें प्रान्त अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह, बजरंग दल प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो, जिला अध्यक्ष रितेश कुमार, जिला मंत्री रंजीत कुमार, नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा बैठक कर संयुक्त निर्णय लिया गया । आगामी 27 मई 2025 से विहिप/बजरंग दल का प्रशिक्षण शिविर लोहरदगा जिला में लगाने का निर्णय लिया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर स्थानीय शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर लगाया जाएगा। जिसमे आर्मी की तरह युवाओं को ट्रेंड/ प्रशिक्षित किया जाएगा।

### श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भक्ति व आस्था के रस में डूबे

**गुमला।** सदर प्रखंड के मुरकुंडा गांव में आयोजित भागवत कथा में शुक्रवार की देर शाम छठवें दिन श्रीकृष्ण रूक्मणी विवाह प्रसंग पर सुंदर झांकी की प्रस्तुती की गयी और कथा सुनाया गया। जिसे देख कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। कथा वाचक व्यास प्रदीप शास्त्री जी महराज ने श्रीकृष्ण व रूक्मणी विवाह का वर्णन किया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु आस्था व भक्ति के रस में गोते लगाते रहे। वहीं कलाकारों ने कृष्ण रूक्मणी विवाह की झांकी प्रस्तुत की। जिसे देखकर लोग श्रीकृष्ण के जयकारे लगाये। वहीं भजन गीतों से सभी श्रोता झूमने लगे। कथा वाचक व्यास जी महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रूक्मणी के साथ संपन्न हुआ।

---

## एक नजर में

### कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी, उनके बीच रहकर कार्य करूंगा : डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** शनिवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय एवं विधायक कार्यालय लोहरदगा पहुँच पार्टी पदाधिकारी, कार्यकताओं एवं आमजनों से मिले । जहाँ कार्यकताओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आमजनों एवं कार्यकताओं ने लिखित आवेदन के साथ विभिन्न समस्याओं को विधायक के बीच में रखा जिसपर विधायक ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान किया । मौके पर कहा कि मैं लोहरदगा की जनता का आभारी हूँ जिन्होंने मुझे दोबारा सेवा कार्य के लिए चुना है और यहाँ के कार्यकर्ता ही मेरी पूँजी है। मैं जनता के बीच रह कर कार्य करूंगा और विधायक निधि के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य तेजी से किया जाएगा । जनता किसी भी समस्या को बेझिझक सामने रख सकती है सभी का समाधान किया जाएगा । इस मौके पर ज़िलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, खुर्सिद रूमी,सोमनाथ मुंडा ,ज़िप अध्यक्ष रीना कुमारी, मोहन दूबे,युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महिला ज़िला अध्यक्ष सीमा परवीन, सेवादल अध्यक्ष संभु प्रजापति, सामुल अंसारी,ठाकुर प्रसाद, डोमना उराँव,रविन्दर खेरवार,सदरुल अंसारी,अनिस अहमद, युनुस अंसारी, जुगल भगत,तनवीर गौहर, मुनीम अंसारी,सत्यदेव भगत, जमील अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी, संजय नायक,राजू उराँव, इकरामूल अंसारी, संतोष महतो, रौनक इकबाल, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, रेहान अख़्तर, कैश आलम, दानिस अली, मुजाहीर अंसारी आदि मौजूद थे।

### चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा कमेटी विस्तार आज

**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की आज रविवार को 10:00 पूर्वाहन यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की कमेटी विस्तार पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कमेटी का विस्तार किया जाएगा एवं समाज की उत्थान के लिए क्या कदम उठाने चाहिए इस पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। जो कमेटी के विस्तार के बाद पदाधिकारी बनेंगे उनको दायित्व देते हुए संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने एवं समाज में ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर के समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। इस हेतु जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने जिला के सभी चंद्रवंशी भाइयों से अपील की है कि वह समय पर इस बैठक में उपस्थित हों। जिससे कमेटी का विस्तार किया जा सके एवं समाज के प्रति सजग होनहार और समर्पित लोगों को समाज से जोड़कर पद दिया जा सके ।जिससे समाज लाभान्वित हो और समस्याओं के निराकरण में उनका सहयोग मिल पाए। इस निमित्त चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रवक्ता सागर वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा झारखंड में लोकतांत्रिक तरीके से किसी भी जाति का चुनाव कराने वाली पहली समाज है ।इस चुनाव में बहुत से अच्छाइयां एवं कमियां सामने आई है। इन पर समीक्षा की जाएगी तथा संगठन की गतिविधियों का समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। संगठन विस्तार के साथ-साथ संगठन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का संतुलन एवं अच्छा सामंजस्य से बनाते हुए कमेटी का विस्तार किया जाएगा। अब तक ग्रामीण क्षेत्र संगठन से पूर्णतया जुड़ नहीं पाया था। किंतु जाति जनगणना के बाद उनका जुड़ाव समाज से अच्छी तरीके से हो पाया है। पहली बार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी लगा कि हम समाज से जुड़े हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के ऊजार्वान एवं समाज के प्रति अच्छी सोच रखने वाले लोगों को संगठन में स्थान दिया जाएगा तथा उनके सुझाव पर कार्य करने की योजना बनेगी। सभी लोग कमेटी विस्तार के कार्यक्रम में अवश्य उपस्थित हो ।जिससे संगठन में अच्छे लोगों की भागीदारी सही रूप में हो पाए और ऊजार्वान साथी संगठन में जगह पाने से वंचित न रह जाए।

### कोलसिमरी गांव में सांसद के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से कुडू प्रखंड के कोलसिमरी गांव में 25 केवी के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया ।जिसका उद्घाटन कुडू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लाल बिकास नाथ साहदेव ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जनहित में सांसद सुखदेव भगत लगातार कार्य कर रहे है। जनता की जो भी समस्या उन तक पहुंचती है उसका तुरंत निदान करना उनकी प्राथमिकता होती है। मौके पर विनोद उरांव, संतोष गोप,मोनु महतो, व्यास पासवान, रंजित महली, सतेन्द्र यादव,सुनिल महली,फागुन उरांव,नितिन महतो,काशी महली,दशरथ भगत, बसंती देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थे।

**सरना कोड और पेसा कानून जल्द लागू करने की मांग को लेकर**

### 26 को करेंगे राजभवन का घेराव: डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के मौजूदगी में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमे राज्य में पेशा कानून लागू करने और आदिवासियों के धार्मिक पहचान सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झारखंड कांग्रेस द्वारा 26 मई को आहूत राजभवन घेराव के मुद्दे को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर पूर्व वित मंत्री सह लोहरदगा से कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की दी जानकारी। कांग्रेस पार्टी द्वारा 26 मई को पेशा कानून और सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर राजभवन का घेराव कर राज्य सरकार से झारखंड में पेशा कानून लागू करने और राज्यपाल पर राष्ट्रपति से सरना धर्म कोड लागू करने का दबाव बनाएगी। मौके पर पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सभी जगहों पर पेशा कानून लागू हो चुका है लेकिन सिर्फ झारखंड और उड़ीसा में लागू नहीं हुआ है। झारखंड में हमारी सरकार है और सरकार से जल्द पेशा कानून लागू करने का मांग करेंगे जिससे हमारी आदिवासियों की संस्कृति सभ्यता और समाज का विकास होगा साथ ही आदिवासियों की धार्मिक पहचान के लिए सरना धर्म कोड लागू होना चाहिए। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन सहित सभी धर्मों का एक अपनी पहचान तो आदिवासियों को क्यों नहीं केंद्र सरकार अपनी पहचान देती है। आदिवासियों के अस्तित्व के लिए और धार्मिक पहचान के लिए हम केंद्र सरकार से जल्द सरना धर्म कोड लागू करने का मांग करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत,सोमनाथ मुंडा,खुर्शीद अहमद रूमी,मोहन दुबे,निशीथ जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

---

## ग्राम सभा का हुआ आयोजन



बैठक में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखिया सुमित्रा उरांव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित वार्ड सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे में प्राप्त सूची को पढ़कर बताते हुए पूर्व में लाभ प्राप्त लाभुकों की सूची को पहचान कर हटाते हुए उसके स्थान पर नए लाभुकों का चयन करने को लेकर चर्चा किया गया।


बैठक में मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि जो भी अयोग्य लाभुकों का सूची बना हुआ है उसको निष्पक्ष होकर हटाने से कोई योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

## ई-जनशिकायत निवारण दिवस पर

# डीसी ने सुनी समस्या अधिकारियों को दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को ई-जनशिकायत कार्यक्रम के तहत जारी एवं भरनो प्रखंड के नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर समस्याएं सुनी और समाधान का अश्वासन दिया। कार्यक्रम में जारी एवं भरनो प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी समस्या रखी। इन समस्याओं में पुल निर्माण,जलमीनार,सड़क निर्माण, मंईया सम्मान योजना,पेयजल



ऑनलाइन लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त

समस्या, सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं, राशन कार्ड में नाम जोड़ने,आवास, जलमीनार मरम्मती एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया।

# जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन, 40 मामलों का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को बसिया प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत एवं अंचल अधिकारी नरेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विभिन्न विभागों एवं अंचल से संबंधित जन शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। शिविर में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई।



जन शिकायत निवारण दिवस पर शामिल लोग

जिनमें से 5 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। इस दौरान आवास योजना से संबंधित 3 मामला, राशन कार्ड में नाम संशोधन के 1 मामले, पेंशन से संबंधित 02 मामले शामिल थे, वहीं आंचल कार्यालय से पंजी 2 ऑनलाइन से संबंधित 22 मामले, अवैध जमीन पर कब्जा से जुड़े 05 मामले, दाखिल खारिज संबंधित 05 मामले, पंजी 2 का नकल से संबंधित 01 तथा सड़क दुर्घटना अनुग्रह राशि हेतु 01 मामले देखने को मिले। अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंचल अधिकारी बसिया ने कहा कि सभी आवेदनों पर त्वरित कारवाई किया जाएगा, एवं नागरिकों की सुविधा के लिए अब बसिया प्रखंड में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया ने भी बसिया प्रखंड के नागरिकों से अपील की कि सभी बसिया प्रखंड एवं अंचल क्षेत्र के सभी नागरिक प्रत्येक सप्ताह शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय बसिया में आयोजित होने वाले जन शिकायत निवारण दिवस में अवश्य आएं, सभी नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में अब सभी प्रखंड में भी जन शिकायत निवारण दिवस का नियमित रूप से आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, ताकि नागरिकों की हर समस्या के लिए मुख्यालय तक की दूरी तय करने की आवश्यकता ना पड़े।

# 10 लाख का इनामी पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादी मुठभेड़ में ढेर

**लातेहार में पुलिस की बड़ी कामयाबी** | **5 लाख का इनामी सुदेश गंझू भी मारा गाया, एक गिरफ्तार** | **पप्पू लोहरा के खिलाफ 98 मामलें दर्ज है प्रभात के खिलाफ 15**

## उग्रवादी सरेंडर करें नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें: आइजी सुनील भास्कर

➲ लातेहार को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: एसपी कुमार गौरव

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के कुख्यात एरिया कमांडर और 10 लाख के इनामी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा व सब जोनल कमांडर एवं 5 लाख का इनामी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गंझू को जिला पुलिस की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया। मारे गये नक्सलियों की पहचान पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा उर्फ सोमेद लोहरा पिता गरजू मिस्त्री उर्फ रामवृक्ष लोहरा (निवासी : लुंडी, थाना कोने, लातेहार) और सबजोनल कमांडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गंझू पिता जगदेव गंझू (निवासी : सा0-डोकर, लक्षीपुर थाना बालूमाथ) के रूप में हुई। दोनों लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और कई गंभीर मामलों में वांछित थे। पुलिस के मुताबिक, पप्पू लोहरा 2009-10 से जेजेएमपी से जुड़ा था और उसने पुलिसकर्मियों की हत्या, रेलवे लाइन उड़ाने, रंगदारी वसूली और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कई संगीन अपराधों को अंजाम दिया था। उस पर कई थानों में दर्जनों मामले दर्ज थे।



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते आइजी, डीआइजी, एसपी।

इस बड़ी कार्रवाई पर पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर एवं डीआईजी वाई एस रमेश और लातेहार एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। आइजी सुनिल भास्कर ने कहा कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा हैं इसी अभियान के तहत पप्पू लोहरा मारा गया। उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस बलों की संयुक्त रणनीति से यह सफलता मिली है। आईजी सुनील भास्कर ने इस दिन को लातेहार पुलिस के लिए गौरव का दिन बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और संयम का परिचय दिया। उग्रवादी सरेंडर करे नही तो पुलिस अपना कारवाई करेगी। बता दें कि जेजेएमपी संगठन लातेहार और आसपास के जिलों में सक्रिय था और लंबे समय से पुलिस की रडार पर था। हाल के महीनों में पुलिस ने इस संगठन के खिलाफ कई प्रभावी अभियान चलाए हैं। शुक्रवार की रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई को नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कदम माना जा रहा है। एसपी कुमार गौरव ने स्पष्ट किया कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा और लातेहार को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार का बदला आज हुआ पूरा : डीआईजी

जेजेएमपी के मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के डिप्टी कमांडेंट शहीद राजेश कुमार का बदला लातेहार पुलिस ने शनिवार को ले लिया है। पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने कहा कि अपने कर्तव्य को निर्वहन करते हुए डिप्टी कमांडर राजेश कुमार ने अपने प्राणों की आहुति दी है, उनके कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे वीरगति पाने वाले पुलिस अफसरों को हमेशा याद किया जाएगा। ज्ञात हो कि लातेहार थाना क्षेत्र के नावागढ़ पंचायत के सलैया जंगल में 28 सितंबर 2021 को झारखंड जनमुक्ति परिषद जेजेएमपी उग्रवादियों से लोहा लेते हुए डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार शहीद हो गए थे।

### सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता : प्रतुल



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार के ईचाबार जंगल में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू को मार गिराने की घटना को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता बताया। प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के समन्वय में से राज्य सरकार लगातार नक्सली उन्मूलन के लिए ऑपरेशन चल रही है। हर जिले में बड़ी सफलता मिल रही है। लातेहार में लातेहार पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने पप्पू लोहरा को मार कर ग्रामीणों को आतंक और व्यवसायियों को फिरौती वसूलने के दंश से मुक्त कराया है। प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट कहा है कि 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सली मुक्त कर लिया जाएगा। हाल के दिनों में लातेहार में उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलताएं मिली हैं। प्रतुल ने आशा व्यक्त किया कि लातेहार जिले से भी शीघ्र उग्रवाद का शीघ्र समूल नाश हो जाएगा। नक्सली अब सिमट कर छोटे इलाकों में छुपने को मजबूर हैं। झारखंड को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में ये एक मजबूत कदम है। प्रतुल ने ऑपरेशन की सफलता के लिए लातेहार पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल एवं झारखंड पुलिस का साधुवाद किया।

### पप्पू लोहरा 98 मामलें दर्ज है

पप्पू लोहरा पर पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों में कुल 98 मामले दर्ज हैं। 28.09. 2021 में लातेहार के नावाडीह जंगल में पुलिस की जेजेएमपी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के एजी-35 के उप समादेष्टा राजेश कुमार सिंह शहीद हो गये थे. उस मुठभेड़ में एक उग्रवादी विनोद भुईयां उर्फ कुंदन जी (बालजोरी, लेस्लीगंज) मारा गया था। उस मुठभेड़ में दो उग्रवादी शामिल थे। 07.10. 2024 को लातेहार थाना के बोकाखाड़ व ओरवाई में जेजेएमपी के पप्पू लोहरा व झारखंड जगुआर के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें सअनि नागेंद्र पांडेय व आरक्षी रामसिंह सुरीन के पैर में गोली लगी थी। इस मुठभेड़ में भी दोनो शामिल थे। उन्होंने बताया कि लातेहार थाना के बरैनी गांव में 12 मार्च 2021 को जेजेएमपी के उग्रवादियो ने विशुन देव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पप्पू लोहरा व उसके साथियों ने सात दिसंबर 2018 को मनिका के कुमंडीह में पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी को गोली मार कर हत्या की थी, 18.05. 2020 को जेजेएमपी के पप्पू लोहरा व उसके सदस्यों ने लातेहार के सुकरी गांव के उमेश प्रसाद की धारदार हथियार से हत्या कर शव को एनएच-75 पर देववार मोड़ के पास फेंक दिया था। 21.07.2020 को पप्पू लोहरा व उसके साथियों ने लातेहार के मुगीडीह ग्राम निवासी कलटू उरावं की हत्या कर शव को सड़क में फेंक दिया था। 17.11. 2020 को पप्पू लोहरा व उसके सदस्यों ने चंदन तूरी, सोनू तूरी (ओल्हेपाट, बालूमाथ) को गोली मार कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के क्रम में चंदन तूरी की मौत हो गयी थी। इसके आलावे सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी के खिलाफ लातेहार और लोहरदगा में 15 मामले दर्ज हैं।



जेजेएमपी सुप्रीमों पप्पू लोहरा।



सबजोनल कमांडर सुदेश गंझू।

### छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी

कुमार गौरव एसपी लातेहार, अरविन्द कुमार एसडीपीओ, संजीव कुमार मिश्र डीएसपी मुख्यालय, प्रमोद कुमार सिंह पुनि, उमेश प्रसाद सिंह पुनि, रामाकान्त गुप्ता पुअनि, राहुल सिन्हा पुअनि, रविन्द्र महली पुअनि, सअनि उमापद महतो सैट 1, व सैट 1 के सशस्त्र बल।

## शादी समारोह से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर गिरा, तीन लोग घायल

खबर मंत्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ- रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर मकईया ताड़ पुलिस पिकेट के समीप शुक्रवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे नगर मंदिर चंदवा से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे एक ही परिवार के तीन लोग मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अशोक कुमार ठाकुर 40 वर्ष पिता सूरज ठाकुर एवं उसकी पत्नी रीना देवी 35 वर्ष एवं उसका पुत्र राहुल कुमार 18 वर्ष तीनों ग्राम सिमरिया एक मोटरसाइकिल में सवार होकर नगर मंदिर चंदवा से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर सिमरिया जिला चतरा वापस जा रहा था इसी बीच मकईया ताड़ पिकेट के समीप एक कोयला लदा हाइवा चकमा दे दिया जिससे असंतुलित होकर तीनों गिर गए ।बालूमाथ पुलिस के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई।

## चंदवा: कॉंग्रेस नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद का हुआ भव्य स्वागत

## कार्यकर्ताओं ने प्रखंड की समस्याओं से कराया अवगत

➲ लातेहार में संविधान बचाओ रैली में शामिल होने पहुंचे थे धीरज प्रसाद साहू

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटि चंदवा ने शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष असगर खान की अगुवाई में पूर्व राज्यसभा सांसद सह कांग्रेस के लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद का भव्य स्वागत किया। स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में कार्यकर्ताओं से संगठन पर तथा समस्याओं पर भी चर्चा की। धीरज प्रसाद साहू लातेहार में पार्टी की ओर आहूत संविधान बचाव रैली में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की कई समस्याओं को रखने का काम किया। कहा कि कोल ब्लॉक की कंपनी जबरन रैयतों से जमीन लेना चाह रहे हैं, बिना पुनर्वास किए, नियमित को ताक में रखकर कंपनी कार्य कर रहा है। कंपनी रोजगार और नौकरी की कोई बात ही नहीं करना चाहती है। इससे रैयतों का भरोसा कंपनी से टुट रहा है। चंदवा अंचल कार्यालय में जनता का कार्य कम कंपनी का कार्य ज्यादा हो रही है। कारपोरेट के कार्यों में सिर्फ अधिकारियों की रुची रहती है, इसपर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि समस्या समाधान के लिए बहुत ही जल्द चंदवा में एक बैठक रखी जाएगी। कोल ब्लॉक एरिया में इंटक का संगठन बनाने की बात भी कही है। मौके पर संतोष प्रसाद साहु, मोफील खान, समसुल खान, इस्तेखार अहमद, प्रशांत जयसवाल डब्लू, सदाम खान, श्रीराम शर्मा, शिश आलम, दामोदर उपाध्याय, मो छोटू, अमीत कुमार, इसरोज राय, बजरंगी सिंह, मो शफीक व अन्य मौजूद थे।



समस्याओं को लेकर बात करते धीरज प्रसाद साहू।

## अंचलाधिकारी ने जेंडर रिसोर्स केंद्र का किया उद्घाटन



केंद्र का उद्घाटन करते अंचल अधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जेंडर रिसोर्स केंद्र का उद्घाटन बालूमाथ अंचल अधिकारी विजय कुमार एवं मुखिया बालूमाथ नरेश लोहरा ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। मौके पर वो विजय कुमार ने बताया कि केंद्र में महिलाओं को सशक्त बनाने संबंधित कार्य किए जाएंगे। जिसमें महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, डायन प्रथा की शिकार महिलाओं एवं लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा उन्होंने संस्था के लोगों से अधिक से अधिक महिलाओं को जागरुक कर सशक्त बनाने की अपील किया। मौके पर संस्था की जिला प्रबंधक एसएमआईबी रोसलिया, गंगा नाग, ललिता देवी, सरस्वती साहू, सोनी देवी, लवली कुमारी, किरण राणा, नीतू देवी के अलावा ओम प्रकाश सिंह बीपीएम सुनील सिंह, कलस्टर कोऑर्डिनेटर राजन कुमार, विवेक कुमार गुप्ता समाजसेवी श्यामसुंदर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आधार मोबाइल अपडेट को लेकर जारी है कैंप

**चंदवा।** कामता पंचायत सचिवालय में शनिवार से आधार मोबाइल अपडेट कैंप की शुरुआत हुई। पंचायत के ग्रामीणों ने अपना आधार मोबाइल अपडेट कराया। वहीं चंदवा पूर्वी व पश्चिमी में उस शिविर की शुरूआत अब तक नहीं हो सकी है। इस संबंध में चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता देवी से पूछे जाने पर उन्होने बताया कि आधार ऑपरेटर का मशीन खराब है। उन्होंने ऑपरेटर से उसे जल्द ठीक करवाने की बात कही। बतादें कि ग्रामीण पंचायत सचिवालय जा कर वापस लौट जा रहे हैं। विदित हो कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों का आधार मोबाइल अपडेट नही होने के कारण उन्हें लाभ लेने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु 22-30 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विशेष रूप से आधार मोबाइल अपडेट कैंप आयोजित की गई है।

## अधिकारों की अनदेखी से आक्रोशित जिला परिषद सदस्य, 3 जून को करेंगे धरना प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित अध्यक्ष व सदस्य।

**बरवाडीह।** शनिवार को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में जिला परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने की। इस दौरान सदस्यों ने 3 वर्षों के कार्यकाल के बावजूद अधिकारों और सम्मान से वंचित रहने पर नाराजगी जताई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि परिषद की नियमित बैठकें नहीं हो रहीं, न ही उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। परिषद के अधीनस्थ अधिकारी और कर्मी भी सदस्यों के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही कई योजनाओं को जानबूझकर रोका गया है और पूरी हो चुकी योजनाओं का भुगतान भी लंबित रखा गया है। अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि बार-बार समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, इसलिए अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है। बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 3 जून को जिला मुख्यालय में सामूहिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि सभी सदस्य रांची जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और अपनी मांगें नहीं मानी गईं तो सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। बैठक में कन्हाई सिंह, विनोद उरांव, बृहेश्वर उरांव, प्रियंका कुमारी, संतोषी कुमारी, स्टेला नगेसिया, प्रतिमा देवी, जीरा देवी, सरोज देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## बिना वैकल्पिक व्यवस्था के एक भी दुकान नहीं हटाए प्रखण्ड प्रशासन : दीपक राज

खबर मंत्र संवाददाता



दुकानें हटाने के निर्देश देते सीओ।

**बरवाडीह।** बरवाडीह बस स्टैंड परिसर में वर्षों से दुकानें चला रहे छोटे दुकानदारों को हटाने की प्रक्रिया के विरोध में व्यवसायिक समिति ने स्पष्ट रुख अपनाया है। समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने कहा है कि जब तक पुनर्वास की ठोस व्यवस्था नहीं होती, तब तक किसी भी दुकानदार को विस्थापित नहीं होने दिया जाएगा। दीपक राज ने कहा कि यह सिर्फ एक दुकान की बात नहीं है, यह उन सैकड़ों परिवारों की जीविका से जुड़ा सवाल है। प्रशासन को पहले नई दुकानों का निर्माण कार्य शुरू करना चाहिए, उसके बाद ही हटाने की बात होनी चाहिए। गौरतलब है कि लगभग आठ माह पूर्व जिला परिषद द्वारा 26 नई दुकानों के निर्माण की योजना घोषित की गई थी। इसके तहत 8 और 9 अक्टूबर 2024 को 26 दुकानों की जगह न जाने कितने बाहरी और अन्य लोगों से 10,000 और 500 रुपये के ड्राफ्ट के रूप में राशि भी जमा कराई गई। परंतु आज तक न तो कोई निर्माण शुरू हुआ और न ही कोई स्पष्ट दिशा दी गई है। दीपक राज ने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना विकल्प दिए विस्थापन अन्यायपूर्ण होगा। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो व्यवसायिक समिति संघर्ष का रास्ता अपनाने पर मजबूर होगी। स्थानीय लोगों और दुकानदारों में इस मुद्दे को लेकर भारी असंतोष है। सभी की एक ही मांग है, पहले नई दुकानें बनें, फिर हटाने की बात हो।

## सरहुल पूजा श्रद्धा पूर्वक हुआ संपन्न



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मनिका पंचायत में दिन शनिवार को पंचायत स्तरीय सरहुल पूजा श्रद्धा पूर्वक संपन्न हुआ। वहीं बाजारटांड़ स्थित गांव के देव स्थल पर बैगा के द्वारा गांव में सुख-शांति को लेकर विधिवत पूर्वक पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। बता दें कि गांव में सरहुल पूजा के दौरान बिना पूजा संपन्न हुए किसी के घर खाना नहीं बनाने,दुकान नहीं खोलने,किसी प्रकार का काम-काज नहीं करने,समेत इत्यादि का रिवाज सदियों से चलता आ रहा है। वहीं पूजा संपन्न होने के बाद सभी कामकाज करने की अनुमति दे दी जाती है,जिसे गांव के सभी लोग श्रद्धा पूर्वक मानते हैं और नियमों का पालन करते हैं। मौके पर गांव के प्रधान रजत कुमार, विकास प्रसाद, बिहारी पासवान, विशाल पासवान, चंदन प्रजापति, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महुआमिलान श्रमिक सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड जमीरा की बैठक

## 27 मई को विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों के द्वारा किया जाएगा शांति पूर्ण प्रदर्शन

➲ विस्थापन एवं पूर्णवास नीति का कठोरता से पालन सुनिश्चित हो: रैयत

खबर मंत्र संवाददाता



**चंदवा।** महुआमिलान श्रमिक सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड जमीरा के बैनरतले एस्सार प्लांट से विस्थापित एवं प्रभावित गांव के रैयतों की बैठक शनिवार को अनगड़ा स्थित एस्सार प्लांट परिसर के समीप संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जमीरा पंचायत के पूर्व मुखिया बैजू मुंडा ने की। बैठक में अनगड़ा चतरो स्थित एस्सार पावर लिमिटेड को यथावत स्थिति में टेक ओवर करने वाली कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड से विस्थापित एवं प्रभावित रैयतों के नौकरी, रोजगार एवं विस्थापन एवं पूर्णवास नीति का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराने को लेकर 27 मई को आहूत एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की सफलता एवं जन भागीदारी को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। विस्थापित व प्रभावित रैयतों ने बताया कि वर्ष 2007-08 में 1200 मेगावाट का थर्मल पावर संयंत्र स्थापित करने को लेकर हमलोगों से जमीन लिया था। 22 बिंदुओं पर एकरारनामा के साथ 524 एकड़ जमीन एस्सार कंपनी ने हम सभी से लिया था, उस समय हम सभी को झांसा दिया था कि विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का पालन किया जाएगा, लेकिन किसी कारणवश कंपनी 2012 में बंद हो गई, जिसके बाद एनसीएलटी कोर्ट के द्वारा प्लांट को दिवालिया घोषित कर 2020 से चल रहे परिसमापन प्रक्रिया में अंतिम में इस कंपनी को कॉरपोरेट गोइंग ऑन कंसर्न बेसिस पर सफल बोलीदाता के रूप में उड़ीसा एलॉय प्राइवेट लिमिट रेशमी मेटल को हैंड ओवर कर दिया गया है। प्लांट को टेक ओवर करने वाली नई कंपनी से अपने हक एवं अधिकारों को लेकर हम सभी मंगलवार को एकत्र होंगे व शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रखेंगे। बैठक में चंद्रदीप कुमार, मैनेजर उरांव, अरुण ठाकुर, सजीव कुमार, मनजीत गंझू, प्रमोद गंझू, कामेश्वर गंझू, दीपक निषाद समेत अनगड़ा, चतरो, अर्धे, लोहसिंगना, महुआ मिलन, तुपी समेत कई गांव के लोग मौजूद थे।

## सरकारी आंगनबाड़ी भवन की ईंटें निजी मकान में इस्तेमाल, बीडीओ से कारवाई की मांग



आवेदन सौंपते पंचस पति अफजल अंसारी।

**बरवाडीह।** लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखंड स्थित पोखरीकला गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां सरकारी आंगनबाड़ी भवन की ईंटें निकालकर एक व्यक्ति ने अपने निजी मकान के निर्माण में इस्तेमाल कर लीं। मामला गांव के लोहार टोला का है, जहां वर्ष 2008-09 में बच्चों के देखभाल और पोषण के लिए एक आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया था। शनिवार को क्षेत्र भ्रमण पर निकली पंचायत समिति सदस्य असमीना बीबी ने जब स्थल का निरीक्षण किया, तो वहां भवन नदारद था। पूछताछ में पता चला कि गांव के ही निसार अहमद, पिता दरबारी मियां ने भवन की ईंटें हटवाकर अपने घर के निर्माण में लगा दी हैं। हैरानी की बात यह है कि इन ईंटों का एक हिस्सा अभी भी उनके घर के बाहर खुले में पड़ा हुआ है। इस संबंध में असमीना बीबी ने बीडीओ को आवेदन देते हुए कहा कि यह केवल सरकारी संपत्ति की चोरी नहीं, बल्कि ग्रामीण बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक भवन नहीं, बच्चों के अधिकार और सुविधाओं की लूट है। अब सवाल यह है कि प्रखंड प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या कदम उठाएगा या चुप्पी साधे रहेगा।

स्पीड न्यूज

## गोमिया प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में प्रखंड प्राधिकार समिति की बैठक की गई। इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांध के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक को झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के कंडिका 11 (आइआइआइ) में पंचायत/प्रखंड, प्रशासनिक–सह–अनुशासनिक समिति को प्रदत अधिकार के आलोक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांध के सहायक अध्यापक ओमशंकर रजक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सहायक अध्यापक के पद से पदमुक्त कर दिया गया।

## जेएसएलपीएस में जुड़ने से महिला हो रही है आत्मनिर्भर

**बेरमो।** नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट पेक क्लस्टर की राधा आजीविका सखी मंडल की जेंडर सीआरपी सुनीता देवी के द्वारा खेतों में हल जोतने का प्रयास किया जा रहा है। नावाडीह प्रखण्ड भलमारा क्लस्टर के ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन दीपू अग्रवाल ने कहा कि जेएसलपीएस के में जुड़ने से महिला हर वर्ग पे अपनी क्षमता को दिखा रही है एक समय ऐसा था कि महिला घर से नहीं निकलती थी लेकिन वर्तमान समय को देख के लग रहा है कि महिला किसी से कम नहीं है। घर की चौखट से निकल कर कोई भी योजना हो आ किसी भी विषय के बारे लोगों को जागरूक भी करने का प्रयास कर रही है। खुद से अपनी आमदनी कर आजिविका बढ़ा रही है ओर आत्मनिर्भर बन रही है। साथ ही हर समय सरकार के द्वार अनेकों योजना पे अपनी योगदान दे के लोगो को जागरूक भी कर रही है।

## बीएसएल के इस्पात भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के इस्पात भवन में आपातकालीन स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान निदेशक प्रभारी बीके तिवारी अधिशासी निदेशक एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। मॉक ड्रिल में सबसे पहले सायरन बजा कर सभी को बाहर सुरक्षित स्थान पर निकलने हेतु अलर्ट किया गया। वैसे लोग जो बिल्डिंग में ऊपर के तल पर थे– उन्हें सीआईएसएफ फायर विंग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालने के लिए एरियल हाइड्रोलिक रेस्क्यू प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया। ड्रिल में सभी को आपातकालीन स्थिति में क्या सावधानियां बरतनी है– उसके विषय में बताया गया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने मॉक ड्रिल की अहमियत को रेखांकित करते हुए आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इसे आवश्यक बताया। मॉक ड्रिल का आयोजन सीजीएम बीके सरतपे के दिशा-निर्देश में सम्पन्न हुआ।

## लीगल वालंटियर्स ने बोतलबंद पानी व ओआरएस किया वितरित

**बोकारो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गर्मी की विभीषिका से लोगों को राहत पहुंचाने हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत न्याय सदन बोकारो से चलंत प्याऊ रथ को आज दूसरे दिन रवाना किया गया जिसमें लोगों के बीच वितरित करने हेतु ओआरएस पानी की बोतल इत्यादि सुविधा उपलब्ध थी। उक्त चलंत प्याऊ रथ के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वालंटियर्स एवं अधिकार मित्रों द्वारा बोकारो के राम मंदिर पत्थरकट्टा चौक सेक्टर– 5 हटिया मोड़ सेक्टर 4जी मोड़ मारुति शोरूम लक्ष्मी मार्केट बीजीएच मोड़ विश्वकर्मा चौक सेक्टर 6जी आदि जगहों पर ओआरएस एवं बोतलबंद पानी का वितरण किया गया।

# बिजली-पानी की समस्या से नाराज लोगों ने घंटो किया सड़क जाम

### नाराज ग्रामीणों ने दुमका-पाकुड़ एवं दुमका-रामपुरहाट सड़क किया घंटो जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** तीन दिन पूर्व आई आंधी पानी ने ऐसा कहर से बिजली विभाग अभी तक उबर नहीं सका। जगह-जगह विशाल पेड़ गिरने की वजह से बिजली के तार क्षतिग्रस्त और ट्रांसफार्मर खराब होने से लोगों के सामने बिजली और पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे नाराज लोगों जगह-जगह सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर कुरूवा गांव के समीप और एसपी कॉलेज से आगे दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर लोगों ने जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जाम से सड़क के किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग बिजली ठीक करने की मांग को लेकर घंटो सड़क जाम कर रखा। बाद में स्थानीय प्रशासन एवं विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति कराने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।


जाम कर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

## पूर्व प्रतिनिधि ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**गोमिया।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद के निदेर्शानुसार, उनके पूर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार साव ने गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत हरदियामो गाँव में 63 केबीए का नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन नारियल फोड़ और फीता काटकर किया। इसके उपरांत यहां बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ हो गई वही साव ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री क्षेत्र के हर समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बताया गया कि पूर्व में यहां 25 केबीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था, लेकिन इसके खराब होने के बाद ग्रामीणों की सूचना और आग्रह पर अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया गया है .इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित दर्जनों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

## नागरिक अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बोकारो हवाई अड्डा के मुद्दे पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में धनबाद के सांसद ढुलू महतो से उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। वार्ता के क्रम में सांसद से निवेदन किया गया कि बोकारो का एयर पोर्ट लगभग तीन वर्षों से बन कर तैयार है मगर आपसी टालमटोल वाली गलत नीति के कारण यह हवाई अड्डा अभी तक चालू नहीं हो पा रहा है जिसका खामियाजा बोकारो और आसपास की जनता को भुगतना पड़ रहा है। बोकारो एयरपोर्ट के चालू नहीं होने से यहां के व्यवसायियों व पर्यटन स्थलों और उद्योगों को तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही यहां के हजारों बच्चे जो बाहर पढ़ते हैं या नौकरी करते हैं उन्हें भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद ने गंभीरता से सारी बातों को सुनने के बाद कहा कि वे अपना पूर्ण प्रयास कर इसे जल्द चालू कराने हेतु राज्य सरकार और केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय से बात करेंगे। सांसद ने कहा कि वे शुरू से ही चाह रहे हैं कि बोकारो एयरपोर्ट जो लगभग बनकर तैयार हो गया है वह जल्द चालू हो जाए मगर राज्य सरकार इस क्षेत्र की लगातार अनदेखी कर रही है। प्रतिनिधिमंडल में शशि भूषण ओझा मुकुल रघुवर प्रसाद वीरेंद्र चौबे लक्ष्मण शर्मा और प्रेमन गिरी सम्मिलित रहे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने फलों से कार्बाइड मुक्त अभियान चलाया

**दुमका।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने फलों से कार्बाइड मुक्त दुमका की शुरूआत की है। इस संबंध में किं एफडीए बुईलडींग दुमका में जिले में फलों के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं, चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित खाद्य कारोबारियों को सूचित किया गया कि कार्बाइड का इस्तेमाल कर फलों को पकाने से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। साथ ही फलों की गुणवत्ता एवं सेल्फ लाइफ में गिरावट होती है।

## नगर परिषद के सफाई कर्मियों की सभी मांगे हुई पूरी, हड़ताल हुआ समाप्त

**गोड्डा।** झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मियों का जारी हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गया। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार एवं लोकल बॉडीज फेडरेशन के सदस्यों के बीच सफल वार्ता के बाद सफाई कर्मियों के सभी मांगों को पर सहमति बनी तथा हड़ताल समाप्ति की घोषणा की गई।

## दुमका पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम


छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाते पुलिस पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पुलिस कप्तान एसपी पितांबर सिंह खेरवार के निदेर्शानुसार डीएसपी, मुख्यालय के नेतृत्व में एनसीसी छात्राओं के बीच साईबर ठगी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हुआ। साइबर विशेषज्ञ नगर थाना इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने आर्चरी मैदान में एनसीसी की बालिकाओं को जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में दुमका पुलिस द्वारा डायल-112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर की उपयोगिता, आवश्यकता एवं पुलिस द्वारा किए जाने वाले क्विक रिस्पांस के बारे में जानकारी दिया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट का इस्तेमाल,नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दहेज प्रथा, डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न एवं नशाखोरी से पड़ने वाले बुरे प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। साइबर सुरक्षा से संबंधित डिजिटल अरेस्टिंग, ओटीपी शेयर नहीं करना, अनजाने लिंक एवं एपीके को डाउनलोड नहीं करना, अपने किसी पर्सनल इनफॉरमेशन को साझा नहीं करना एवं साइबर ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल कर या साईबर क्राईम के बेवसाईप पर अपनी शिकायत दर्ज करने से संबंधित जानकारी दिया गया।

## ह्यूमैनिटी सेवियर्स ने रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो में लगाया रक्तदान शिविर

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स बोकारो द्वारा निफा संस्था के संवेदना- २ अभियान के तहत रेड क्रॉस ब्लड बैंक बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष एवं संवेदना 2 के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरबंस सिंह सलूजा ने किया। शिविर में जहां रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं युवाओं ने भी जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर अपना कर्तव्य निभाया। शिविर में मुख्य रूप से दो युगल जोड़ी श्वेता - गौरव रस्तोगी एवं विधि - विजय अग्रवाल ने रक्तदान कर मिसाल कायम की। शिविर में कुल 36 यूनिट रक्तदान हुआ। संस्था की माया राय ने कहा कि आज के सभी रक्तदाताओं को देश के महान शहीदों के रिश्तेदारों द्वारा हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

# रोल ग्राइंडिंग मशीनों का नवीनीकरण

### गुणवत्ता एवं परिचालन दक्षता में प्रभावी प्रगति



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के आरजीबीएस के अंतर्गत एचआरएम शॉप में स्थित रोल ग्राइंडिंग मशीनें सीएनसी- 9 और सीएनसी-10 का सफलतापूर्वक नवीनीकरण किया गया है। इस महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन का औपचारिक उद्घाटन ईडी-संकार्य सीआर महापात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में आरजीबीएस विभाग के सीजीएम केके पांडे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवीनीकरण कार्य में विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं मैसर्स मैक्सिस मोशन की टीम के समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस नवीनीकरण के फलस्वरूप सीएनसी मशीनों से उत्पादित रोल की गुणवत्ता तथा परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जो हॉट स्ट्रिप मिल के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। मुख्य अतिथि श्री महापात्रा ने विभाग की प्रतिबद्धता तकनीकी दक्षता और सतत सुधार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस उन्नयन को बीएसएल की उत्पादन क्षमताओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसी प्रकार समर्पण भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम-सीईडी शालिग्राम सिंह सीजीएम-एचएसएम वीके सिंह सीजीएम-सीआरएम-3 आरके झा सीजीएम-एचआरसीएफ पीके वर्मा तथा आरजीबीएस विभाग के जीएम पीपी राव एवं नागेश रामटेके समेत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन एजीएम- आरजीबीएस नंद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में- नेतृत्व की सीख एवं हर स्थिति में सफलता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी तथा पूर्व निदेशक-कार्मिक सेल बीबी सिंह उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में सीजीएम सुश्री नीता बा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ईडी सुश्री बनर्जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ उठाने और स्वयं को अस्थिरता- अनिश्चितता - जटिलता व अस्पष्टता के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण अधिकारियों के व्यक्तिगत एवं पेशेवर दक्षता लचीलापन और नेतृत्व प्रभाव को सशक्त करने हेतु डिजाइन किया गया था।

# भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा /महगामा।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ललमटिया थाना अंतर्गत एक सफेद बोलेरो से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर बिहार राज्य ले जा रहा है। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना से बोआरीजोर की ओर प्रस्थान किया जैसे ही लोहंडिया बाजार से थोड़ा आगे बढ़े ही थे की बोआरीजोर के तरफ से आ रही एक सफेद बोलेरो पुलिस गाड़ी को आते देख बोलेरो के चालक कुछ दूर पहले ही गाड़ी को खड़ा कर भागने लगे एवं उक्त चालक को पुलिस बल के सहयोग से दौड़ा कर पकड़ा गया पकडाये बोलेरो के चालक से नाम पता पुछने पर वो अपना नाम प्रिंस कुमार पोद्दार बताया। वहीं उक्त बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अलग-अलग ब्रॉड का शराब पाया गया। ड्राईवर द्वारा इसका कोई बैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त बोलेरो एवं शराब को विधिवत जप्त करते हुये, चालक प्रिंस कुमार पोद्दार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रिंस कुमार पोद्दार, उम्र 25 वर्ष, पिता निरंजन पोद्दार, सा० गोरगामा, थाना बौंसी, जिला बांका (बिहार) के रूप में की गई। उक्त छापेमारी में एक सफेद बोलेरो रजि० नंबर बीआर 10पीए 2541, हरा सफेद रंग के बोरा में गॉडफादर केन बीयर (500 मिली) 120 पीस, सफेद पीला रंग के बिमल बैग में स्टर्लिंग रिजर्व बी7 (750 मिली)- 30 पीस, नील रंग के राजनिवास बैग में सिग्नेचर (750 मिली) 05 पीस, ब्लेंडर्स प्राइड (750 मिली) 14 पीस, सैमसंग कम्पनी का मोबाईल मॉडल नंबर एम 55,8/256 जीबी बरामद किया गया। उक्त छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक बिरेन्द्र पासवान, बोआरीजोर प्रभाग, गोड्डा, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार, ललमटिया थाना प्रभारी, गोड्डा, पुलिस अवर निरीक्षक, प्रभाष दास, ललमटिया थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अश्विनी कुमार, ललमटिया थाना, सहायक अवर निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार यादव, ललमटिया थाना, सहायक अवर निरीक्षक, सरोज सोरेन, ललमटिया थाना, आरक्षी/55 रामप्रवेश यादव, ललमटिया थाना, ललमटिया थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

एक नजर में

## साइबर ठगों ने वृद्ध के खाते से अवैध रूप से की 22,100 रुपये की निकासी, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरगंगटी ग्राम निवासी कल्याणी देवी के बैंक खाते से किसी साइबर अपराधी द्वारा तीन दिन में कुल 22 हजार 100 रुपए की अवैध रूप से निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कल्याणी देवी द्वारा ठाकुर गंगटी थाना में आवेदन दिया गया है और इस घटना की जानकारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा ठाकुर गंगटी के अधिकारियों को भी दे दी गई है। पीड़िता कल्याणी देवी और उनके पति शशिधर ठाकुर उर्फ लोकनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 15 मई को वे लोग बाहर थे।

बंगाल से वापस आते समय रास्ते में किसी साइबर अपराधी द्वारा अवैध रूप से इनके खाते से 49 सौ रुपए, 16 मई को 72 सौ रुपए और फिर 18 मई को 10 हजार रुपए राशि की निकासी कर ली गई। उन्होंने बताया कि 15 मई को निकासी की गई राशि का कोई भी मैसेज मोबाइल फोन में नहीं आया, लेकिन 16 मई को निकासी की गई राशि का मैसेज मोबाइल पर आया तो शशिधर ठाकुर ने सोचा कि बीते दिनों उन्होंने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण लिया था, हो सकता है शायद बैंक के अधिकारी या कर्मी द्वारा उनके खाते से राशि का स्थानांतरण किया गया होगा। लेकिन जब 19 मई को वे भारतीय स्टेट बैंक के ठाकुरगंगटी शाखा में इस बात का पता लगाने पहुंचे तो बैंक के अधिकारियों द्वारा स्टेटमेंट निकाल कर दिया गया और कहा कि बैंक द्वारा उनके खाते से किसी भी प्रकार की राशि का की स्थानांतरण नहीं किया गया है। बैंक द्वारा पता लगाया जाएगा की कैसे इस राशि की निकासी अवैध रूप से की गई है। वही एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने बताया कि यह भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से नहीं बल्कि किसी अन्य बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र से किसी अज्ञात द्वारा अवैध रूप से राशि की निकासी की गई है।

वहीं बैंक के अधिकारी द्वारा पीड़ित को थाना में आवेदन देने को कहा गया। जिसके बाद पीड़ित ने थाना में जाकर उक्त मामले का आवेदन दिया और उसकी प्रतिलिपि बैंक के अधिकारी को शुक्रवार को देने गए।

तब बैंक कर्मी ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी 26 मई को आईए, पता लगाकर राशि वापस कराने का प्रयास किया जाएगा। वहीं पीड़ित परिवार ने बैंक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से जल्द राशि वापस कराने का आग्रह किया है।

## बारिश के कारण ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र की सड़कें बनीं तालाब, यातायात प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** जिले भर में शुक्रवार को जमकर हुई बारिश के बाद ठाकुरगंगटी प्रखंड में कई सड़कें जलमग्न हो गई। वहीं प्रखंड अंतर्गत परासी मोड़ से तेतरिया तक जाने वाली सड़क महुआरा गांव का मुख्य सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गया।

पानी का निकास नहीं होने के कारण करीब दो सौ फिट की लंबी दूरी तक पूरा सड़कों पर पानी फैला रहा, जिस वजह से पूरा सड़क तालाब में तब्दील हो गया है। वहीं उक्त स्थान पर 90 डिग्री मोड रहने के कारण और भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क के दोनों किनारे खाई होने के कारण वाहन चालकों को वाहन पार करने के दौरान कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। मालूम हो कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या में छोटी से लेकर बड़ी वाहनों का परिचालन होते रहता है जो मिजाचौकी रेलवे स्टेशन को जोड़ता है। स्थानीय ग्रामीण मुकेश कुमार मंडल, गगन मंडल, पंकज कुमार यादव, डब्लू यादव, दिलीप कुमार मंडल आदि ने बताया कि बारिश होने पर सड़कों की भयावह स्थिति पैदा हो जाती है उक्त स्थान पर जलजमाव के कारण सड़कों का नामोनिशान तक पता नहीं चल पाता है। बाबजूद स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि एक तो पीडब्लूडी विभाग की ओर से परासी से तेतरिया तक सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना था पर संवेदक की लापरवाही के कारण गांव के साथ साथ अन्य स्थानों पर आज भी आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है जिस कारण आए दिन राहगीरों के साथ साथ ग्रामीणों को घनघोर परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने युवा तीरंदाजों और कोच को किया सम्मानित

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल की ओर से चलाई जा रही ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने सियालजोरी में एक सम्मान समारोह आयोजित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा तीरंदाजों और उनके सभी कोच को सम्मानित किया। 2020 में शुरू हुए अकादमी के खिलाड़ियों ने अब तक 190 से ज्यादा पदक जीते हैं। हाल ही में हुई 15वीं झारखंड राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में भी अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सम्मान पाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में चितरंजन टुडू-1 स्वर्ण बानी कुमारी और तन्नू कुमारी-2-2 स्वर्ण सत्यमी कुमारी और सुहाना परवीन जैसे नाम शामिल हैं। वहीं कृतिका कुमारी को लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए एक विशेष रिकर्व धनुष दिया गया। इस कार्यक्रम में अकादमी के मुख्य कोच बुद्धेश्वर मुर्मू सहायक कोच संजू कुमारी और शारीरिक कोच एसपी घोष को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के उप निदेशक-केंद्रीय इंजीनियरिंग दुर्गा प्रसन्ना पांडा बोकारो जिला तीरंदाजी संघ की सचिव अंजला सिंह स्थानीय प्रतिनिधि सरपंच रफीक आलम और पंसस पशुपति महतो भी मौजूद रहे।

### पेज एक का शेष

## झारखंड के विकास में केंद्र की मदद जरूरी : हेमंत

**परिवहन सेवाओं का विस्तार हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रेल परिचालन विस्तृत की जाये और कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित किया जाये। प्रदेश का साहेबगंज जिला कार्गो हब की दृष्टि से बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है, जो सीमावर्ती राज्यों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसी जिले में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण या उच्च स्तरीय बांध बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रेटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता देना पड़ेगा। राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने से सामान्य परिचालन में सुविधा बढ़ जाएगी।

## जेजेएमपी सुप्रीमो समेत दो नक्सली ढेर

**लोहरा को मिलने वाली थी मौत की सजा:** जेजेएमपी के कमांडर बनने से पहले पप्पू लोहरा माओवादियों के 42 नंबर प्लाटून का कमांडर था। माओवादियों का 42 नंबर प्लाटून लातेहार के कुजरूम गारू से लोहरदगा के पेशरार इलाके तक सक्रिय था। 2009-10 में पप्पू लोहरा पर माओवादियों के टॉप कमांडरों ने गड़बड़ी का आरोप लगाया था। उसी दौरान लातेहार के कुजरूम में माओवादी जनअदालत लगाकर पप्पू लोहरा को मौत की सजा देना चाहते थे, लेकिन जनअदालत लगने से पहले पप्पू लोहरा माओवादियों के चंगुल से भाग गया। उसी दौरान वह जेजेएमपी में शामिल हुआ।

## केरल पहुंचा मानसून, 16 साल बाद इतनी जल्दी एंट्री

**केरल में बारिश शुरू:** मइस समय अरब सागर के पूर्वी मध्य भाग में और दक्षिण कोंकण तट के पास एक स्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, जो अब एक डिप्रेशन (अवसाद) में बदल चुका है। इसके प्रभाव से केरल में बारिश की गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

स्पीड न्यूज

## बक्सर में 4 लोगों की गोली मारकर हत्या

**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह आपसी विवाद में चार लोगों की हत्या। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को अहियापुर गांव निवासी सुनील यादव और उसके भाई विनोद यादव का गांव के कुछ लोगों के साथ गिट्टी-बालू बेचने को लेकर विवाद हुआ था। सुबह नहर के समीप अपराधियों ने सुनील यादव और उनके परिवार पर हमला कर दिया। सुनील यादव, विनोद यादव और वीरेन्द्र यादव की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये।

## गुजरात के कच्छ से जासूस गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के एटीएस ने कच्छ से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में सहदेव सिंह गोहिल (28) को गिरफ्तार किया है। गोहिल गुजरात के कई स्थानों की गुप्त जानकारी एकत्र करके पाकिस्तान को भेज रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं।

## भागलपुर में इनामी अपराधी गुरुदेव ढेर

**भागलपुर।** नवगछिया जिले के रंगरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी गुरुदेव मंडल मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुदेव मंडल साथियों के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था।

## असम में उल्फा का कमांडर गिरफ्तार

**तिनसुकिया।** सेना एवं पुलिस ने में शनिवार सुबह तिनसुकिया जिला के जागुन, टिंकोपानी क्षेत्र से असम में उल्फा का ऑपरेशन कमांडर स्वयंभू ब्रिगेडियर रूपम असोम को गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर को सर्वसम्मति से समर्थन

## नीति आयोग की बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की सेना और प्रधानमंत्री की सराहना

एजेंसी

**▸▸ तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : सुब्रमण्यम**



**नयी दिल्ली।** नीति आयोग की संचालन परिषद की दसवीं बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों तथा सरकार के नेतृत्व के प्रति पूरे समर्थन तथा एकजुटता का भाव दिखा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी इसी तरह की एकजुटता, दृढ इच्छाशक्ति और उत्साह से काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को भारत मंडपम में दिन भर चली बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रमण्यम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक में 31 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों ने हिस्सा लिया। सुब्रमण्यम ने प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए कहा कि आज की चर्चा बहुत सार्थक और सकारात्मक रही। सुब्रमण्यम ने कहा कि बैठक में ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर पूरी तरह एकजुटता दिखी। सभी वक्ताओं ने भारतीय सैन्य बलो के शौर्य और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय साजो सामान और स्वदेशी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के परिणामों का भी उत्साहजनक संदेश मिला है जिसका देश में विनिर्माण के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की गाड़ी तभी तेजी से बढ़ेगी जब केन्द्र एवं राज्य साथ साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राज्य की थीम पर इस बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की सोच एक प्रवाह बन गयी है जिसमें सभी राज्य इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से विकास करने की क्षमता है और केन्द्र तथा राज्यों के सामूहिक प्रयासों से देश अगले ढाई से तीन वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की इस वार्षिक बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इनसे देश के विकास को दिशा, गति एवं ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्य विकसित राज्य के लिए अपना अपना विजन दस्तावेज जल्दी तैयार करें जिसमें नीति आयोग मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और गुजरात ने क्रमशः 2.4 लाख करोड़ और 3.5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम इंडिया की भावना से ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है जैसे पूर्ण स्वराज्य का लक्ष्य 15 वर्ष में पूरा किया गया था। हमारे पास 22 वर्ष हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यों को सलाह दी है कि वे बीच की अवधि के लिए भी अपने लिये लक्ष्य तय करें। डा. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि कारोबारी सुगमता के लिए राज्यों में जटिलाएं एवं बाधाएं दूर होनी चाहिए और ये काम जिला एवं नगर निगम स्तर तक किया जाना चाहिए।

## बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख बने रहेंगे मोहम्मदयूनुस

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे। उनके मंत्रिमंडल के एक सलाहकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। दो दिन पहले यूनुस के एक प्रमुख सहयोगी ने कहा था कि वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। अब उन्होंने इसे पूरी तरह से नकार दिया है। शनिवार को सलाहकार परिषद की एक गैर-निर्धारित बैठक के बाद योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने कहा कि यूनुस ने यह नहीं कहा था कि वह पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा था कि हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाएं आ रही हैं, लेकिन हम उन पर काबू पाने की कोशिश रहे हैं। महमूद ने कहा कि मोहम्मद यूनुस निश्चित रूप से अपने पद पर बने रहेंगे।

# अनुष्का के साथ 12 साल से रिलेशनशिप में हैं तेज प्रताप


एजेंसी



**पटना ।** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर अपने प्रेम का इजहार किया। अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि मैं और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने हिम्मत करके फेसबुक के माध्यम से अपने दिल की बात साझा करने का फैसला किया है। तेज प्रताप का एक अलग रूप देखने को मिला। वे एक ऐसे इंसान के तौर पर दिखे जो प्यार में है और अपने रिश्ते को दुनिया से छुपाना नहीं चाहता। उन्होंने ये भी लिखा कि आशा करता हूं आपलोग मेरी बातों को समझेंगे। अनुष्का यादव के बारे में तेज प्रताप ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है। लेकिन तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अनुष्का किसी राजनीतिक परिवार से नहीं हैं।

2018 में ऐश्वर्या से हुई थी तेज प्रताप की शादी : 2018 में तेज प्रताप की शादी ऐश्वर्या राय से हुई थी लेकिन ये शादी ज्यादा दिन नहीं चली और तलाक तक पहुंच गई।

## जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन



**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मुकुल देव ने वर्ष 1996 में टीवी सीरियल मुमकिन से अपने करियर की शुरूआत की थी। मुकुल देव ने वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की। पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन की भी यह पहली फिल्म थी। मुकुल देव ने कई सन ऑफ सरदार, यमला पगला दीवाना, किला, कोहराम और जय हो जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने हिंदी के साथ ही पंजाबी, बंगाली, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू की 60 से अधिक फिल्मों में काम किया।



## कांस में आलिया ने किया धमाकेदार डेब्यू

**मुंबई । बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लोरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था। आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं।**

# इंदिरा गांधी ने कच्छ की भूमि पाकिस्तान को दी थी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 1968 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भारत का एक हिस्सा पाकिस्तान को दे दिया था। यह हिस्सा गुजरात के कच्छ का रण था, जो 828 वर्ग किलोमीटर का था। दुबे ने कहा कि 1965 में भारत ने पाकिस्तान को युद्ध में हराया था। इसके बावजूद, कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के लिए हामी भर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत को अपनी जमीन पाकिस्तान को देनी पड़ी। दुबे ने एक दस्तावेज का हवाला देते हुए बताया कि पूरी संसद के विरोध के बाद भी भारत पाकिस्तान के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया और मध्यस्थ भी बनाया। उन्होंने पर अपने पोस्ट में इंदिरा गांधी को तंज भरे अंदाज में उन्हें आयरन लेडी बताते हुए दावा किया है कि

**इंदिरा गांधी आयरन लेडी थी, डर से नीलाम किया : निशिकांत दूबे**



डर कर उन्होंने हमारा हिस्सा नीलाम कर दिया। दुबे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज की कहानी बहुत ही दर्दनाक है। कांग्रेस पार्टी ने 1965 का युद्ध जीतने के बाद गुजरात के रन ऑफ कच्छ का 828 वर्ग किलोमीटर पाकिस्तान को 1968 में दे दिया । भारत पाकिस्तान के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाए, मध्यस्थ बनाया, यूगोस्लाविया के वकील अली बाबर को हमने नियुक्त किया । पूरी संसद ने विरोध किया, लेकिन इंदिरा गांधी तो आयरन लेडी थी, डर कर हमारा हिस्सा नीलाम कर दिया । यही आयरन लेडी का सत्य है ।

Radisson
JAMSHEDPUR

WE ARE
NOW OPEN




Radisson Hotel Jamshedpur opens its doors in the heart of the Steel City
Set within City Centre Mall, Bistupur, the hotel blends a convenient location with thoughtful hospitality.
Choose from 105 luxurious rooms and suites, indulge in deliciousness at Saranda, our all-day dining restaurant, or unwind at Palaash, our Premium Lounge Bar.
Rejuvenate with wellness at our Spa and Fitness Centre. Host grand gatherings at Subarnrekha, our Ballroom featuring the largest pre-function space in the city.
Whether you're here for business or leisure, this is where your journey feels seamless.

SIMPLY DELIGHTFUL

RADISSON HOTEL JAMSHEDPUR
P&M AND HI-TECH CITY CENTRE MALL, BISTUPUR, JAMSHEDPUR 831001, JHARKHAND, INDIA
PHONE: +91 +91 6573507400 - E MAIL : INFO.JAMSHEDPUR@RADISSON.COM
RADISSIONHOTELS.COM/RADISSON